* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 324


अगस्त में घटकर 6.83 फीसदी रह गयी खुदरा महंगाई
आरबीआइ ने 2023-24 के लिए लगाया यह अनुमान








### शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा-सह-परिसंपत्ति वितरण समारोह में शामिल हुए सीएम

# चुनौतियां कितनी भी आयें, राज्य को लेकर आगे बढ़ेंगे : हेमंत सोरेन



- मानकी, मुंडा, माझी, जोग, गोड़ेत, नाई, परगनैत को मिलेगा आवासः मुख्यमंत्री
- हेमंत ने नौजवानों से राइस मिल लगाने के लिए आगे आने की अपील की
- 11.14 लाख लाभुकों के बीच 757 करोड़ की परिसंपत्तियों का किया वितरण
- अमर शहीद सबुआ हांसदा और वीर सपूत गणेश हांसदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुरुकोचा (चाकुलिया)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि देश की सुरक्षा की बात हो या जल-जंगल-जमीन और पर्यावरण को बचाने की। अन्याय और शोषण का विरोध हो या फिर अपने मान-सम्मान और हक-अधिकार की लड़ाई। झारखंड के आदिवासी-मूलवासी ना कभी झुके हैं और ना कभी रुके हैं। हर मोर्चे पर संघर्ष करते रहे हैं। आगे भी करते रहेंगे। इन्होंने कभी भी अपने वसूलों से समझौता नहीं किया। इतिहास गवाह है कि यहां के अनेकों वीरों ने समाज और देश की खातिर अपनी कुबार्नी दी है। हम सभी को अपने इन अमर शहीदों पर गर्व है। मुख्यमंत्री मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया स्थित कुरुकोचा में शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा-सह-परिसंपत्ति वितरण समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में जनजातीय पारंपरिक शासन व्यवस्था के पदाधिकारी मानकी-मुंडा, माझी, जोग, गोड़ेत, परगनैत आदि को सरकार द्वारा आवास देने की घोषणा की।

## झारखंड वीरों की धरती

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वीरों की धरती है। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो- कान्हू, तिलका मांझी और नीलांबर पीतांबर जैसे अनेकों वीर शहीदों ने अंग्रजों और शोषण तथा अन्याय के खिलाफ संघर्ष का नेतृत्व करते-करते अपनी शहादत दे दी। आज भी कई ऐसे वीर शहीद हैं, जो गुमनाम हैं। उनकी पहचान कर उन्हें सम्मान देने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। शहीदों और उनके परिजनों को पूरा मान सम्मान देना हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अनेकों ऐसे चौक-चौराहे हैं, जहां शहीदों की प्रतिमा लगी है। इनकी प्रतिमाएं हमें इनके शहादत को याद कराती है।

## राज्य के विकास को गति देने का काम निरंतर जारी रहेगा

हेमंत सोरेन ने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी है, कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। सरकार बनने के साथ कोरोना महामारी ने हमें घेर लिया। जब कोरोना से जंग में जीत हासिल हुई, तो कम बारिश की वजह से सुखाड़ की परिस्थितियां पैदा हो गयी। हमारी सरकार इन चुनौतियों से निपटते हुए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य और राज्यवासियों को मजबूती देने का काम कर रही है। हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि परिस्थितियों चाहे कैसी भी हो, राज्य के विकास को गति देने का काम निरंतर जारी रहेगा।

## खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दे रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कई निर्णायक कदम उठाये हैं। पहली बार राज्य में खेल नीति बनायी गयी है। इस नीति के तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक हासिल करने वालों की सरकारी नौकरियों में सीधी नियुक्ति की जा रही है। शहीद पोटो हो योजना के तहत खेल मैदान विकसित किया जा रहे हैं। सिदो कान्हू क्लब के माध्यम से खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री वितरित करने के साथ आर्थिक मदद भी की जा रही है। हमारी कोशिश है कि खेलों के माध्यम से भी नौजवान आगे बढ़े और अपने परिवार राज्य और देश का नाम रोशन करें।

## लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

मुख्यमंत्री ने 11 लाख 14 हजार 756 लाभुकों के बीच 757 करोड़ 4 लाख 99 हजार 900 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर मंत्री चम्पाई सोरेन और बन्ना गुप्ता के अलावा विधायक रामदास सोरेन, सविता महतो, मंगल कालिंदी व समीर मोहंती, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे समेत अन्य उच्चाधिकारी मौजूद थे।

### न्यूज रील्स

## मणिपुर के कांगगुई में फायरिंग, तीन की मौत

इंफाल। मणिपुर के कांगपोकपी में मंगलवार को फायरिंग में 3 लोगों की मौत हो गयी। अज्ञात हमलावरों ने कांगगुई इलाके में इरेंग और करम वैफेई गांव के बीच सुबह करीब 8.20 बजे ग्रामीणों पर अंधाधुंध फायरिंग की। इधर, प्रदेश भाजपा के 23 विधायकों ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पास किया, जिसमें उन्होंने 10 कुकी विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कुकी विधायक राज्य में अलग प्रशासन की मांग कर रहे हैं। भाजपा विधायकों ने इस मांग के विरोध में अपने प्रस्ताव को लेकर सीएम एन बीरेन सिंह से भी मुलाकात की।

## लैंड फॉर जॉब्स केस में लालू यादव के खिलाफ चलेगा केस

- केंद्र सरकार ने सीबीआइ को दी मंजूरी
- तेजस्वी की चार्जशीट पर अब 21 सितंबर को सुनवाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** लैंड फॉर जॉब्स मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू यादव पर केस चलेगा। सीबीआइ को केंद्र सरकार से इसकी इजाजत मिल चुकी है। एक महीने पहले सीबीआइ ने केंद्र से लालू के खिलाफ मुकदमा चलाने की इजाजत मांगी थी।

सीबीआइ ने मंगलवार को दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ कथित लैंड फॉर जॉब्स केस में ताजा आरोप पत्र के संबंध में गृह मंत्रालय से मंजूरी मिल गयी है। गौरतलब है कि लैंड फॉर जॉब मामला तब का है, जब लालू यादव रेल मंत्री थे, इसलिए इसमें गृह विभाग से अनुमति की जरूरत थी। सीबीआइ ने बताया कि हमने लालू के अलावा रेलवे के तीन अधिकारियों के खिलाफ भी केस चलाने की मंजूरी मांगी थी, जो फिलहाल नहीं मिली है। उम्मीद है कि एक हफ्ते में इजाजत मिल जायेगी।

उधर, डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर सीबीआइ की ओर से दायर चार्जशीट पर दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में मंगलवार को होने वाली सुनवाई टल गयी है। अगली सुनवाई की तारीख 21 सितंबर तय की गयी है। सूत्रों की माने तो लैंड फॉर जॉब्स मामले में यह नया केस है। पुराने केस में पहले ही राजद सुप्रीमो लालू यादव, बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी और बेटी और सांसद मीसा भारती जमानत पर हैं। नये केस में भी लालू और राबड़ी को आरोपी बनाया गया है।

## डीजल गाड़ियों पर टैक्स नहीं बढ़ेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सरकार के पास डीजल गाड़ियों पर अतिरिक्त 10 फीसदी टैक्स बढ़ाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी। दरअसल, केंद्रीय मंत्री ने मंगलवार को सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के 63वें एनुअल कन्वेक्शन में कहा था कि डीजल से चलने वाली गाड़ियों और जनरेटरों का जरुरत से ज्यादा इस्तेमाल जारी रहता है, तो हर डीजल इंजन पर 'पॉल्युशन टैक्स' के रूप में एडिशनल 10% एडिशनल टैक्स बढ़ाने के लिए मैं वित्त मंत्री से बात करूंगा। इसके बाद मीडिया में डीजल गाड़ी पर 10 फीसदी टैक्स लगाने की खबरें चलने लगीं थी।

## काशी, अयोध्या के बाद अब मथुरा का होगा कायाकल्प

- इसी साल से कॉरिडोर का निर्माण शुरू कराने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ/मथुरा।** काशी, अयोध्या के बाद अब मथुरा में 505 करोड़ रुपये की लागत से भव्य कॉरिडोर बनाने की तैयारी शुरू हो गयी है। ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने कार्य योजना की विस्तृत रूपरेखा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने पेश की। मुख्यमंत्री ने इसमें कुछ सुधार के निर्देश दिये। सुधार के बाद जल्द ही इस योजना को इलाहाबाद हाइकोर्ट के सामने पेश किया जायेगा।

योगी सरकार की कोशिश है कि अदालत की मंजूरी मिलने पर इसी वर्ष कॉरिडोर का निर्माण शुरू कर दिया जाये। इस मामले में अगली सुनवाई 18 सितंबर को है। गौरतलब है कि बीते साल जन्माष्टमी पर भीड़ में दबने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गयी थी। इसके बाद एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से कॉरिडोर बनाने की योजना पेश करने को कहा था।

## शिबू सोरेन की तबीयत में सुधार



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन की तबीयत अब स्थिर है। डॉक्टरों ने उन्हें निगरानी में रखा है हालांकि उनकी सेहत सामान्य है। संभावना जतायी जा रही है कि एक दो दिन शिबू सोरेन को डॉक्टर अपनी निगरानी में रखेंगे उसके बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा सकता है। डॉक्टरों ने जब हेमंत सोरेन को भरोसा दिया कि उनकी तबीयत ठीक है तो हेमंत सोरेन रांची के लिए रवाना हो गये। अब डॉक्टर अगले दो दिन तक शिबू सोरेन को गहन निगरानी में रखने की बात कह रहे हैं। उनकी तबीयत स्थिर है।

## राजद्रोह कानून केस पांच जजों की बेंच में भेजा गया

नयी दिल्ली। 152 साल पुराने राजद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार 12 सितंबर को सुनवाई हुई। सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने भारतीय दंड संहिता की धारा 124 (ए) को चुनौती देने वाली याचिकाओं को पांच जजों की बेंच को ट्रांसफर कर दिया।







आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 73,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 13 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# बहुत कुछ कहता है नीतीश का यह व्यवहार

## ■ इतने खोये-खोये और चिड़चिड़े क्यों होते जा रहे हैं सुशासन बाबू

## ■ पटना विवि में गिर गये, जनता दरबार में भूल गये कि खुद गृह मंत्री हैं

## ■ बड़ा सवाल: यह बढ़ती उम्र का असर है या फिर सियासी एकाकीपन!

**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का व्यवहार इन दिनों सियासी हलके में चर्चा का विषय बना हुआ है। आइएनडीआइए गठबंधन की मुंबई बैठक से लौटने के बाद से ही वह अजीबो-गरीब व्यवहार कर रहे हैं। वह अकस्मात ही किसी पर बरस पड़ते हैं, तो अगले ही पल उसे शाबासी देते नजर आते हैं। इतना ही नहीं, इन दिनों वह अपने मंत्रियों और वरीय अधिकारियों के नाम तक भूल जा रहे हैं। चलते-चलते अचानक लड़खड़ा जाना, किसी से बात करते समय अचानक से चुप्पी साध लेना और बातचीत के दौरान विषय बदल लेना नीतीश कुमार के व्यवहार का हिस्सा बन गया है। पिछले 18 साल से बिहार के सीएम की कुर्सी संभाल रहे और देश भर में 'सुशासन बाबू' के नाम से चर्चित इस राजनेता का यह व्यवहार न केवल उनके अपने लोगों को, बल्कि पूरे देश को अचंभित किये हुए है। सवाल पूछा जा रहा है कि नीतीश कुमार का यह बदला व्यवहार क्या उनकी बढ़ती उम्र का परिचायक है या फिर इसके पीछे राजनीतिक रूप से अलग-थलग पड़ जाना है। नीतीश कुमार जिस राजनीतिक पृष्ठभूमि से आते हैं, उसमें अलग राजनीतिक धारा नयी बात नहीं है, लेकिन जिस तरह नीतीश को आइएनडीआइए गठबंधन में उपेक्षित किया गया है, खुद उनके लिए पीड़ादायक माना जा सकता है। बिहार की महागठबंधन सरकार के मुखिया के रूप में अब तक नीतीश ने ड्राइविंग सीट पर अपना कब्जा तो बरकरार रखा है, लेकिन अब लगता है कि वह कमजोर पड़ने लगे हैं। नीतीश कुमार के इस बदले व्यवहार के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी-20 शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के दिन नौ सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिये गये रात्रिभोज में शामिल होने के लिए दिल्ली गये और अगले ही दिन लौट आये। इस रात्रिभोज की बाबत जब मीडियाकर्मियों ने उनसे सवाल किया, तो वह अचानक से बरस पड़े। मीडियाकर्मियों से उन्होंने इतना भर कहा कि आप लोग हर बात में राजनीति क्यों घुसेड़ देते हैं। इससे कुछ दिन पहले नीतीश कुमार पटना विश्वविद्यालय में एक उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान लड़खड़ा गये। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला। वह सीनेट हॉल के उद्घाटन के लिए पहुंचे हुए थे। उनके संबोधन के दौरान समर्थकों ने 'देश का पीएम कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो' के नारे भी लगाये। पटना विश्वविद्यालय की घटना के बाद ये सवाल उठने लगे हैं कि वह स्वस्थ हैं या नहीं।

इन सवालों और चर्चाओं को बल तब मिला, जब नीतीश का एक वीडियो वायरल हो गया, जिसमें वह यही भूल गये कि राज्य के गृह मंत्री वह खुद हैं। असल में उन्होंने जनता दरबार लगाया था और इस दौरान एक व्यक्ति अपनी समस्या लेकर आया, तो नीतीश कुमार ने वहां मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि गृह मंत्री को फोन लगाया जाये। उनके इस तरह के निर्देश से अधिकारी भी हैरान हो गये। उन्होंने पूछा कि क्या गृह सचिव को फोन लगाना है। इस पर नीतीश कुमार बोलने लगे कि अरे, मंत्री बैठे हुए हैं ना। फिर अधिकारियों ने मंत्री विजय चौधरी को फोन लगा दिया, जिस पर नीतीश कुमार ने फिर डांटा कि उनको फोन लगाने के लिए थोड़े कहा गया था। अधिकारी इस पूरे वाकये के दौरान हैरान-



परेशान दिखे और शिकायतकर्ता सामने बैठा रहा। गृह विभाग सीएम के बाद सबसे महत्वपूर्ण विभाग होता है। ऐसे में वह कैसे इस चीज को भूल गये, इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस वीडियो को ट्वीट करते हुए बिहार में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने टिप्पणी की, नीतीश जी जिस गृह विभाग के मंत्री हैं उसी विभाग को भूल गये। उन्होंने अपना 'मेमोरी लॉस' होने को प्रमाणित किया है। आज बिहार गुंडाराज से त्राहिमाम कर रहा है और नीतीश बाबू गजनी बने हुए हैं। अब आपकी उम्र आराम करने की हो गयी है। अब आप से बिहार नहीं संभल रहा है, तो नीतीश बाबू, बिहार को अब बख्श दीजिए। उन्होंने नीतीश कुमार को 'मेमोरी लॉस सीएम' करार दिया और यह हैशटैग भी लगाया।

ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या नीतीश कुमार के लिए सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है? हाल ही में बिहार में रक्षाबंधन और दशहरा समेत कई छुट्टियों में कटौती की गयी थी। इसके बाद भाजपा ने तगड़ा विरोध किया था और कहा था कि जानबूझ कर हिंदुओं को दबाया जा रहा है। अब खबर आयी है कि इन छुट्टियों को रद्द करने का फैसला वापस ले लिया गया है। यानी, बिहार सरकार कई मामलों में कनफ्यूज्ड नजर आ रही है, सिर्फ सीएम ही नहीं कनफ्यूजन में नजर आ रहे हैं।

### अब इस प्रकरण का सियासी पहलू

ऐसे में एक सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या नीतीश कुमार के मन में अब भी विपक्ष के नये गठबंधन आइएनडीआइए का संयोजक न बनाये जाने का मलाल है? जहां राजद से तेजस्वी यादव (डिप्टी सीएम) और द्रमुक से स्टालिन (सीएम) कोऑर्डिनेशन कमिटी में हैं, फिर जदयू से नीतीश कुमार की जगह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को डाला गया, क्योंकि नीतीश कुमार को संयोजक का पद चाहिए था? नीतीश कुमार ने मुंबई में विपक्ष की तीसरी बैठक से पहले कई बार बयान दिया कि उनके मन में किसी पद की लालसा नहीं है, लेकिन यह नेताओं का संदेश देने का एक तरीका होता है। लोग कह रहे हैं कि नीतीश को अगर पद की लालसा नहीं होती, तो वह तेजस्वी यादव को नेतृत्व देकर सीएम पद छोड़ चुके होते, लेकिन वह तेजस्वी यादव को भविष्य बताने के बावजूद इस पद पर बने हुए हैं। उधर लालू यादव ने पटना में हुई पहली विपक्षी बैठक में ही राहुल गांधी के दूल्हा बनने और उनके विवाह पर चर्चा छेड़ दी थी। लेकिन विपक्ष का दूल्हा बनने का ख्वाब तो शायद नीतीश कुमार ने संजो रखा है। उनके मन में यह मलाल भी हो सकता है कि लालू यादव ने यह क्यों नहीं कभी खुल कर कहा कि विपक्ष के लिए प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नीतीश कुमार हों।

यह भी गौर करने लायक है कि हाल ही में जदयू के विधायक गोपाल मंडल ने गठबंधन के साथी लालू यादव को खूब खरी-खोटी सुनायी और कहा कि किडनी ट्रांसप्लांट के बाद लालू यादव का दिमाग सठिया गया है। नीतीश कुमार ही प्रधानमंत्री पद के लिए अच्छे उम्मीदवार हो सकते हैं, क्योंकि उन्होंने ही विपक्षी एकजुटता की शुरुआत की थी। मुंबई में अपने भाषण के दौरान भी नीतीश यह एहसान जताना नहीं भूले कि उन्होंने ही सबको बार-बार कहा कि एक हो जाइए, अब उन्हें कुछ नहीं चाहिए। ऊपर से राहुल गांधी दिल्ली में लालू यादव के आवास पर पहुंचे और उनसे मटन बनाना सीखा। वह अपनी बहन प्रियंका गांधी के लिए भी मटन पैक कर के ले गये। ऐसे में चर्चा यह भी है कि राहुल गांधी और लालू यादव इतने करीब आ गये हैं, तो क्या इससे नीतीश कुमार के मन में कुछ ऐसा चल रहा है कि वह भूल जा रहे हैं कि वह किस विभाग के मंत्री हैं? आखिर वह कौन सा मुद्दा है, जो नीतीश कुमार को खाये जा रहा है? नीतीश कुमार लड़खड़ा गये, यह उनके स्वास्थ्य का मसला हो सकता है और इस पर उनके स्वस्थ होने की कामना की जा सकती है, उनसे सहानुभूति जतायी जा सकती है। लेकिन वह भूल जाएं कि उनके पास कौन सा विभाग है, यह चिंतनीय है।

यहां यह भी याद करने लायक है कि विपक्ष की बेंगलुरु में दूसरी बैठक में नीतीश कुमार प्रेस कांफ्रेंस में हिस्सा लिये बिना निकल गये थे और तब भी उनकी नाराजगी की बात सामने आयी थी। अगर नीतीश कुमार को सच में कोई समस्या महसूस हो रही है, तो उन्हें आराम करना चाहिए। उन्हें युवाओं को मौका देना चाहिए और खुद स्वास्थ्य लाभ लेना चाहिए। अगर उन्हें कोई मलाल है, तो इस पर सीधे-सीधे अपनी बात रखनी चाहिए। वैसे भी कभी भाजपा, तो कभी राजद के साथ मिल कर सरकार बनाने वाले नीतीश कुमार को विपक्षी नेता 'पल्टूराम' कहते हैं।

# जी-20: नयी दिल्ली घोषणा पत्र को देश दुनिया की मीडिया ने बड़ी उपलब्धि बताया

## सदस्य देशों के बीच आम सहमति बनाना नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक जीत बताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नयी दिल्ली में 9-10 सितंबर को आयोजित 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन की शुरुआत से पहले अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने आ रहे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रॉन और अन्य गणमान्य विश्व नेताओं की मेजबानी के बारे में कई खबरें चलायीं। शिखर सम्मेलन से पहले अंतरराष्ट्रीय मीडिया के एक वर्ग ने कच्ची बस्तियों को तोड़ने, भारत में लोकतंत्र की स्थिति, भारत की आर्थिक असमानता जैसे विषयों पर भी खबरें प्रकाशित कीं।



लेकिन शिखर सम्मेलन में स्वीकार किये न्यू डेल्ही डिक्लेरेशन के बाद दुनिया के लगभग हर महत्वपूर्ण अखबार और टीवी नेटवर्क ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि सदस्य देशों के बीच आम सहमति बनाना पीएम मोदी के लिए एक कूटनीतिक जीत रही।

### नयी दिल्ली घोषणा पत्र

जिस समय शिखर सम्मेलन आयोजन स्थल पर बने विशाल अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर में एकत्रित मीडियाकर्मी शिखर सम्मेलन के संभावित नतीजों के बारे में चर्चा कर रहे थे, उसी समय यहां के बड़े एलइडी स्क्रीन पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की एक क्लिप चलायी गयी। इसमें उन्होंने कहा अभी-अभी अच्छी खबर आयी है। हमारी टीमों की कड़ी मेहनत और आपके सहयोग से, नयी दिल्ली जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की घोषणा (डिक्लेरेशन) पर आम सहमति बन गयी है... मेरा प्रस्ताव है कि इस घोषणा को स्वीकार किया जाये। मैं घोषणा को स्वीकार किये जाने की घोषणा करता हूं।

बीबीसी ने इसे जी-20 शिखर सम्मेलन में अप्रत्याशित रूप से बड़ी सुर्खियों का दिन बताया। बीबीसी की रिपोर्ट में कहा गया कि कुछ लोगों को उम्मीद थी कि यूक्रेन में युद्ध को लेकर समूह के सदस्यों के बीच तीव्र मतभेदों को देखते हुए शिखर सम्मेलन के पहले दिन कोई संयुक्त घोषणा हो सकती है। बीबीसी ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि न्यू डेल्ही डिक्लेरेशन पश्चिम और रूस दोनों को सकारात्मकता तलाशने का अवसर देने के हिसाब से डिजाइन किया गया है।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने न्यू डेल्ही डिक्लेरेशन को पिछले साल स्वीकार किये गये बाली डिक्लेरेशन के बाद 'आंखें खोल कर आगे बढ़ने वाला' डिक्लेरेशन बताया। बाली में विश्व नेताओं ने यूक्रेन पर आक्रमण के लिए रूस की निंदा की थी।

शिकागो ट्रिब्यून और यूएस न्यूज ने एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट चलायी जिसमें कहा गया था मोदी की कूटनीतिक जीत के तहत भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन में विभाजित विश्व शक्तियों के बीच समझौता कराया।

वाशिंगटन पोस्ट ने कहा, जी-20 समझौता यूक्रेन पर तीव्र मतभेदों और ग्लोबल साउथ के बढ़ते दबदबे को दर्शाता है, जबकि यूके के द गार्जियन ने कहा, जी-20 का यूक्रेन पर कमजोर बयान भारत के बढ़ते प्रभाव का संकेत है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने लिखा, जैसे-जैसे भारत बढ़ रहा है, जी-20 एक बदलती हुई विश्व व्यवस्था को बता रहा है।

बीजिंग ने न्यू डेल्ही डिक्लेरेशन की सराहना तो की, साथ ही कहा कि जी-20 आर्थिक मुद्दों के लिए एक संस्था है, न कि भू-राजनीति के लिए। अल जजीरा ने बताया कि शिखर सम्मेलन के समापन पर रूस ने संतुलित डिक्लेरेशन की सराहना की।

पर्यवेक्षकों ने नयी दिल्ली शिखर सम्मेलन को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वैश्विक मंच पर भारत का दबदबा बढ़ाने के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में देखा। हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने लिखा सम्मेलन ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को अपने मेजबान के साथ संबंधों को गहराई देने और विकासशील देशों तक पहुंचने का अवसर भी प्रदान किया।

वाशिंगटन पोस्ट और सीएनएन ने भी इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरीडोर की घोषणा को प्रमुखता से प्रकाशित किया और इसे एक महत्वाकांक्षी प्रस्ताव बताया जिसका उद्देश्य एक अस्थिर क्षेत्र को जोड़ना और दुनिया भर में बड़े पैमाने पर तैयार की जा रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को चीन से मिल रहे सहयोग को चुनौती देना है।

# इडी के समन खिलाफ अब होगी सुनवाई

## सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की तारीख 15 सितंबर तय

**सीएम हेमंत सोरेन ने दायर की है याचिका**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से इडी के समन खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका की सुनवाई की तारीख तय हो गयी है। इस याचिका पर 15 सितंबर को सुनवाई होगी। जमीन घोटाला मामले में इडी ने सीएम हेमंत सोरेन को सुनवाई के लिए बुलाया था। पहली बार 14 अगस्त को उन्हें इडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचना था, पर वे व्यस्तता का हवाला देते हुए हाजिर नहीं हुए। दूसरे समन के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इससे पहले उन्होंने इडी को पत्र लिख कर उनके समन को गैर कानूनी बताया था।

### क्या है सीएम की रिट याचिका

सीएम हेमंत सोरेन की ओर से जो रिट याचिका दायर की गयी है, उसमें उन्होंने पीएमएलए-2002 की धारा 50 और 63 की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। पीएमएलए की धारा 19 के तहत जांच एजेंसी को धारा 50 के तहत बयान दर्ज करने के दौरान ही किसी को गिरफ्तार करने का अधिकार है। मुख्यमंत्री ने याचिका में कहा है कि आइपीसी के तहत किसी मामले की जांच के दौरान जांच एजेंसी के समक्ष दिये बयान की मान्यता कोर्ट में नहीं है, लेकिन पीएमएलए की धारा 50 के तहत जांच के दौरान एजेंसी के समक्ष दिये गये बयान की कोर्ट में मान्यता है।

### पहला समन, आठ अगस्त 2023

जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सीएम हेमंत सोरेन को पहली बार 8 अगस्त को नोटिस भेजा था। इस नोटिस में उन्हें 14 अगस्त को दिन के 11:00 बजे रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने का निर्देश दिया था। जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन को समन करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय ने 13 और 26 अप्रैल को की गयी छापेमारी के आलोक में दर्ज करायी गयी प्राथमिक को आधार बनाया है।

# विष्णु अग्रवाल की बेल पर सुनवाई आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में लैंड स्कैम के आरोपी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर अब बुधवार को सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल की बेल पर इडी से जवाब मांगा था, जिसके बाद इडी की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। विष्णु अग्रवाल लैंड स्कैम केस में प्रमुख आरोपी हैं,



इडी ने उन्हें 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। इसी केस में पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश से भी इडी पूछताछ कर चुकी है। फिलहाल विष्णु अग्रवाल का स्वास्थ्य खराब होने के कारण इन्हें रिम्स के कैदी वार्ड में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। अपनी जमानत याचिका में विष्णु अग्रवाल ने कहा है कि इस पूरे केस में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए भी जमानत अर्जी मंजूर करने की गुहार लगायी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 32.6 °c | 23.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.57 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.35 बजे | |



## झारखंड के विकास के लिए गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने का लें संकल्प

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों को उजाड़ते नहीं बसाते हैं : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमरिया।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को संकल्प यात्रा को सिमरिया में संबोधित किया। अपने तीखे अंदाज में उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जमकर हमला बोला।



श्री मरांडी ने कहा हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में गठबंधन की सरकार पिछले लगभग 4 वर्षों से चल रही है। श्री मरांडी ने कहा कि विज्ञापन पर विज्ञापन निकलता रहा, कई नियुक्ति वर्ष बीत गये लेकिन बेरोजगार युवाओं को न नौकरी मिली और न बेरोजगारी भत्ता।

कहा कि पिछड़ा वर्ग को भी ठगा गया। कहा पिछड़ों के आरक्षण की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले मुख्यमंत्री ने बिना पिछड़ों के आरक्षण के पंचायत चुनाव करा दिये और निकाय चुनाव की बारी आयी तो ट्रिपल टेस्ट कराने से भाग रहे। न्यायालय के निर्देश के बावजूद अबतक ट्रिपल टेस्ट का कार्य शुरू नहीं हुआ। पिछड़ा वर्ग आयोग से कराने की बात कही लेकिन अबतक आयोग के अध्यक्ष कौन हैं यही नहीं पता। कहा इनकी नीति और नीयत में खोट है। ये केवल दिग्भ्रमित करते हैं जनता की भलाई से इनका कुछ भी लेना देना नहीं। कहा कि हेमंत सरकार नीति भी ऐसी बनाती है जो न्यायालय में जाकर फंस जाये और फिर विपक्ष पर दोष देकर अपना चेहरा बचाने की कोशिश करते हैं। इसलिए जनता इनकी सारी चालाकी समझ चुकी है।

कहा कि किसी भी योजना में मोदी सरकार गरीबों को उजाड़ती नहीं बल्कि केंद्र सरकार गरीबों को बसाती है। पक्का मकान देती है, शौचालय और बिजली देती है। गैस सिलेंडर और चूल्हा भी देती है।

उन्होंने कहा कि जब जांच एजेंसियां लूट की जांच कर रही तो मुख्यमंत्री अपराधियों भ्रष्टाचारियों को बचाने में जुटे हैं। न्यायालय में महंगे वकीलों पर करोड़ों खर्च कर रहे। इससे स्पष्ट हो चुका है कि मुख्यमंत्री भ्रष्टाचारियों के संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री निर्दोष हैं तो इडी की पूछताछ से क्यों भाग रहे। जाकर सबकुछ साफ साफ क्यों नहीं बता देते।

श्री मरांडी ने कहा कि आज राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। थाना, ब्लॉक, डीसी ऑफिस सब जगह बिचौलिए दलाल घूम रहे। बिना पैसे के मृत्यु प्रमाण पत्र भी नहीं बनता। कहा कि अपराधी बेलगाम हैं। लूट चोरी, डकैती, अपहरण, फिरौती के वारदात रोज हो रहे।

जनसभा में सांसद सुनील सिंह, विधायक किशुन दास, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी

# रांची लोकसभा के प्रभारी बने सुबोधकांत सहाय

**प्रदेश की सभी 14 लोकसभा सीटों पर प्रभारी और संयोजक की नियुक्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गयी है। इसके लिए प्रदेश की सभी 14 लोकसभा सीट के आकलन के लिए प्रभारी और संयोजक की नियुक्ति की है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय के अनुमोदन के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में इसकी सूची जारी की।




वहीं राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र एवं संविधान की मर्यादा की मजबूती कांग्रेस एवं आइएनडीआइए गठबंधन को करना है। सभी लोग एकजुट होकर महंगाई, बेरोजगारी, एवं नफरत से लोगों को निजात दिलाने के लिए हम सब संकल्पित हैं।

ऐसे में आनेवाले लोकसभा चुनाव को मजबूती से लड़ने की आवश्यकता है। इसको ध्यान में रखते हुए राज्य के प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं मंत्री, विधायक, सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण को लोकसभा वार जिम्मेवारी सौंपी गयी है। जो लोकसभा क्षेत्रवार स्थानीय एवं प्रमुख मुद्दों को प्रमुखता प्रदान करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रतिवेदन देने का काम करेंगे।

### लोकसभा संयोजक और प्रभारी जिन्हें जिम्मेदारी दी गयी है

राजमहल-लोकसभा संयोजक मणिशंकर, लोकसभा प्रभारी प्रदीप यादव, दुमका-लोकसभा संयोजक सुल्तान अहमद, लोकसभा प्रभारी दीपिका पांडेय सिंह, गोड्डा-लोकसभा संयोजक केएन झा, लोकसभा प्रभारी आलमगीर आलम, चतरा-लोकसभा संयोजक जयशंकर पाठक, लोकसभा प्रभारी धीरज प्रसाद साहू, कोडरमा-लोकसभा संयोजक अनवर अंसारी, लोकसभा प्रभारी बादल पत्रलेख, गिरिडीह-लोकसभा संयोजक ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, लोकसभा प्रभारी शहजादा अनवर, धनबाद-लोकसभा संयोजक अजय दूबे, लोकसभा प्रभारी जलेश्वर महतो एवं बन्ना गुप्ता, रांची-लोकसभा संयोजक अनादि ब्रह्म एवं केशव महतो कमलेश, लोकसभा प्रभारी सुबोधकांत सहाय, जमशेदपुर-लोकसभा संयोजक रमा खलखो, लोकसभा प्रभारी डॉ अजय कुमार, सिंहभूम-लोकसभा संयोजक डीएन चांपिया, लोकसभा प्रभारी गीता कोड़ा, खूंटी-लोकसभा संयोजक कालीचरण मुंडा, लोकसभा प्रभारी बंधु तिर्की, लोहरदगा-लोकसभा संयोजक प्रदीप तुलस्यान, लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत, पलामू-लोकसभा संयोजक भीम कुमार, लोकसभा प्रभारी डॉ रामेश्वर उरांव, हजारीबाग-लोकसभा संयोजक अशोक चौधरी, लोकसभा प्रभारी डॉ प्रदीप बलमुचू को बने गया है। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसीफ मौजूद थे।

## गिरिडीह से रांची के लिए चली इंटरसिटी ट्रेन

# पीएम और रेल मंत्री की पहल पर गिरिडीह को मिली सौगात: अन्नपूर्णा

सुधीर सिन्हा

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** मंगलवार की सुबह गिरिडीह के लिए एक ऐतिहासिक पल रहा। केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विधिवत रूप से हरी झंडी दिखाकर न्यू गिरिडीह स्टेशन से रांची के लिए चलने वाली ट्रेन 03309 रांची इंटरसिटी को रवाना किया। इस एतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। ट्रेन को रवाना करने के दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के अलावे गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक सरफराज अहमद, जमुआ विधायक केदार हाजरा, जिप अध्यक्षा मुनिया देवी सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ डीआरएम कमल किशोर सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के विस्टाडोम कोच में बैठे और जमुआ स्टेशन तक का लुत्फ उठाया।



इसके पूर्व स्टेशन ग्राउंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि गिरिडीह के लिए आज का ये पल काफी एतिहासिक है। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि देश के विकास को लेकर मोदी सरकार नीत नये आयाम लिख रही है। कहा कि वर्ष 1871 में गिरिडीह रेलवे स्टेशन बना था। लेकिन ट्रेन की सुविधा कई वर्षों के बाद बहाल हुई। कहा कि करीब 152 सालों के बाद मोदी सरकार ने न्यू गिरिडीह स्टेशन बनने के साथ ही झारखंड की राजधानी के लिए ट्रेन का परिचालन शुरू कराया है।

इस दौरान सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि इस ट्रेन के परिचालन होने से गिरिडीह वासियों को काफी फायदा होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि गिरिडीह से कोलकाता की बोगी छीनने के बाद रांची से गिरिडीह को रेलवे के द्वारा पहली सौगात मिली है।

मौके पर डीआरएम कमल किशोर सिन्हा, सिनियर डीसीएम अमरेश कुमार, एओएम रजनीश कुमार कोडरमा सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि गुड्डू यादव, भाजपा नेता महादेव डूबे, संदीप दंगायच, मुकेश जालान, सुनील पासवान, प्रणव वर्मा, विनय सिंह, दिलीप वर्मा, नेत्री पूनम प्रकाश, चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदीप अग्रवाल, निर्मल झुनझुनवाला, दिनेश खेतान सहित कई लोग मौजूद थे।

## बाबूलाल ने डीजीपी को लिखा पत्र, कहा-

# सलाहकार सुनील तिवारी और अनुरंजन अशोक को दें सुरक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी अजय कुमार सिंह को पत्र लिखा है। इमेल के जरिए भेजे गये पत्र में उन्होंने अपने सलाहकार सुनील तिवारी और अनुरंजन अशोक (साहिबगंज खनन घोटाला मामले में शिकायतकर्ता) को सुरक्षा देने की मांग की है। बाबूलाल ने कहा कि इस संबंध में सुनील तिवारी और उन्होंने भी मुख्य सचिव को विस्तारपूर्वक मामले की जानकारी दी है। हाल के दिनों में ऐसे कई मामले सामने आये हैं। जिसमें खतरे की आशंका को लेकर पीड़ितों ने पुलिस को लिखित सूचना दी, लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया जिससे पीड़ित की हत्या हो गयी। सुनील तिवारी और अनुरंजन अशोक के मामले में इस तरह की स्थिति आने से पहले उन्हें सुरक्षा मुहैया करायी जाये।



### अनुरंजन अशोक को भी पांच दिन पहले मिली धमकी

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि साहिबगंज खनन घोटाला के खिलाफ एफआइआर के लिए थाने में लिखकर देने वाले अनुरंजन अशोक को भी पांच दिन पहले मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी गयी। उन्होंने कहा कि डीजीपी की यह जिम्मेदारी है कि राज्य में अमन चैन कायम रहे। सत्ता पोषित या कोई दूसरे गुंडे-मवाली राज्य में उत्पात नहीं मचायें और राजनैतिक द्वेष से किसी के खिलाफ पुलिस कोई फर्जी पीड़क कार्रवाई न करे।

# कोर्ट में मुकरा इडी का गवाह विजय हांसदा, कहा- नहीं मिली धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिंग के केस में नया मोड़ आया है। इडी के गवाह और पिछले दिनों चर्चा में रहे विजय हांसदा अपने बयान से कोर्ट में (होस्टाइल) मुकर गया है। मंगलवार को रांची प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट के स्पेशल कोर्ट में इडी के गवाह विजय हांसदा का बयान दर्ज करवाया गया। उनका बयान बुधवार को भी दर्ज करवाया जायेगा। मंगलवार को कोर्ट में दिये अपने बयान में वह इडी के समक्ष दिये बयान से मुकर गया। सुनवाई के दौरान इस केस का अभियुक्त बच्चू यादव भी कोर्ट में मौजूद रहा। बच्चू यादव को पिछले दिनों ही अवैध खनन से जुड़े मनी लॉड्रिंग केस में बेल मिली है। विजय हांसदा ने अपने आंशिक बयान में इस बात से इंकार किया है कि साहिबगंज में अवैध खनन उन्होंने की है और उन्हें किसी तरह की धमकी मिली है। पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, दाहू यादव और उसके पिता पशुपति नाथ भी इस केस में आरोपी हैं। बच्चू यादव की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार और सुधीर प्रसाद कोर्ट में मौजूद रहे। वहीं इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने पक्ष रखा।

### पल्स बनाने के लिए पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक ने कैश और चेक से दिये पैसे

**रांची।** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल से जुड़े अवैध खनन और मनी लॉड्रिंग केस में इडी की ओर से गवाह का बयान कोर्ट में दर्ज कराया गया। इडी की ओर से अक्षत कटियार ने कोर्ट में अपना बयान दिया। अक्षत उस कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक हैं, जिसने पूजा सिंघल और उनके पति के द्वारा चलाये जा रहे पल्स अस्पताल की बिल्डिंग का निर्माण कार्य किया है। अक्षत ने अपने बयान में कोर्ट को बताया कि बिल्डिंग निर्माण के लिए उन्हें सभी पैसों का भुगतान कैश और चेक के माध्यम से किया गया है। अलग-अलग समय पर पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा उन्हें चेक और नकद राशि दिया करते थे। इडी की ओर से बयान दर्ज होने के बाद अब बचाव पक्ष गवाह का क्रॉस एग्जामिनेशन करेगा। सुनवाई के दौरान निलंबित आइएएस पूजा सिंघल भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष उपस्थित रहीं। अब अदालत 22 सितंबर को इस मामले में सुनवाई करेगा।

### प्रेम प्रकाश की बेल पर कल होगी सुनवाई

**रांची।** जमीन घोटाले मामले के आरोपित प्रेम प्रकाश की ओर से मंगलवार को जमानत याचिका दाखिल की है। इसपर रांची प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट ने सुनवाई के लिए 14 सितंबर की तिथि निर्धारित की है। इसके अलावा प्रेम प्रकाश अवैध खनन के जरिए मनी लॉड्रिंग करने के केस में भी आरोपित हैं और लैंड स्कैम में भी इडी ने उसे आरोपित बनाते हुए आरोप पत्र दाखिल किया है।

## सीआइडी डीजी ने दिया निर्देश

# संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ करें कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संगठित अपराधी गिरोह के खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी, इसे लेकर सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को सभी रेंज के डीआइजी के साथ समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा बैठक के दौरान सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता ने सभी रेंज के डीआइजी को निर्देश देते हुए कहा कि संगठित अपराधकर्मियों और शातिर अपराधकर्मियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें। गौरतलब है कि इससे पहले डीजी अनुराग गुप्ता ने रेंज के डीआइजी से पूर्व में दिये गये निर्देश के बाद संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ बेल कैंसिलेशन, सीसीए, जमानतदारों का सत्यापन, संदिग्ध मोबाइल नंबर चिह्नित कर अग्रेतर करवाई करना, संदिग्ध काराकर्मियों को चिह्नित करना जैसे बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी थी।

### ये हैं सक्रिय आपराधिक गिरोह के सदस्य

- अखिलेश सिंह : दुमका जेल में बंद
- अमन साहू : दुमका जेल में बंद
- अमन सिंह : धनबाद जेल में बंद
- लवकुश शर्मा: साहिबगंज जेल में बंद
- विकास तिवारी : हजारीबाग जेल में बंद
- अमन श्रीवास्तव : रांची जेल में बंद
- डब्लू सिंह : फरार
- प्रिंस खान : फरार

### रांची डीआइजी करेंगे समीक्षा बैठक

वहीं संगठित आपराधिक जिलों के खिलाफ करवाई को लेकर रांची डीआइजी अनूप बिरथरे बुधवार को समीक्षा बैठक करेंगे। डीआइजी अनूप बिरथरे रांची रेंज के सभी जिले के एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

## जेसोवा दीवाली मेला का पोस्टर रिलीज : 2 से 6 नवंबर तक लगेंगे 200 से ज्यादा स्टॉल

# मोरहाबादी मैदान में लगेगा पांच दिवसीय दीवाली मेला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड आइएएस ऑफिसर्स वाइव्स एशोसिएशन (जेसोवा) ने दीवाली मेला-2023 का पोस्टर मंगलवार को रिलीज किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था की प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी, ज्वाइंट सेक्रेटरी, ट्रेजरर एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मोरहाबादी मैदान में 2 से 6 नवंबर तक दीवाली मेला का आयोजन किया जायेगा। इस पांच दिवसीय मेले में 200 से ज्यादा स्टॉल लगाये जायेंगे। जिसमें झारखंड राज्य एवं देश के कोने-कोने में प्रचलित लोक कलाओं से संबंधित उत्पाद, देश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित परिधान जैसे रेशम, सिल्क के विभिन्न प्रकार के संग्रह उपलब्ध रहेंगे।



### महिला उद्यमिता और ग्रामीण कारीगरों को बढ़ावा देना मेला का उद्देश्य

दिवाली मेला आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमिता और ग्रामीण कारीगरों को बढ़ावा देना है। इस बार मेले में गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड के विभिन्न जिलों के कोहवर और सोहराई से संबंधित स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आंगतुकों की सुविधा के लिए मेला परिसर में मोबाइल एटीएम की व्यवस्था भी की जा रही है। साथ ही मेले में हेल्थ चेकअप कैंप, आधार पंजीकरण केंद्र एवं झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से संबंधित स्टॉल लगाये जायेंगे। जेसोवा दीवाली मेले में अपने स्टॉल की बुकिंग करने के लिए इच्छुक व्यक्ति दिये गये मोबाइल नंबर (9430756889, 9661178888 और 9525106333) पर संपर्क कर सकते हैं।

### जेसोवा पर एक नजर


वर्ष 2001 में स्थापित झारखंड आइएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन एक पंजीकृत सोसाइटी है, जो अपने स्थापना वर्ष से ही झारखंड में विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी कार्यों में अपनी संलिप्तता एवं सहभागिता प्रदर्शित करता रहा है। संस्था द्वारा आयोजित मेले से होने वाली आय विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी कार्यों जैसे हेल्थ चेकअप कैंप, समाज में पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, नेत्रहीन विद्यालय, मूक एवं बधिर विद्यालय, प्रोबेशन होम, वृद्धाश्रम आदि एवं अन्य जरूरतमंद लोगों के बीच उनके जरूरत की सामग्रियों का समय-समय पर वितरण, उनकी चिकित्सा के लिए अनुदान पर खर्च किया जाता है। इसके अंतर्गत पौधरोपण भी शामिल है, जिससे धरती की कटती हुई वन्य व्यवस्था जीवित रह सके।

## हरी झंडी दिखा कर रथ को किया रवाना, पोषण शपथ ली



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के प्राप्त मार्गदर्शन पर मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 के तहत राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन राज्य के प्रत्येक जिला में किया जाना है। आंगनबाडी केंद्र स्तर पर अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने समाहरणालय कोडरमा परिसर में जिला के सभी पदाधिकारी गण और कर्मियों को पोषण शपथ दिलाया। साथ ही उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त ऋतुराज और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कोडरमा ने हरी झंडी दिखा कर पोषण रथ को रवाना किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि यह पोषण रथ जिला के सभी प्रखण्ड गांव में जा कर पोषण के महत्त्व के बारे में आमजन को जागरुक करेगा तथा इसके माध्यम से जिला से कुपोषण को मिटाने हेतु संदेश दिया जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान सही पोषण देश रोशन सिग्नेचर कैंप की शुरूआत उपायुक्त ने किया। सभी आंगनबाडी केंद्र में खेल-खेल में रंगोली, रैली, क्विज प्रतियोगिता, पोषण वाटिका आदि के माध्यम से ग्रामीणों और आमजनों को सही पोषण और संतुलित आहार के विषय में बताया जा रहा है। इस साल पोषण माह का थीम सुपोषण भारत साक्षर भारत सशक्त भारत है।

## जयनगर: गणपति पूजा में केदारनाथ मंदिर का रूप दिखेगा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दुर्गा मंदिर प्रांगण में तूफान क्लब के द्वारा विगत 9 वर्षों से गणपति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष सार्वजनिक गणपति पूजा समिति के देखरेख में केदारनाथ मंदिर के रूप पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। 19 सितंबर से 27 सितंबर तक चलने वाले इस महोत्सव की तैयारी पूरे जोर-शोर से की जा रही है। गणपति पूजा समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि इस वर्ष लगभग तीन लाख खर्च होने की संभावना है। केदारनाथ मंदिर का प्रारूप योगियाटिल्हा के भीम टेंट हाउस के द्वारा बनाया जा रहा है। गणपति पूजा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि 19 सितंबर से 5 सितंबर तक प्रतिदिन वाराणसी में होने वाले भव्य गंगा आरती की तर्ज पर यहां प्रतिदिन भव्य दिव्य आरती का आयोजन किया जायेगा। साथ ही प्रतिदिन भंडारा, सांस्कृतक भक्ति संगीत कार्यक्रम होगा। पूजा समिति के महासचिव सरोजन सोनी ने बताया कि कोडरमा जिला के प्रसिद्ध आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज और विष्णु कांत शास्त्री के द्वारा पूजा अर्चना और प्रवचन किया जायेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि मीना बाजार, झूले वगैरह पांच दिवसीय भव्य मेला का आयोजन किया जायेगा। गणपति पूजा को सफल बनाने में गणपति पूजा समिति के उपाध्यक्ष पवन सिंह हिंदुस्तानी, सचिव सन्नी साव, कोषाध्यक्ष राजेश सिंह, संयोजक कैलाश प्रसाद, संरक्षक राम सिंह, अंकेक्षक उमेश मोदी, सूरज सोनी, रोहित सिंह, विशाल सिंह, राजा सिंह, सूरज सिंह, मनीष सिंह, पप्पू सिंह, विशाल सोनी, विक्रम गुप्ता, दीपक सिंह सहित काफी संख्या में युवा लोग शामिल हैं।

## भाकपा की बैठक, 25 को सदर अस्पताल में धरना



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भाकपा आंचल कमिटी जयनगर की बैठक सांस्कृतिक भवन जयनगर में महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में अंचल मंत्री अर्जुन यादव ने विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किया। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि कोडरमा सदर अस्पताल में परमानेंट डॉक्टर बहाल करने, डॉक्टर की संख्या बढ़ाने, मरीजों को फर्जी जांच रिपोर्ट देने पर रोक लगाने, सदर अस्पताल के जरिये विभिन्न गांव में ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव करने, प्रत्येक पंचायत में कैंप लगाकर मलेरिया टाइफाइड और डेंगू का जांच कर लोगों को सुविधा देने, सरकारी डॉक्टरों को निजी क्लीनिक पर प्रतिबंध लगाने, अनावश्यक रेफर न करने आदि सवालों को लेकर भाकपा जिला परिषद कोडरमा 25 सितंबर को सदर अस्पताल कोडरमा के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया है। जयनगर प्रखंड से सैकड़ो की संख्या में इस आंदोलन में भाग लेने का फैसला लिया गया। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और झारखंड के राज्यपाल राधाकृष्णन कोडरमा सदर अस्पताल का निरीक्षण कर जिला प्रशासन का पीठ थपथपा कर चली गयी लेकिन सदर अस्पताल की समस्या वही की वहीं रह गई। सदर अस्पताल में परमानेंट डॉक्टर नहीं रहने के चलते मरीज को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव, पूर्व प्रमुख वीरेंद्र यादव, एटक के जिला अध्यक्ष विनोद पासवान, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, एटक प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी, राजेंद्र रजक, संतोष शर्मा, किशोर कुमार चौधरी, नारायण ठाकुर, योगेश प्रसाद यादव, कामेश्वर पंडित, तिलक यादव, ब्रह्मदेव राणा, गांगो नायक मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन अंचल मंत्री रामेश्वर यादव ने किया।

## हत्याकांड के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं



### नाराज ग्रामीण विधायक के साथ पहुंचे एसपी से मिलने

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के चंदवारा थाना के कांड संख्या 75/23 में दर्ज मामले के मुख्य आरोपी के गिरफ्तारी की मांग को लेकर बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में जोगीडीह निवासी मृतक के परिजन और ग्रामीण एसपी कोडरमा से मिलने पहुंचे। इस दौरान कार्यालय में एसपी के नहीं रहने पर इंस्पेक्टर निरंजन उरांव, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम के साथ पूर्व विधायक और ग्रामीणों से वार्ता हुई। इस मौके पर पूर्व विधायक श्री यादव ने कांड के मुख्य आरोपी जिब्राइल अंसारी के गिरफ्तारी की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी के गिरफ्तारी 24 घंटे में करने का आश्वासन दिया है। विदित हो कि विगत 5 सितंबर को दिनेश यादव अपने मित्र रामदेव यादव, मल्लू यादव और लालो यादव के साथ तिलैया डैम के महरमूता मछली पकड़ने गए थे। इसी दौरान बारिश होने पर सभी डैम में बने मछली के एक केज में छुप गए थे। जहां मछली केज के संचालक जिब्राइल अंसारी एवं अन्य के द्वारा मछली चोरी करने का आरोप लगाते हुए उनके साथ मारपीट की गयी थी। जिसमें दिनेश यादव की मौत हो गयी थी। पुलिस इस मामले में पूर्व में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मौके पर भाजपा प्रंखड अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा, विनोद राम, प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, मुखिया असगर अंसारी, विजय यादव, राजेश यादव, विरेन्द्र यादव, बैजनाथ यादव, विनोद वर्णवाल, ब्रहमदेव यादव, राजेन्द्र यादव, सुरेन्द्र यादव, लुकेश्वर यादव, घमन यादव, रविन्द्र यादव, मनोज रजक, किशुन शर्मा, रामदेव यादव, अशोक पाण्डेय, दिनेश यादव, सुरेश यादव, उमेश यादव, ईश्वर यादव, पंकज शर्मा, अजय शर्मा, संजय शर्मा, बैजनाथ शर्मा, सहदेव यादव, गोविंद यादव, महावीर यादव, सिताराम यादव, प्रेम शर्मा, उमर साव, डोमन शर्मा, अजय यादव, लक्ष्मण यादव, सुरेन्द्र रविदास, देवी रजक, महेश यादव, वासुदेव यादव, वशीं यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### सदाचार समिति की हुई बैठक, जिले में चल रहे विकास कार्यों की ली जानकारी

# लक्ष्य को जल्द पूरा करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** परिसदन भवन हजारीबाग में सदाचार समिति की जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षातमक बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर विधायक राम चन्द्र सिंह ने अधिकारियों से संवाद करते हुए बारी-बारी से उनको मिले लक्ष्यों की जानकारी ली, तथा जल्द ही अपने लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इस दौरान उन्होंने पीएचडी विभाग अधिकारी से चापानल लगाये जाने और उसकी मरम्मती की जानकारी ली, साथ ही लक्ष्य के बारे में जाना कि 35 में से 16 पूर्ण कर ली गयी है। बाकी का कार्य प्रगति पर है। इस दौरान सामुदायिक शौचालय के रख रखाव की भी समीक्षा हुई। बाकी के कार्य को विधायक ने जल्द पूर्ण किये जाने का निदेश दिया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग ने डीडीटी का छिड़काव किये जाने की जानकारी दी। उक्त अधिकारी ने बताया कि डीडीटी का पहला चरण का छिड़काव नगर निगम क्षेत्र में किया गया है। दूसरे चरण के छिड़काव की जानी बाकी है, जो जल्दी की जायेगी। बैठक के दौरान उत्पाद विभाग के द्वारा जानकारी दिया गया कि इस माह 110 प्रतिशत तथा पिछले माह 114 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्ति की गयी। वहीं पथ निर्माण विभाग द्वारा जानकारी दी गयी कि सड़कों की मरम्मति की जा रही है। इस दौरान विधायक ने लक्ष्य को जल्द पूर्ण किये जाने की बात कही। वन विभाग द्वारा हाथियों से होने वाले समस्याओं को रखा गया। जन मानस को इससे परेशानी नहीं हो इसके लिए उक्त अधिकारी ने बताया कि सूचना प्राप्ति के तुरंत बाद ही हाथियों को भगाये जाने का पूर्ण सफलता पूर्वक प्रयास किया जाता है। साथ ही हाथियों से होने वाली क्षति तथा मुआवजे को लोगों को दिया जा चुका है। जिला नियोजन ने अपने कार्य की जानकारी देते हुए बताया कि कौशल विकास योजना से संबंधित कार्य की जा रही है। लोगों को सरकार की योजना से जोड़ने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। ताकि युवा को रोजगार मिले और वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके। मौके पर जेएसएलपीएस द्वारा फूलो झानों आशीर्वाद योजना तथा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। पूरे जिले में हजारों महिलाएं समूह में कार्य कर रही है। पलाश मार्ट तथा दीदी किचन और सदर अस्पताल में स्वयं सहायता समूह की दीदी कार्य कर अपने परिवान को भरण पोषण कर रही है। मौके पर पेंशन से सबंधित भी जानकारी दी गयी।

# राणी सती भादी महोत्सव कलश यात्रा के साथ शुरू

### कलश यात्रा में राजस्थानी वेशभूषा में शामिल हुई 108 महिलाएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा तीन दिवसीय भादी महोत्सव के पहले दिन मंगलवार को अड्डी बंगला दुर्गा मंडप परिसर से कलश शोभायात्रा के साथ भव्य निकाली गयी। यात्रा की शुरूआत अग्रवाल समाज के अध्यक्ष द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। वही शोभा यात्रा को पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शोभायात्रा में राजस्थानी वेशभूषा में 108 महिलाएं माथे पर कलश लेकर चल रही थी। यात्रा के आगे आगे चल रहे जीवंत राणी सती की झांकी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। वही उसके ठीक पीछे राणी भक्त समिति के युवकों द्वारा ली गयी पालकी पर राणी सती की प्रतिमा विराजमान थी। शोभा यात्रा अड्डी बंगला से निकलकर भदानी रोड, स्टेशन रोड, झंडा चौक होते हुए रांची पटना रोड के रास्ते असनाबाद स्थित राणी सती मंदिर पहुंचा। शोभा यात्रा के दौरान भजन कलाकारों द्वारा राणी सती पर आधारित अंगूठा भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा था। शोभा यात्रा को लेकर शहर के विभिन्न जगहों पर तोरण द्वार लगाये गये थे। शोभा यात्रा के दौरान राणी सती के जयकारे से सारा शहर गूंज रहा था। शोभा यात्रा देर शाम राणी सती मंदिर पहुंचा। जहां कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। रात्रि 8:00 बजे से दादी मां का अखंड ज्योत जलाया गया तथा मंदिर प्रांगण में राणी सती का भव्य श्रृंगार और छप्पन भोग भी लगाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैलाश चौधरी, महेश दारूका, किशन शंघाइ, अशोक खाटूवाला, प्रदीप कंदोइ, गोपी कृष्ण अग्रवाल, संदीप शंघाइ, रवि दाहिमा, संजय खेमानी, पवन दारूका, संदीप हिसारिया, आयुष पोद्दार, हिमांशु केडिया आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### आइसेक्ट विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

# हिंदी केवल भाषा ही नहीं, हमारी पहचान है: डॉ मुनीष

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** राजभाषा सप्ताह के तहत आइसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में आइक्यूएसी के सहयोग से विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक विभाग की ओर से मंगलवार को चित्र प्रतियोगिता, रंगोली, लेखक-लेखिका या कवि-कवयित्री के चित्र एवं उनके लेखन पर आधारित चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बता दें कि बीते 9 सितंबर को कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ के हाथों दीप प्रज्वलित कर व सरस्वती वंदना के साथ आइसेक्ट विश्वविद्यालय में राजभाषा सप्ताह की शुरूआत की गयी थी, जिसमें विद्यार्थियों के साथ साथ सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों को राजभाषा को बढ़ावा देने को लेकर शपथ भी दिलायी गयी। राजभाषा सप्ताह 14 सितंबर को समापन समारोह के साथ संपन्न होगा। इस बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अब तक श्लोक वाचन, कविता लेखन व प्रस्तुति सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी है। इस बाबत आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि अन्य शेष प्रतियोगिताएं आयोजित होने के बाद आगामी 14 सितंबर को समापन समारोह का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही डॉ गोविंद ने हिंदी भाषा की अहमियत का जिक्र करते हुए कहा कि हिंदी केवल भाषा ही नहीं बल्कि हमारी पहचान भी है। हिंदी भाषा को संसार की सबसे सरल भाषा बताते हुए उन्होंने कहा कि संविधान सभा ने हम सबको यह संवैधानिक और प्रशासनिक उत्तरदायित्व सौंपा है कि हम संविधान के 343 और 351 के अनुसार राजभाषा हिंदी का अधिकतम प्रयोग करते हुए इसका प्रचार प्रसार बढ़ाएं। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि हिंदी हमारी राजकीय और प्रमुख भाषा है। हालांकि पश्चिमी सभ्यता के बढ़ते प्रभाव का नकारात्मक असर हिंदी भाषा पर भी पड़ रहा है, जिसपर सभी को ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि हिंदी में प्रौद्योगिकी व तकनीकी विषयों पर कार्य होना जरूरी है ताकि मूल भाषा पर लोगों की रूचि बनी रहे। राजभाषा सप्ताह के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में कला और मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ रोजीकांत, विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ दिवाकर निराला, वाणिज्य विभागाध्यक्ष रितेश कुमार, कृषि विभागाध्यक्ष प्रभात किरण, डॉ रूद्र नारायण, डॉ प्रीति व्यास, संजय कुमार, सीमा कुमारी, उमा कुमारी, प्रीति वर्मा, आशा गुप्ता समेत अन्य का योगदान महत्वपूर्ण है।

### एनटीपीसी ने 13. 22 एमएमटी कोयला का किया उत्पादन

# इस वर्ष का 17 एमएमटी उत्पादन का लक्ष्य: प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड में सकारात्मक बदलाव लाने वाली एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा स्थानीय पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। प्रेस वार्ता में परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां को साझा करते हुए कई बातें कही। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा की देश की ऊर्जा जरूरत को पूरा करने में हमारी परियोजना कि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आज हमारे देश में निरंतर ऊर्जा जरूरतों की मांग बढ़ती जा रही है ऐसे में हमारी परियोजना ने पिछले साल जहां 13.22 एमएसटी कोयला उत्पादन किया था वहीं इस साल हमारा लक्ष्य है कि कंपनी 17 एमएमटी का उत्पादन करें। परियोजना द्वारा किये जा रहे हैं सामाजिक कार्यों के बारे में पूछे जाने पर परियोजना प्रमुख ने कहा कि हम नैगमिक सामाजिक दायित्वों के तहत आसपास के क्षेत्र में निरंतर चिकित्सा शिविर का आयोजन, आधारभूत संरचनाओं का विकास जिनमें सड़कों का निर्माण, ट्यूबवेल, दिव्यांग जनों को इलेक्ट्रीक ट्राइ साइकिल जैसी कई सुविधाएं मुहैया करवा रहे हैं। परियोजना प्रमुख ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम 100 फिसदी कोयला कन्वेयर बेल्ट से ट्रांसपोर्ट करें। उन्होंने कहा हमने सैकड़ो लोगों को रोजगार, स्वरोजगार से जोड़ा है जिससे हजारों परिवार लाभांवित हो रहे हैं। इस दौरान विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्षों ने भी अपनी विभाग की उपलब्धियां को रखा। इस खास मौके पर परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा, एनटीपीसी के अमित अस्थाना, प्रशांत सिंह, अरविंद कुमार सिंह, डॉक्टर के पदक सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## सक्सेस प्वाइंट के दो छात्रों ने सीआरपीएफ में पायी सफलता



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा बुढ़िया माता मंदिर समीप सक्सेस प्वाइंट कोचिंग सेंटर के दो विद्यार्थियों ने सीआरपीएफ में सफलता हासिल कि है। ग्राम बरवां निवासी सागर कुमार पिता ज्ञानी प्रसाद और सलैया निवासी मुकेश कुमार पिता दर्शन महतो के इस सफलता से अपने गांव और प्रखंड और अपने माता पिता का नाम रौशन किया है। वहीं कोचिंग के निदेशक इंद्रदेव प्रसाद समेत सभी शिक्षकों ने दोनों विद्यार्थियों को फुल माला पहनाकर और डायरी पेन देकर सम्मानित किया। साथी सभी शिक्षकों ने इनके उज्जवल भविष्य कि कामना करते हुवे हार्दिक बधाई दी। मौके पर राजदेव प्रसाद, शहनवाज अंसारी, बिरेंद्र प्रसाद समेत कई शिक्षक उपस्थित थे।

## अखंड हरि कीर्तन को लेकर की बैठक



**चरही (आजाद सिपाही)।** चरही ग्राम कारुखाप शिवमंदिर प्रगंण मे ग्रामीणों का एक बैठक का आयोजीत किया गया। जिसकी अध्यक्षता जगदीश महतो और संचालन अशोक तुरी ने की बैठक मे चर्चा किया गया आम जनता की सहमति से निर्णय लिया गया कि प्रतिऐक वर्ष की भांति ईस वर्ष भी दिनांक 18/9/23 से 19/9/2023 तक अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया जायेगा इस आयोजन को सफल बनाये जाने हेतू समिति का भी विस्तार गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष बैजनाथ तुरी, सचिव सुरेश कुमार महतो, कोषाध्यक्ष देवनाथ महतो, हरि कीर्तन मंडली अध्यक्ष अशोक तुरी, उपाध्यक्ष मुनशी महतो, उपसचिव राजकुमार राम, उपकोषाध्छ राजु महतो, संरक्षक जगदीश महतो, राजु तुरी, जपाली महतो, अवधेश महतो, कुलदीप ठाकुर, बेवस्थापक लोकनाथ महतो, राजेश कुमार महतो, झमन महतो, दिलीप महतो, बालदेव महतो, संयोजक तुलसी महतो, कैलाश तुरी, मोहन तुरी, पुजा प्रभारी, अरुण कुमार महतो, भुवनेश्वर तुरी, मीडिया प्रभारी अकाश कुमार महतो, भोला तुरी, हंसराज कुमार महतो, पुजारी भीम पांडेय तथा अन्य सदस्य ग्रामीणों को बनाया गया। कीर्तन और पूजा की सारी जिम्मेदारी इन समिति लोगों को सौंपा गया है।

## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** विधायक मनीष जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 को लेकर नामांकित टीम के कप्तानों के साथ बड़कागांव पश्चिम पंचायत भवन सभागार में मुखिया रंजीत कुमार की अध्यक्षता में की गयी। जिसका संचालन समिति सचिव विजय यादव ने किया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए फुटबॉल मैच के आयोजन का अंतिम रूप दिया गया। साथ ही साथ कोर कमेटी के द्वारा बड़कागांव प्लस टू विद्यालय फुटबॉल मैदान का जायजा लिया गया। वही क्षेत्र के तमाम बुद्धिजीवियों खेल प्रेमियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया जिसके लिए रणनीति तैयार की गयी और भव्य आयोजन को अंतिम रूप दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से संरक्षक अनिल मिश्रा, जय नारायण प्रसाद, उमेश कुमार दांगी, बेचन साव, रंजीत कुमार, श्रीकांत निराला, कोषाध्यक्ष भवानी प्रसाद, सरोज सोनी, मीडिया प्रभारी संजय कुमार राणा, घनश्याम जायसवाल, सरोज कुमार, कैलाश साव, नरसिंह प्रसाद, कुणाल दुबे समेत दर्जनों टीम के कप्तान खेल प्रेमी मौजूद थे।

## पंचायत की समस्याओं को लेकर मुखिया ने डीसी को सौंपा पत्र



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** करगालो मुखिया मोतीलाल महतो ने उपायुक्त हजारीबाग को पंचायत की ज्वलन्त समस्याओं को लेकर पत्र सौंपा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि करगालो के उत्क्रमित प्रार्थमिक विद्यालय ज्ञानगढ़ा में चाहरदीवारी निर्माण, उत्क्रमित प्रार्थमिक विद्यालय बिरणबेड़ा में चाहरदीवारी निर्माण, करगालो के टोला पिपरा टिलहा स्थित पोखन साव के घर से छत्रु साव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, करगालो के खोंगिया नाला में पुलिया निर्माण, करगालो के द्वारिका महतो के घर से बुधन साव के घर तक पीसीसी निर्माण, लोटवा बांध में झमन महतो के घर से बालदेव महतो के घर तक पीसीसी निर्माण, बीरनबेड़ा में सुरेश मिस्त्री के घर से सुकर मिस्त्री के घर तक पीसीसी निर्माण कराने की अपील की है। इसके अलावा हर घर जल नल योजना के तहत बताया गया कि करगालो पंचायत में 19 जलमीनार के जगह पर बढाकर 45 जलमीनार स्वीकृत कराये जाने की मांग की है। आवेदन में मुखीया के अलावा पसस युगल महतो व उपमुखिया के भी हस्ताक्षर है।

## मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रांची गिरिडीह इंटरसिटी को दिखायी हरी झंडी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार कोडरमा संसदीय क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक पल साबित हुआ। केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ अन्य विधायकों और धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर न्यू गिरिडीह स्टेशन से रांची के लिए चलने वाली ट्रेन 03309 राची इंटरसिटी को रवाना किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ डीआरएम कमल किशोर सिन्हा भी रांची गिरिडीह रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के विष्टाडोम कोच में बैठे, तो हरी झंडी दिखाते ही ट्रेन ने अपना रफ्तार भी पकड़ा। ट्रेन को रवाना करने से पूर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के अलावे गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक सरफराज अहमद, जमुआ विधायक केदार हाजरा सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 153 साल बाद यहां यात्री सुविधा में इजाफा हुआ है। जो भी बदलाव दिख रहा है वो सिर्फ पीएम मोदी और रेल मंत्री के प्रयास से। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस ट्रेन के समय सारिणी में बदलाव की मांग है तो इसे लेकर जल्दी पहल किया जायेगा। मंगलवार को कोडरमा विधायक नीरा यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों ने इस ट्रेन के कोडरमा जंक्शन आने पर ढोल नगाड़े बजा कर स्वागत किया। ट्रेन से पहुंचीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का भी लोगों ने भव्य स्वागत किया। ट्रेन के रूकने के बाद इसके अंदर अत्याधुनिक कोच का मुआयना किया। यह कोच अक्सर हिल स्टेशन के ट्रेन रूट में चला करता है। मौके पर भाजपा के नितेश चंद्रवंशी, रामचंद्र सिंह, देवनारायण मोदी, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, शशि भूषण प्रसाद, बैजनाथ यादव, सुधीर सिंह, चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, सुदर्शन यादव, सुधीर यादव, चंदन सिन्हा, पंकज मोदी, रोहित जायसवाल, अमर सिंह, संजु शर्मा, निरंजन कसेरा आदि उपस्थित थे। इसके पहले महेशपुर स्टेशन पर भी लोगों ने स्वागत किया।

## मारपीट में युवक हुआ घायल

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के गझंडी रोड में सोमवार की देर शाम एक बोलेरो चालक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर मोबाइल और पैसा छीन लिया गया। जानकारी के अनुसार तिलैया थाना क्षेत्र के गूमो निवासी नीतीश कुमार, पिता राजेश सिंह बोलेरो से गझंडी सवारी छोड़कर वापस तिलैया लौट रहा था। इसी बीच गझंडी रोड के पास 5-6 अज्ञात अपराधियों ने गाड़ी रोक कर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसके पास से सात हजार पांच सौ रुपया और मोबाइल छीन लिया। घायल अवस्था में युवक ने तिलैया थाना पहुंचकर आप बीती सुनाई। वही तिलैया पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए युवक को सदर अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन में जुटी है।

## रामगढ़ जिला स्थापना दिवस पर मैराथन दौड़ का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिला स्थापना दिवस को लेकर मंगलवार को केबी स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ टायर मोड़ के मुर्राम कला में आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ का शुभारंभ केबी स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष ओम प्रकाश महतो, समाजसेवी पवन कुमार महतो ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर शुरूआत किया। मौके पर केबी स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष ओम प्रकाश महतो ने कहा कि 12 सितंबर ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि काफी संघर्षों के बाद हजारीबाग जिला से रामगढ़ जिला को अलग किया गया। वर्तमान समय में रामगढ़ जिला विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है, जिसमें यहां के युवाओं की भी भागीदारी महत्वपूर्ण है, अब जरूरत है रामगढ़ जिले को सजाने संवारने का ताकि विकास के पथ पर अग्रणी पंक्ति में लाया जा सके। मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में विपुल कुमार और महिला वर्ग में आरती कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केबी स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष ओम प्रकाश महतो, पवन कुमार महतो, चेतलाल महतो, लुकेश महतो, सुरेंद्र महतो, दिनेश महतो, मनोज महतो, राहुल कुमार, रूपेश कुमार, बबलू महतो, मुकेश महतो, पंकज महतो, बीरू कुमार, आर्यन कुमार, सुनीता कुमारी, कांति देवी, फुलेश्वरी देवी, प्रमिला चौधरी, अंजू देवी, होलिका कुमारी आदि शामिल थे।

## सीसीएल से भूमि वापसी मांग को लेकर प्रबंधन व रैयतो के बीच चली वार्ता विफल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल से खतियानी 11 डिसमिल भूमि वापसी की मांग को लेकर रैयत-परिजन व सीसीएल प्रबंधन के बीच पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय, कुजू के सभागार में वार्ता हुई। वार्ता में प्रबंधन की ओर से सीसीएल जीएम (ऑपरेशन) बीपी गुप्ता, क्षेत्रीय राजस्व पदाधिकारी रवि कुमार, प्रबंधक (कार्मिक) संतोष कुमार, पीसी साहू और रैयतों की ओर से परमेश्वर गोप समेत परिजन शामिल रहे। बैठक के दौरान रैयत सह ओरला निवासी परमेश्वर गोप पिता स्वर्गीय नवल गोप ने सर्वप्रथम अपनी बात रखते हुए बताया कि मांडू प्रखंड अंतर्गत मौजा ओरला, खाता नंबर 36, प्लॉट नंबर 305, कुल रकबा 70 डिसमिल खतियानी जमीन मेरे दादाजी स्वर्गीय भोला गोप पिता स्वर्गीय शंभू गोप के नाम से है। सीसीएल द्वारा 59 डिसमिल जमीन वर्ष 1976-77 में केदला--गिद्दी वाशरी रोड के लिए अधिग्रहण किया गया था। उसी समय 59 डिसमिल के साथ शेष 11 डिसमिल पर भी सीसीएल द्वारा सर्वे रास्ता को छोड़कर मेरी खतियानी भूमि में जबरन रास्ता बना दिया गया। इस बीच मौजूद सीसीएल पदाधिकारियों व रैयत के बीच हो -हंगामे में घंटो देर चली वार्ता में सकारात्मक निर्णय नहीं निकलने से विफल हो गया। वार्ता में नीलू देवी, सुजीत कुमार,आशा कुमारी, जुगल, पंकज कुमार महतो, पिंटू कुमार, अनिल कुमार महतो, सुधीर कुमार अकेला, सत्येंद्र कुमार महतो, संजय महतो, बिहारी कुमार महतो, कुलदीप कुमार, लक्ष्मण कुमार महतो, ब्रह्मदेव महतो, अजय कुमार महतो, अनुपम देवी समेत कई परिजन व सीसीएल सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।

## भुरकुंडा में पोषण माह पर कार्यक्रम



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में मंगलवार को पोषण माह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी आंगनवाड़ी केंद्रों की सेविकाओं सहायिका भुरकुंडा के मुखिया अजय पासवान के साथ पिरामल फाउंडेशन नीति आयोग के निशा वर्मा और कल्याणी राउत शामिल हुई। इस कार्यक्रम में सेविका तथा पिरामिड फाउंडेशन नीति आयोग के द्वारा लाभार्थियों को पोषण माह के महत्व के बारे में बताया गया। पोषण क्यों जरूरी है, कुपोषण को कैसे दूर किया जाए, जैसे सवालों पर जागरूकता संबंधित कार्यक्रम का आयोजन हुआ सेविकाओं द्वारा खाने-पीने की चीजों जैसे चावल, दाल, सब्जी, दूध, अन्य चीजों से रंगोली बनाया गया और लाभार्थियों को डब्लूएचओ के कुपोषण के डाटा शेयर किये गये और कुपोषण का कारण तथा इससे दूर करने की तरीके बताये गये। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेविका सुमित्रा देवी, मिताली घोष, अमूल्य एक्का, पुष्पा पासवान, रीता देवी, राधिका देवी, रीना देवी, अंजली देवी, आदि दर्जनों महिला और लाभार्थी मौजूद थे।

## होप एंड हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा टंडवा हमेशा विस्थापित इलाके के समग्र विकास के लिए सामुदायिक विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता आ रहा है। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए एनटीपीसी पहले से ही पीएवी में विभिन्न प्रकार के सामुदायिक विकास कार्यों को किर्यान्वित कर रहा है। शिविर का आयोजन हजारीबाग होप एंड हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया था। 2023-24 का पहला मेगा स्वास्थ्य शिविर मंगलवार को टंडवा टाउन हॉल में शुरू हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाए प्रदान करना है, जिसमें बच्चों, महिलाओं और पुरुषों सहित कुल 304 लाभार्थियों ने भाग लिया और लाभ उठाया। एनकेएसटीपीपी मेगा मेडिकल कैंप एमएमसी का आयोजन करता रहा है जिसकी ग्रामीणों के साथ-साथ प्रशासन ने भी काफी सराहना की है। शिविर का एक मुख्य उद्देश्य मेगा चिकित्सा शिविर में 02 सामान्य चिकित्सकों के साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ और बाल रोग विशेषज्ञ के प्रावधान द्वारा पीएमएसएमए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का समर्थन करना है। स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ स्वास्थ्य देखभाल के महत्व का एक प्रमाण है, जहां चिकित्सा सुविधाएं सीमित हो सकती हैं। यह सामान्य जांच और विशेषज्ञों के साथ परामर्श सहित चिकित्सा सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। ऐसे स्वास्थ्य शिविर तत्काल स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करके और संभावित स्वास्थ्य संकटों को रोककर सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रथाओं के बारे में जागरूकता को भी बढ़ावा देते हैं, जिससे समुदाय के समग्र स्वास्थ्य में दीर्घकालिक सुधार में योगदान मिलता है। चिकित्सा शिविर का संचालन एन.ए शिपो, सीएसआर कार्यकारी द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिप्रा रानी और डॉ. साईकिरण, सुनीता देवी, सरिता देवी, रोहणी देवी, पीयूस कुमार, सुभाष गुप्ता, अशोक ठाकुर, प्रयाग कुमार समेत सैकड़ों लोग उपस्तिथ थे।

## महिला को काटा सांप

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना क्षेत्र के मानो देवी पति सुजीत महतो ग्राम कटिया को धान रोपने के क्रम में सांप काट लिया। जानकारी मिलने के बाद पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा 108 बुलाकर पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू भेजा गया। उसके बाद वहां के डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### क्राइम मीटिंग में एसपी ने दिया थाना प्रभारियों को निर्देश

# कोर्ट, जज, वकील की सुरक्षा को लेकर रहें अलर्ट : पीयूष पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जमशेदपुर कोर्ट परिसर में हमले के बाद रामगढ़ कोर्ट की सुरक्षा भी बढ़ा दी गयी है। मंगलवार को क्राइम मीटिंग में एसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि कोर्ट, जज, बार एसोसिएशन और न्यायालय से जुड़े कर्मियों की सुरक्षा काफी अहम है। रामगढ़ पुलिस को इसके लिए हाई अलर्ट पर रखा गया है। न्यायालय परिसर और न्यायाधीशों के आवास पर भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिये गये हैं। एसपी ने बताया कि हाई कोर्ट के निर्देश के साथ-साथ पुलिस मुख्यालय ने भी न्यायालय परिसर में हमले की घटना के बाद विशेष दिशा निर्देश जारी किया था।



**अवैध कारोबार पर लगे रोक, सीओ और डीएमओ से स्थापित करें समन्वय**

क्राइम मीटिंग के बाद एसपी ने बताया कि रामगढ़ जिले में अवैध कारोबार पर पूरी तरीके से रोक लगाना है। यहां अवैध कोयला, बालू और पत्थर से जुड़ा हुआ कारोबार है। अवैध कारोबारी पर कार्रवाई करने के लिए सभी थाना प्रभारी संबंधित अंचल अधिकारी और जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करें।

**संगठित अपराध के खिलाफ हो करवाई**

क्राइम मीटिंग के दौरान एसपी पीयूष पांडे ने संगठित अपराध के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जिले में सरकारी एवं निजी कंपनियों के क्वार्टर पर भी आपराधिक गिरोह के सदस्यों द्वारा कब्जा जमाया गया है। उन स्थानों पर भी पुलिस लगातार छापामारी करें। इसके अलावा संगठित अपराध गिरोहों के खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

**वारंटी की हो तत्काल गिरफ्तारी**

क्राइम मीटिंग के दौरान एसपी पीयूष पांडे ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि वे वारंटी की तत्काल गिरफ्तारी करें कोर्ट से निर्गत जमानती और गैर जमानती वारंट कटा मिला तत्काल होना चाहिए इस त्यौहार और कुर्की जाती पर भी त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# फील्ड फायरिंग रेंज के नाम पर एक व्यक्ति का भी घर नहीं टूटेगा : बाबूलाल मरांडी

**झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो बंदोबस्त गैरमजरूआ जमीन का भी मुआवजा दिया जायेगा**





आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** फील्ड फायरिंग रेंज के नाम पर एक व्यक्ति का भी मकान नहीं टुटेगा और न एक इंच जमीन लिया जायेगा। यह मैं आप सबों को आश्वस्त कर रहा हूं। यह बातें झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित चतरा विधानसभा क्षेत्र स्तरीय जनसभा को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। बाबूलाल ने कहा कि यह आप कैसे सोच सकते हैं कि जिस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चतरा जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 80000 गरीबों का मकान बनाया है। वह प्रधानमंत्री गरीबों का मकान कैसे टूटने देगा। फील्ड फायरिंग रेंज के नाम पर विरोधी दल द्वारा भ्रामक खबर फैला कर गुमराह किया जा रहा है। पहले भी विरोधी दल द्वारा सीएए और किसान को लेकर दुष्प्रचार किया गया था। बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि झारखंड में चारों तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है, बहू बेटियां सुरक्षित नहीं है। पदाधिकारी लूटने में लगे हुए हैं। विकास का कोई काम नहीं हो रहा है। प्रत्येक दिन दंगे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भी भाजपा की सरकार रहती है तो पुलिस को अपराध पर नियंत्रण करने के लिए लगाया जाता है, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने पुलिस को बालू, गिट्टी, कोयला के अवैध कारोबार की उगाही करने में लगा दिया है। जिसके कारण अपराध पर से पुलिस का नियंत्रण खत्म हो चुका है। बाबूलाल ने आगे कहा कि गैरमजरूआ जमीन को लेकर सरकार गरीबों के साथ अन्याय कर रही है। चतरा, गिरिडीह, हजारीबाग जैसे जिलों में वर्ष 1911 में सर्वे का काम हुआ था। उस समय गरीब लोग जितना जमीन पर जोत-कोड़ कर रहे थे, उतना जमीन का ही बंदोबस्ती कराया था। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर झारखंड को अपराधियों, लुटेरों, दलालों, बिचौलियों से मुक्त कराना है। सभा को स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह, सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास, पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोक्ता और जनार्दन पासवान प्रदेश कार्य समिति सदस्य युगल किशोर खंडेलवाल, प्रदीप सिंह प्रदेश मीडिया संयोजक राजधानी यादव ने भी संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा के जिला प्रभारी विपिन सिंह, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, पूर्व जिला अध्यक्ष रजनीकांत सिंह नरेश सिंह रामविलेश सिंह नवीन शाह, जिप सदस्य निशा कुमारी, जिला उपाध्यक्ष तिलेश्वर साहू धर्मेंद्र साहू के अलावे अनेक पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा प्रथम मंच संचालन जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह ने किया इस मौके पर मुख्य अतिथि समेत सभी वरीय लोगों को माला पहनाकर और अंग वस्त्र बैठकर स्वागत किया गया। इस मौके पर स्थानीय सांसद और जिलाध्यक्ष द्वारा मां भद्रकाली और माता कौलेश्वरी का चित्र भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतापपुर और कान्हाचट्टी प्रखंड के अनेक कार्यकर्ताओं ने अन्य पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थामा जिन्हें मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी ने माला पहनाकर स्वागत किया। चतरा में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया इस दौरान उन पर पुष्प वर्षा भी की गयी।

## भुरकुंडा में दुर्गा पूजा और काली पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री दुर्गा पूजा और काली पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर स्थानीय लोगो की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से परियोजना प्रबंधन आरके प्रसाद उपस्थित थें। बैठक सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा को लेकर 1500 रूपया प्रत्येक परिवार से पूजा सहयोग राशि के रूप में देने का निर्णय किया गया। समिति ने लोगो से अपील किया कि श्रीश्री दुर्गा पूजा कमिटी के सदस्यगण पूजा सहयोग राशि लेने घर पहुंचे तो कृपया सहयोग राशि 1500 रूपया देकर पुण्य का भागी बनें। बताया गया कि इस वर्ष मां दुर्गा की प्रतिमा संसद भवन स्वरूप वाले पूजा पंडाल में विराजमान होगी। मौके पर समिति के अलावे दर्जनो स्थानीय लोग मौजुद थे।

## फैक्ट्री से होने वाले प्रदूषण की जांच को लेकर कमेटी का हुआ गठन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के इंडस्ट्रियल एरिया हो या प्रखंड के अन्य स्थानों पर स्थापित छोटे-बड़े फैक्ट्री से होने वाली प्रदूषण की जांच की जायेगी। इसके लिए पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता के द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में अध्यक्ष पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता है। वही कमेटी के सचिव के रूप में पतरातू सीओ शिव शंकर पांडे को रखा गया है। इसके अतिरिक्त जेइ प्रवीण कुमार, पेयजल और स्वच्छता विभाग के जेई मिनहाज अंसारी, मुखिया किशोर कुमार महतो, मुखिया विजय मुंडा, मुखिया श्रीमती नूतन सिंह, कुर्से के मुखिया संदीप उरांव, ताला टांड़ के मुखिया रीझन देवी, डूडघी के मुखिया मो मुकीम अंसारी, कटिया बस्ती के पंसस अनीता जैन, डूडगी के पंसस मो फरीद अंसारी को सदस्य बनाया गया है।

### 17वीं भादो अमावस्या महोत्सव पर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

# दादी जी के मीठे-मीठे भजनों पर झूमते नजर आये भक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान आयोजित पांच दिवसीय 17 वीं भादो अमावस्या महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को भव्य और विशाल शोभायात्रा दादी मंदिर से निकाली गयी। इससे पूर्व गणेश पूजा और दादी जी की आरती मंदिर के पुजारी ब्रजेंद्र कुमार पाठक और सोमनाथ शर्मा ने की। इसके पश्चात शोभा यात्रा सुभाष चौक, लोहार टोला, गोला रोड, झंडा चौक, थाना चौक, मेन रोड होते हुए पुनः दादी मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में दादी भक्तों ने भाग लिया। शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण जमशेदपुर से आइ हुई झांकियों की टीम थी जो तरह-तरह की झांकियां प्रस्तुत कर रही थी। झांकियों के पीछे 13 महिलाएं





त्रिशूल लेकर चल रही थी और उनके पीछे 13 कलश और उनके साथ 13 दादी का प्रतीक चिन्ह लेकर चल रहे थे, जो बहुत ही सुंदर और आकर्षक लग रही थी।

**शोभा यात्रा में दादी जी की दरबार सुंदर और आकर्षक सजाया गया**

शोभा यात्रा के दौरान दादी जी के दरबार को भी बहुत सुंदर और आकर्षक सजाया गया था। दादी जी के दरबार से सभी को प्रसाद वितरण किया जा रहा था। इस दौरान दादी जी के प्रेमियों का उत्साह देखने लायक था।

शोभायात्रा के दौरान रामगढ़ क्षेत्र की प्रसिद्ध भजन गायिका प्रीति पांडे ने अपने मधुर आवाज से दादी जी के मीठे मीठे भजनों से दादी भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

**शोभायात्रा का विभिन्न संस्थाओं ने किया स्वागत**

शोभायात्रा के दौरान दादी भक्तों को कई प्रमुख संस्थाओं ने स्वागत किया। श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट ने इस भव्य विशाल शोभा यात्रा की सफलता के लिए शहर के सभी दादी भक्तों का तहे दिल से आभार प्रकट किया है। साथ ही आग्रह किया है कि बुधवार को मंगल पाठ में ज्यादा से ज्यादा दादी भक्त शामिल होकर पुण्य के भागी बने।

## हिंदू समाज पार्टी के नेता पर हमला करने आये दो अपराधी गिरफ्तार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ शहर में हिंदू समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक सिसोदिया पर हमला करने आये दो अपराधी पुलिस के हत्या चढ़े हैं। अपराधियों के पास से पुलिस ने हथियार भी बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों को पहचान धनबाद सिजुआ निवासी अभिजीत कुमार सिंह और बोकारो निवासी दुर्गा प्रसाद के रूप के हुई है। अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद रामगढ़ थाना पहुंचे हिंदू समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक सिसोदिया ने बताया कि मंगलवार को उनके होटल दी हॉर्ट रेजिडेंसी में दो संदिग्ध लोग पहुंचे हुए थे। जब उनके मैनेजर ने उन्हें संदिग्ध लोगों की सूचना दी, तो दीपक तत्काल अपने होटल पहुंचे। उन्होंने रामगढ़ पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस टीम जब वहां पहुंची तो दोनों व्यक्तियों को जांच के लिए हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान अपराधियों के पास से एक पिस्तौल, दो मैगजीन और लाखों रुपये नगदी बरामद हुए हैं। इधर, पुलिस दोनों अपराधियों से पूछताछ कर रही है। 31 जुलाई को भी उनकी हत्या का हुआ था प्रयास दीपक सिसोदिया ने पुलिस के समक्ष संदेह जाहिर किया है कि वे दोनों उनकी हत्या करने वहां पहुंचे हुए थे। अपराधी आये दिन लगातार उनकी हत्या की साजिश रच रहे हैं। 31 जुलाई को भी उनकी हत्या का प्रयास हुआ था। जिसपर आज तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई।

## आजसू प्रखंड कमेटी ने लगाया जनसमस्या निवारण शिविर



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के ग्रामीणों के समस्या का समाधान के लिए आजसू पतरातू प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में मुख्यालय दिवस पर पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया। शिविर में कई गांव से आये ग्रामीणों की समस्याओं का निदान किया गया। शिविर में आजसू नेता राजू कुमार, अशोक पाठक, ब्रजेश सिंह, प्रदीप मांझी राजकिशोर प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बीच सड़क पर लगे बिजली पोल से हो सकता है हादसा



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू राजा बागी के मोहल्ला के राजन कुमार सिंह के घर के सामने विद्युत पोल सड़क के बीचो-बीच लगे रहने से आवागमन में रोड़ा बने हुए हैं। पतरातू राजा बागी ब्लॉक मोड़ के ग्रामीणों ने बिजली का खंबा रोड के बीचो-बीच से स्थानांतरित करने को लेकर सहायक विद्युत अभियंता भुरकुंडा के नाम पत्र प्रेषित किया है। पत्र में कहा गया है कि बीचों बीच बिजली का खंबा सड़क पर होने से दुर्घटना होने की संभावना के साथ-साथ खतरनाक साबित हो रहे हैं इन बिजली के खंबा को स्थानांतरित करने का मांग ग्रामीणों ने की है। मांग करने वालों में राजन कुमार सिंह, नाजिया खातून, अनु कुमारी, राजेंद्र सिंह, शाहिदा खातून, प्रिया कुमारी, योगेश बबलू आदि शामिल है।

## जोजो टोला में नये ट्रांसफार्मर लगाने की मांग



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी जोजो टोला के विस्थापित ग्रामीणों ने बिजली की समस्याओं के निष्पादन हेतु नये ट्रांसफार्मर को लेकर खतियानी रैयत परिवार उरीमारी के समक्ष अपनी बातों को रखा। समस्याओं को देखते हुए खतियानी रैयत परिवार के संरक्षक दसई मांझी के नेतृत्व में मंगलवार को बिरसा परियोजना पदाधिकारी के नाम से खान प्रबंधक रामेश्वर मुंडा को बिजली की समस्याओं से निजात पाने के लिए एक मांग पत्र सौंपा गया। वहीं संरक्षक दसई मांझी ने बताया कि उरीमारी और पोटंगा के जोजो टोला के विस्थापित ग्रामीणों के द्वारा कई दिनों से बिजली के बोल्टेज की कमी होने की शिकायत मिल रही थी। वहीं बच्चों की पढ़ाई लिखाई और पानी के लिए बोरिंग मशीन चलाने में काफी दिक्कत हो रही है। जिसे लेकर परियोजना पदाधिकारी को मांग पत्र देकर यथाशीघ्र टांसफार्मर देने की मांग की है। मौके पर मुख्य रूप से संरक्षक दसई मांझी, अध्यक्ष शनिचर मांझी, सचिव कार्तिक मांझी, सुखू मांझी, रैना मांझी, खेपन मांझी, तालो हांसदा, शिकारी टुडू, भादो करमाली, मनोज सिंह, लालजी पावरिया, बिनोद सोरेन, जितेंद्र यादव, राजू पावरिया, मोहन पावरिया, अनिल मुर्मू, दीपक मरांडी, देवा उरांव मौजूद थे।

## भुरकुंडा पुरन राम चौक में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति का गठन

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा बाजार स्थित पुरन राम चौक में श्रीश्री दुर्गा पुजा समिति की बैठक हुई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस साल भी दुर्गा पुजा धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पुजा को लेकर कमटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक धर्मनाथ राम, संतोष राम, सुधीर प्रसाद, अध्यक्ष सरयु सिंह, सचिव सुरेंद्र राम, कोषाध्यक्ष नरेश राम, सदस्य मे डॉ राजेंद्र महतो, संतोष अग्रवाल, विप्लव कुमार, डॉ अमरजीत कुमार, उतम कुमार, आदित्य कुमार, कुलेश्वर राम, सुनील राम, अर्जुन राम, विजय राम, संजय राम, बुल्लू करमाली, विनय राम, मनीष करमाली सहित अन्य शामिल हैं।

## सैकड़ों आदिवासी महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सिमरिया प्रखण्ड के खादीबोर्ड मैदान में विधानसभा स्तरीय भाजपा की विजय संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजिय किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, संचालन जिला महामंत्री मिथलेश कुमार गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम के अतिथियो में प्रथम मुख्यमंत्री भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद सुनील सिंह, विधायक किशुन कुमार दास, हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा उर्फ माइकल सहित भाजपा के दिगज नेता शामिल हुये। इस निमित्त प्रमुख रीना कुमारी ने अपने सैकड़ों समर्थक को साथ देश के प्रधानमंत्री के कार्यों से प्रभावित होकर मौजूद अतिथियों और जनता के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान प्रमुख रीना कुमारी ने कहा कि आज मैं भारतीय जनता पार्टी के मंच पर उपस्थित हूं, इसके पीछे एक ही प्रेरणा है, वह देश के मुखिया और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य प्रणाली से प्रभावित होकर पार्टी में जुड़ रही हूं। प्रमुख रीना कुमारी के साथ पंचायत समिति सदस्य आशा देवी, बसंती देवी, ललिता कुमारी, रविंतरी टाना भगत, जोनी टाना भगत, उमा कुमारी, किरण कुजूर, परमिला कुमारी, मानती देवी, सुचिता देवी, फुलमनी देवी, नौरी देवी, मालती देवी, सबीना देवी, सुचिता भगत, इश्वर टाना भगत, बिनोद मिंज, सुरेंद्र भगत, मुकेश टाना भगत, बिनोद मिंज, सहित सकड़ों आदिवास ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर भाजपा की पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, राधा देवी, श्रीवास्तव उरांव, अरूण उरांव, धनराज भोगता, विजय लाल, शिवशंकर साव, सोनू कुमार गुप्ता, रविंद्र सिंह, अश्विन दराज, अम्बास्ट कुमार,बालेश्वर उरांव, सुरेंद्र भगत, कारण कुमार महतो, संजय कुमार गंझु सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# चीन से मुकाबला

जी 20 की नई दिल्ली शिखर बैठक में अफ्रीकन यूनियन (एयू) को इस समूह की पूर्ण सदस्यता दिए जाने के बाद से इसके असर को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। प्राकृतिक संसाधनों के भंडार के मामले में वह शुरू से अव्वल माना जाता रहा है, लेकिन वैश्विक मंचों पर अफ्रीका की खास नुमाइंदगी नहीं दिखती। इसी असंतुलन को दूर करने की कोशिश जी-20 ने अफ्रीकन यूनियन को पूर्ण सदस्यता देकर की है। खास बात यह कि इसकी पहल भारत ने की थी और यह फैसला भी उसी के प्रयासों का फल माना जा रहा है। इसी संदर्भ में टाइम्स ऑफ इंडिया ने सोमवार को प्रकाशित संपादकीय में कहा है कि अब भारत को अफ्रीकी देशों के साथ रिश्तों को मजबूती देने पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि अफ्रीकी देशों के साथ भारत के खास संबंध रहे हैं। यह बात भी सही है कि जी-20 की सदस्यता दिलाने में सक्रिय भूमिका ने उन देशों में भारत के लिए सद्भाव पैदा किया है। लेकिन अफ्रीका को आज विदेशी पूंजी की जरूरत है। इस मामले में चीन काफी आगे है। चीन ने कई अफ्रीकी देशों में बेल्ट एंड रोड परियोजना के तहत काफी निवेश किया है और उन देशों में इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट में मदद की है। इसी वजह से अफ्रीकी देशों की अमेरिका से दूरी बढ़ी है और वे चीन के करीब आए हैं। हालांकि, पिछले कुछ बरसों में चीन की वजह से कई देशों के कर्ज के जाल में फंसने की भी चर्चा होती रही है, लेकिन इसे लेकर अफ्रीकी देशों में कोई बहुत नाराजगी नहीं है। अफ्रीकी देशों की पश्चिम से एक शिकायत यह भी रही है कि उन्होंने उनके कुदरती संसाधनों का दोहन किया, लेकिन वहां विकास कार्यों को लेकर बेरुखी दिखाई।

**अफ्रीकन यूनियन को जी-20 समूह की सदस्यता दिलाने के बाद अब भारत को अफ्रीका में ज्यादा से ज्यादा निवेश पर बल देना चाहिए। अफ्रीकी देशों से संबंध और मजबूत करने की जरूरत है।**

ऐसे में अगर भारत को अफ्रीकी देशों में पैठ मजबूत करनी है तो उसे भी वहां निवेश बढ़ाना होगा, जो इतना आसान नहीं है। इस संदर्भ में चीनी और भारतीय इकॉनमी के बीच का फर्क भी याद रखने की जरूरत है। इस साल अगस्त के आखिर में चीन का विदेशी मुद्रा भंडार 3.16 ट्रिलियन डॉलर था, जबकि 1 सितंबर को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर के करीब। चीन की इकॉनमी भी भारत की तुलना में 5 गुना बड़ी है। इसका मतलब है कि अफ्रीका में चीन की डिप्लोमेसी का मुकाबला करने के लिए भारत को अधिक संसाधनों की जरूरत पड़ेगी। यह तभी संभव है, जब भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से तरक्की करे और वह चालू खाता घाटे में कमी ला पाए। अच्छी बात यह है कि चीन की इकॉनमी आज सुस्त पड़ रही है, जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया के बड़े देशों में सबसे तेजी से बढ़ रही है। भारत का एक्सपोर्ट भी रेकॉर्ड लेवल पर पहुंच चुका है और उसका ध्यान चालू खाता घाटा कम करने पर भी है। अगर भारत इन उपायों के जरिये अधिक संसाधन बचा सका, तभी वह चीन की कर्ज डिप्लोमेसी का जवाब दे सकेगा। अगर वह ऐसा कर पाता है तो बेशक अफ्रीकी देशों से उसके रिश्तों को नई ऊंचाई मिलेगी।

अभिमत

आजाद सिपाही

**चाहे प्राचीन भारत की बात हो, या आधुनिक समय की, दोनों के परिसंगम में हमारी परंपराओं और घरेलू संस्कृतियों में इंडिया शब्द का कोई वास्ता नहीं? पर, शायद अब भारत के माथे पर जबरन गोदा गया इंडिया नाम सदैव के लिए लुप्त होने की कगार पर है जिसकी अधिकृत शुरुआत देश की महामहिम द्वारा उस समय हुई, जब उनके कार्यालय से जी-20 कार्यक्रम को लेकर नामचीन हस्तियों को निमंत्रण भेजे गए।**

# मोदी-शाह की जोड़ी एक साथ कई मुद्दे उछाल कर विपक्ष को कंफ्यूज कर देती है



डॉ. रमेश ठाकुर

'भारत' शब्द हमारी खाटी संस्कृति, देशी रीति-रिवाजों और पुरानी परंपराओं की आत्मा है, तभी उसे भारत माता कहके पुकारते आए हैं। गुजरा वक्त इसी शब्द से गुलजार रहा था। लेकिन जब अंग्रेजों की घुसपैठ हुई, तो उन्होंने अपने मुफादित नया नाम 'इंडिया' गढ़ दिया जिसे भारतीयों को ना चाहते हुए भी अपनाना पड़ा। 200 सालों तक देश उनका बंधक रहा, इस बीच ये नाम भी प्रचलित होता गया। आजादी से लेकर आजतक यानी 275 वर्षों से भारत की जगह इंडिया शब्द ही बोला और लिखा जाता रहा। समूचा संसार भी इंडिया से ही जानता-पहचानता और पुकारता है। ये सच्चाई वैसे हम सभी जानते हैं कि भारत का अंग्रेजी नाम इंडिया अंग्रेजों की देन है। क्योंकि इंडिया की उत्पत्ति इंडस यानी सिंधु शब्द से है जो यूनानियों द्वारा चौथी सदी ईसा पूर्व से प्रचलन में रही। इंडिया नाम पुरानी अंग्रेजी में 9वीं सदी में और आधुनिक अंग्रेजी में 17वीं सदी से मिलता है।

चाहे प्राचीन भारत की बात हो, या आधुनिक समय की, दोनों के परिसंगम में हमारी परंपराओं और घरेलू संस्कृतियों में इंडिया शब्द का कोई वास्ता नहीं? पर, शायद अब भारत के माथे पर जबरन गोदा गया इंडिया नाम सदैव के लिए लुप्त होने की कगार पर है जिसकी अधिकृत शुरुआत देश की महामहिम द्वारा उस समय हुई, जब उनके कार्यालय से जी-20 कार्यक्रम को लेकर नामचीन हस्तियों को निमंत्रण भेजे गए। निमंत्रण पत्र में उनके पद से 'इंडिया' शब्द हटा हुआ दिखा। अक्सर, भारत के राष्ट्रपति के पद के आगे 'दा प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' लिखा होता था। पर, उस स्थान पर 'दा प्रेसिडेंट ऑफ भारत' शब्द दिखाई दिया। जाहिर है इसके बाद सियासी हंगामा कटता और हंगामा कटते हुए देर नहीं लगी? हिंदुस्तान के तकरीबन सभी सियासी दल केंद्र सरकार विशेषकर प्रधानमंत्री पर हमलावर हो गए हैं। सभी एक सुर में बोलने लगे कि प्रधानमंत्री संविधान से भी छेड़छाड़ करने लगे हैं।

**मोदी-शाह की जोड़ी एक बात ठीक से जानती है कि एक साथ इतने मसले उठा दो, जिससे विपक्ष कन्फ्यूज हो जाए, कि कौन-सा उठाएं, कौन-सा नहीं?**



**इंडिया शब्द को हटाने को लेकर सियासत में सुगबुगाहट ही नहीं, बल्कि गर्माहट भी बढ़ गई है। चर्चाएं ऐसी हैं कि हो सकता है बुलाए गए संसद के विशेष सत्र में केंद्र सरकार संविधान से 'इंडिया' शब्द को हटाने का कोई बिल ले आए। प्रस्ताव की तैयारियों की हलचल दिखने भी लगी है।**

कांग्रेस नेता जयराम की टिप्पणी आई, बोले इंडिया शब्द से आपत्ति क्यों है प्रधानमंत्री को? क्या इसलिए कि जब से विपक्षी दलों ने सामूहिक रूप से अपने संयुक्त गठबंधन का नाम इंडिया रख लिया है। जबकि, इससे पूर्व अपने नौ वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ने अपनी करीब 150 योजनाओं के नाम इंडिया शब्द से ही रखे। चाहे खेलो इंडिया हो या स्टार्टअप इंडिया? विपक्ष इसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने के मूड में है। समूचा विपक्ष विशेष सत्र में इसे मजबूती से उठाएगा। लेकिन, सरकार ने सत्र आने से पहले ही ऐसा धमाका कर दिया जिससे विपक्ष में भगदड़ मच गई। उनमें अभी तक शोर सिर्फ 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर था। लेकिन एक और बड़ा बम फोड़ डाला। मोदी-शाह की जोड़ी एक बात ठीक से जानती है कि एक साथ इतने मसले उठा दो, जिससे विपक्ष कन्फ्यूज हो जाए, कि कौन-सा उठाएं, कौन-सा नहीं?

बहरहाल, 'इंडिया' को 'भारत' कर देना, ये संवैधानिक रूप से सभी सियासी दलों के साथ मंत्रणा करने वाला मुद्दा है। हालांकि अभी भी संदेह के कुछ बादल मंडरा रहे हैं। मात्र राजनीतिक गलियारों में ही चर्चाएं हैं। स्थिति अभी भी साफ नहीं है कि वास्तव में ऐसा होगा, या संविधान से इंडिया शब्द को हमेशा के लिए हटाया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा बुलाए जा रहे विशेष सत्र में क्या इस मसले पर चर्चा होगी? मसौदा पेश होगा या फिर कोई बिल लाया जाएगा? वैसे, मुद्दा ज्यादा पेचीदा नहीं है कि आसानी से सुलझाया ना जाए? पर, बात वहीं आकर अटक जाती है कि क्या इस बाबत केंद्र सरकार विपक्ष को विश्वास में लेगी, या पूर्व की भांति इस बार भी सबको दरकिनार करके अपने निर्णय पर आगे बढ़ेगी। विपक्षी दल ज्यादातर इसी बात से नाखुश हैं कि सरकार किसी बड़े निर्णय में उन्हें शामिल नहीं करती, अपने मन-मुताबिक फैसले ले लेती है।

भारत-इंडिया की लड़ाई के इतर अगर बात करें, तो केंद्र में मोदी सरकार के बीते साढ़े नौ वर्षों के कार्यकाल में बहुत कुछ बदला-उल्टा गया। देखा जाए तो कहीं-कहीं जरूरी भी था। मुगल, शाहजहां व अकबर जैसे तमाम पूर्व शासकों के वक्त के इतिहास को बदला गया। उनके द्वारा रखे गए नामों को हटाने का कार्य बीते कई वर्षों से बदस्तूर जारी है। जैसे, पुरानी इमारतें, रेलवे स्टेशनों आदि का नया नामकरण हुआ। इसके अलावा अंग्रेजों के वक्त से चले आ रहे करीब 1500 पुराने कानूनों को खत्म किया है। अंग्रेजों की बनाई संसद को भी स्वदेशी नए भवन में हस्तांतरित कर दिया गया है। इंडिया नाम पड़ने की थ्योरी से तो सभी वाकिफ हैं, लेकिन भारत कैसे पड़ा। इसकी मुकम्मल जानकारियों का बहुत अभाव रहा है। हालांकि, भारत शब्द के पीछे तर्क कोई एक नहीं, बल्कि बहुतेरे हैं। पर, हिंदुओं के महान पौराणिक ग्रंथ 'स्कन्द पुराण' के अध्याय संख्या-37 के मुताबिक ऋषभदेव नाभिराज के पुत्र का नाम भरत था, जो बड़े बलशाली और शूरवीर थे, उन्हीं के नाम से हमारे देश का नाम भारत पड़ा। इसका उल्लेख कई जगहों पर मिल जाएगा कि भारतवर्ष का नाम ऋषभदेव के पुत्र भरत के नाम पर हुआ। हिंदुस्तान शब्द की भी अपनी एक अद्भुत कहानी है। ज्यादातर लोग यही समझते हैं कि हिंदुस्तान हिंदुओं की बहुतायत के चलते पड़ा। जबकि, ऐसा है नहीं? हिन्दू और हिन्द दोनों फारसी शब्द हैं जो इंडो-आर्यन संस्कृत सिंधु से आए हैं। आचमेनिड सम्राट डेरियस प्रथम ने लगभग 516 ईसा पूर्व में सिंधु घाटी पर विजय प्राप्त की थी, जिसके बाद ये शब्द सिंधु घाटी के लिए इस्तेमाल किया गया।

इंडिया शब्द को हटाने को लेकर सियासत में सुगबुगाहट ही नहीं, बल्कि गर्माहट भी बढ़ गई है। चर्चाएं ऐसी हैं कि हो सकता है बुलाए गए संसद के विशेष सत्र में केंद्र सरकार संविधान से 'इंडिया' शब्द को हटाने का कोई बिल ले आए। प्रस्ताव की तैयारियों की हलचल दिखने भी लगी है। अभी कुछ दिन पहले ही तो आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी कहा था कि सदियों से हमारे देश का नाम भारत रहा है? यही रहना चाहिए। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से बाकायदा अपील की है कि इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल हो। फिलहाल इस मसले को लेकर राजनीति जबरदस्त शुरू हो गई है। पर, ज्यादातर देशवासी इस पक्ष में हैं कि देश को भारत ही बोला जाए। यूरोपीय देशों की भांति अगर इस मसले को लेकर केंद्र सरकार जनमत करवाए, तो परिणाम निश्चित रूप से उनके पक्ष में होंगे। बावजूद इसके मसला भयंकर रूप से पेचीदा है, विपक्ष इतनी आसानी से इंडिया को भारत शायद ही होने दे। आगामी संसद के विशेष सत्र पर बहुत कुछ निर्भर करता है कि उसमें क्या वास्तव में इसको लेकर केंद्र सरकार विधेयक लाएगी। अगर लाएगी तो क्या उन्हें सफलता मिलेगी। फिलहाल ये मुद्दा संसद सत्र तक गर्म रहेगा, ये तय है।

## जमशेदपुर की खबरें

# एसडीपीओ ने कपाली ओपी का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**कपाली (आजाद सिपाही)।** एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने कपाली ओपी का औचक निरीक्षण किया। मंगलवार को निरीक्षण के प्रभारी को कई दिशा-निर्देश दिए। एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने बताया क्राइम कंट्रोल को लेकर निरीक्षण किया गया। कुछ कमियां है उसे हर करने का निर्देश दिया गया।उन्होंने कहा जिले के एसपी डॉ विमल कुमार के दिशा-निर्देशन पर नशा मुक्ति अभियान में चलाया जा रहा है। कपाली क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के लिए टीम का गठन किया गया। नशे के कारोबारी को बख्शा नहीं जाएगा। उन पर न्याय संगत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा एसपी डॉक्टर विमल कुमार पदभार संभालते ही नशा के खिलाफ तेजी से अभियान चलाने का निर्देश दिए है। ताकि जिले को नशा मुक्त किया जा सके।

# पुलिस को मिली सफलता, तीन से पांच क्विंटल डोडा के साथ गिरफ्तार



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी डॉ विमल कुमार के निर्देश पर जिले के पुलिस टीम अवैध कारोबारी के खिलाफ लगातार छापेमारी कर रही है। मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर ईचागढ़ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाइ करते हुए ईचागढ़ क्षेत्र के चिपरी गांव के एक घर से भारी मात्रा में डोडा बरामद कर लिया। हालांकि अभी तक किसकी पुष्टि नहीं की गयी। सूत्रों की माने तो पकड़े गये डोडा का कुल वजन लगभग 3 से 5 क्विंटल है। मौके पर पुलिस ने अवैध डोडा तस्करी मंगल चंद्र गोराई को भी गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों की माने तो मंगल चंद्र गोराई डोडा का खेती कर अपने घर में जमा करके रखा था। जिसे कुछ दिनों बाद बंगाल के क्षेत्रो में बेचने की तैयारी चल रही थी। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी मंगल चंद्र गोराई से पूछताछ कर आगे की कार्रवाइ में जुट गयी है।

## आदित्यपुर में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना

# सौतेला बाप करता था रेप, मां देती थी उसका साथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** आरआइटी थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार कर देने वाला एक मामला सामने आया है। यहां एक सौतेला बाप पत्नी को पिस्तौल का भय दिखा नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करता था। इस बारे में जब नाबालिग बताती थी तो मां मुंह बंद करा देती थी। बच्ची की शिकायत पर पुलिस ने उसके सौतला पिता को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, मां को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की। थाने में दिये आवेदन में नाबालिग ने पुलिस को बताया है कि जब वह नौ साल की थी, उसी वक्त से उसका सौतेला पिता अपनी हवस का शिकार उसे बना रहा था। इधर, नाबालिग के भाई ने सोमवार को जब अपनी बहन की स्थिति खराब देख पूछताछ की तो बहन ने पूरी घटना की जानकारी दी। जिसके बाद भाई अपनी बहन को लेकर आरआइटी थाने पहुंचा और आरोपी पिता के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी सौतेले पिता को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, उसकी मां को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। थाना प्रभारी सागर लाल महथा ने बताया की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

**धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।**

### पत्नी को पिस्तौल दिखा धमकाता था आरोपी

थाना प्रभारी सागर लाल महथा ने बताया कि आरोपी दिनेश गिरि बीते चार वर्ष से सौतेली पुत्री से दुष्कर्म कर रहा था। आरोपी की मां से भी पूछताछ की गयी है और उसका बयान कलमबद्ध किया गया है। उसके अनुसार पिस्तौल की नोक पर उसे डराया धमकाया करता था। जिसके बाद घटना को अंजाम दिया करता था। फिलहाल, इस घटना में मां की संलिप्तता का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। पीड़िता का 164 का बयान तथा मेडिकल कराया गया।

# साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में पहुंचे दर्जनों ग्रामीण, प्राप्त आवेदनों पर डीसी ने दिये दिशा-निर्देश



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** जिले के साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में जिले के कई क्षेत्र से व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं को लेकर पहुंचे ग्रामीणों से डीसी रवि शंकर शुक्ला ने क्रमवार मिले। मंगलवार को डीसी ने ग्रामीणों से मिलकर उनके समस्याओं से अवगत हुए। जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े प्राप्त आवेदन को ऑन द स्पॉट निराकरण किया। अन्य शिकायतों से प्राप्त आवेदन संबंधित पदाधिकारी को हस्तांत्रित कर नियमित कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। मौके पर भूमि संबंधित मामले,आवसीय विद्यालय में नामांकन,सड़क मरामत्ती, पेयजलापूर्ति, हरि ओम नगर, सरिता टॉकीज व नगीनापूरी छठ घाट में सड़क मरामत्ती में अनीयमित्ता बरतने की मामला, मत्स्य विभाग,भूमि अधिग्रहण का मुआवजा भुगतान,बंद पेंशन योजनाओं का लाभ लागू करने समेत अन्य आवेदन प्राप्त किया गया। मौके पर सोशल मीडिया प्रसार पदाधिकारी नंदन उपाध्याय उपस्थित रहें।

# कर्मचारियों को वेतन पुनरीक्षण की जानकारी नहीं देना गलत : रघुवर

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने टाटा मोटर्स के उपाध्यक्ष विशाल बादशाह को पत्र लिखकर कंपनी के जमशेदपुर प्लांट के श्रमिकों को मिलने वाली सुविधा में की गयी कटौती की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्र लिख कर उसके निराकरण करने का आग्रह किया। दास ने बताया कंपनी के



कर्मचारियों को हाल के वेतन पुनरीक्षण की जानकारी नहीं दी गयी। जबकि इसके पूर्व इसकी जानकारी दी जारही थी। उन्होंने बताया प्रत्येक कर्मचारियों के वेतन से अगस्त 2023 में सुरक्षा सूचनांक के नाम पर 12 सौ रुपये की कटौती की गयी। सितंबर माह में मेजर परफॉर्मेंस प्रोड्क्शन सेंगमेंट में 5,500 रुपये की कटौती की गयी। इतना ही नहीं श्रमिकों को वेतन भुगतान की जो पर्ची दी गयी है, उसमें सुरक्षा सूचकांक गायब है। जो वेतन पुनरीक्षण समझौते के विरूद्ध है। दास ने कहा कोविड-19 के दौरान कंपनी का एक नंबर गेट बंद किये गये थे अभी तक नहीं खोला गया। जिससे कर्मचारियों को असुविधा हो रही है। इसके अलावा कंपनी कर्मचारियों को बैंकिंग प्रक्रिया पूरी करने,अंतिम संस्कार में शामिल होने और बच्चों के लिए स्कूल जाने जैसे आवश्यक कार्यों के लिए महीने में तीन दिन की मिलने वाली छुट्टी बंद कर दी गयी। जिससे कर्मचारियों में असंतोष है। अगर किसी के परिवार को यह रकम मिलती है तो उस कर्मचारी की ग्रुप इंश्योरेंस से वह राशि काट ली जाती है।

# टाटा मोटर्स कंपनी के वेंडर से मजदूरों को न्याय दिलाने की डीएलसी से मांग, मिला आश्वासन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** समाजिक सेवा संघ के एक प्रतिनिधि मंडल मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए डीएलसी कार्यालय पहुंचे। मंगलवार को प्रतिनिधि मंडल डीएलसी के मुलाकात कर टाटा मोटर्स कंपनी के वेंडर इब्राहिम एंड कंपनी व एस के टिंबर के कार्य शैली पर सवाल खड़ा कर दिया। उन्हीने कहा मजदूरों का फाइनल वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कंपनी के ठेकेदार के द्वारा मजदूरों की ड्यूटी नहीं करने की बात कही जा रही है। उन्होंने मजदूरों का काम करने का पुख्ता सबूत में गेट पास के प्रतिलिपि व ठेकेदार द्वारा अकाउंट में पेमेंट भेजने की बैंक डिटेल्स डीएलसी कार्यालय को उपलब्ध कराया। मौके पर डीएलसी कार्यालय से मजदूरों को अगली तिथि में न्याय मिलने का आश्वासन मिला। मौके पर समाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह मजदूर नेता राजेश सामंत, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के निजी चिकित्सा प्रभारी राजकुमार महतो,हिंद मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष अमित दास, राजेश मुंडा, छोटे सरदार, अशोक कुमार, मनोज विश्राम मौजूद रहे।

# एग्रिको पूजा मंडप निर्माण कार्य का रघुवर दास ने किया भूमिपूजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** एग्रीको पूजा समिति के द्वारा आयोजित भव्य दुगार्पूजा उत्सव मंडप का पुर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया। मंगलवार को भूमिपूजन के दौरान एग्रिको क्लब हाउस मैदान में पूजा समिति के तमाम सदस्यगण मौजूद रहे। इस बार दुर्गा पूजा मंडप बनाने के लिए कोंटाई (पश्चिम बंगाल) के 30 उत्कृष्ट कारीगरों की एक टीम जमशेदपुर आई है। पंडाल का बजट बारह लाख रुपए है। मा दुर्गा की एक आकर्षक प्रतिमा के लिए पश्चिम बंगाल बेल्दा के कारीगरों से संपर्क साधा गया। मूर्ति का लागत लगभग एक लाख तीस हजार है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगने वाले मेला व विद्युत सज्जा मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। इस अवसर पर सचिव भूपेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, संजय सिंह, अभिनाश आइच, अभिषेख डे, सोलिल मुखर्जी, पुटू दा, निकेत सिंह, अमन सिंह, लखविंदर सिंह, अजय सिंह,जयशंकर सिंह, अनिल पांडे, बाला दुबे, अरुण कुमार, प्रोसेनजीत बनर्जी, रवि कुमार, जे पी शर्मा, जे बेहरा, विशाल महतो, राणा सिंह, गोपाल सिंह, सुनील आहूजा, अरविन्द प्रसाद, शुभम, शैंकी सहित कार्यकारिणी व पूजा कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मेराल में भाजपा के कार्यक्रम में अपार भीड़ देखकर बौखलाहट में हैं झामुमो के लोग : उदय कुशवाहा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा मेराल उत्तरी मंडल के अध्यक्ष उदय कुशवाहा ने कहा कि सोमवार को मेराल में आयोजित कार्यक्रम में जनता का अपार समर्थन और भीड़ देखकर झामुमो के लोग बौखलाहट में हैं। भाजपा के लोग कानून का सम्मान करने वाले हैं। वहीं झामुमो के लोगों की शुरू से ही कानून तोड़ने की फितरत रही है। उन्होंने कहा कि मेराल में आयोजित भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति मिलने के बाद ही की गयी है। आयोजित कार्यक्रम में मेराल प्रखंड के लगभग सभी गांवों से पहुंची लोगों की भीड़ और समर्थन देखकर झामुमो के लोग घबराहट में ओछी राजनीति करने पर उतारू हो गए हैं। पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी को क्षेत्र के लोगों का मिल रहा समर्थन को देखकर झामुमो के लोगों को लगने लगा है कि अब समय बदलने वाला है। झामुमो के लोग खुद को सत्ता से बेदखल होता देखकर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग कई निजी कार्यक्रम में कस्तूरबा और अन्य सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को दिनभर खड़ करा देते हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग ओछी राजनीति करने से बाज आयें।

### रंका थाना मोड़ दुर्गा मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर भंडारा का आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना मोड़ दुर्गा मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भंडारा का शुभारंभ थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा एवं झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने श्रद्धालुओं को प्रसाद खिलाकर किया। इस भंडारा कार्यक्रम में हजारों भक्त सज्जनों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं सोनार मुहल्ला श्री कृष्ण जन्मोत्सव कमेटी के द्वारा आयोजित भंडारा के लिए झारखण्ड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढवा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर की ओर से रंका झामुमो युवा मोर्चा प्रखंण्ड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी ने ग्यारह हजार रुपए एवं 2500 ग्लास सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्तिक पाण्डेय, दीपक कुमार सोनी, अरविंद सोनी, मोबिन खान, अजय प्रसाद, दिनेश प्रसाद, रामप्रसाद साहू, धर्मेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, जितेंद्र चंद्रवंशी, विरेंद्र राम, गोपाल चंद्रवंशी, सोनू कुमार, धीरज कुमार, मनीष कुमार, शाहिद अंसारी सहित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कमेटी के लोगों ने सराहनीय योगदान दिया है।

### भंडरिया प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में खेलो झारखंड के तहत खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन



**भण्डरिया (आजाद सिपाही)।** भण्डरिया प्रखंड में मंगलवार को हाई स्कूल के मैदान में भण्डरिया बीआरसी के द्वारा खेलो झारखंड के तहत शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, मुखिया विनय सिंह, उप प्रमुख शारदा देवी के द्वारा खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। इस खेल के मैदान में भण्डरिया व बरगढ़ प्रखंड के सभी स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। सबसे पहले 14 वर्ष से 17 वर्ष के बच्चों ने 100 मीटर की दौड़ से खेल की शुरुआत की गयी है। इस संबंध में पूछे जाने पर शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि यह खेल लगातार तीन दिन चलेगा और प्रखंड स्तर से जो छात्र-छात्राएं जीत कर आयेंगे उस प्रतिभागी को जिला स्तर पर हमलोगों के द्वारा ले जाकर प्रतिभा को निखारने का काम करायेंगे। इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षा प्रसार पदाधिकारी चंदेश्वर प्रसाद सिंह, सेवानिवृत शिक्षक कुंवर सिंह, शिक्षक रतन रंजन, शिक्षक नितेश कुमार वर्मा, अनिल प्रसाद एवं भण्डरिया प्रखंड के शिक्षक उपस्थित थे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के खरौंधा गांव निवासी अंकित दुबे (17) पिता तारानंद दुबे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार रात्रि की है। पुलिस ने मंगलवार को सुबह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारकर कब्जे में लेते हुए अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया। एसआई केदार नाथ मिश्रा ने बताया कि सुबह में जब अंकित दुबे को सोकर उठने में देर हुई तो परिजनों ने उसके कमरे के अंदर झांककर देखा तो वह फांसी के फंदे से झूल रहा था। जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी। प्रथम दृष्टया यही प्रतीत हो रहा था कि मृतक साड़ी का फंदा लगाकर पंखा के हूक के सहारे फांसी लगाया था। उक्त कमरे का दरवाजा अंदर से बन्द था। पुलिस ग्रामीणों के सामने दरवाजा को तोड़कर अंदर गयी और शव को फंदे से नीचे उतारा। मृतक बीए का छात्र था। वह फांसी क्यों लगाया यह जांच का विषय है। सूत्रों की मानें तो अंकित का सोमवार को गांव के ही कुछ लड़कों के साथ सामान्य झगड़ा झंझट होने की बात सामने आयी है।

**कार्यक्रम :** अचला के ग्रामीणों ने सम्मान समारोह आयोजित कर मंत्री को किया सम्मानित, जताया आभार

# जन भावनाओं की कद्र करना जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी जिम्मेवारी : मंत्री मिथिलेश

**केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति मंत्री मिथिलेश ने जताया आभार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा सदर प्रखंड के अचला गांव में एनएच 75 बाईपास में फ्लाई ओवर निर्माण पर ग्रामीणों ने सम्मान समारोह आयोजित कर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को सम्मानित किया। अंजुमन फलाहुल मुस्लिमीन कमेटी के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने मंत्री का भव्य स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार जताया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनप्रतिनिधि का काम सिर्फ क्षेत्र का विकास करना, लोगों को बिजली, पानी, राशन, सड़क आदि सुविधा उपलब्ध कराना ही नहीं बल्कि जनता की भावनाओं का कद्र करना सबसे बड़ी जिम्मेवारी होती है। अचला में कब्रिस्तान के ऊपर फ्लाई ओवर का निर्माण मंत्री की जीत नहीं बल्कि अचला सहित पूरे गढ़वा जिला एवं संपूर्ण झारखंड वासियों की भावनाओं की जीत है। उन्होंने कहा कि केंद्र में बैठे लोग फूट डालो, शासन करो की राजनीति करते हैं। फिर भी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बहुत ही अलग व्यक्तित्व के व्यक्ति हैं। आज उन्हीं के विचार एवं अच्छी सोच का परिणाम है कि यहां फ्लाई ओवर का निर्माण हो पाया। अन्यथा उनकी जगह कोई दूसरा होता तो यहां फ्लाई ओवर का निर्माण नहीं हो पाता। पूरे देश के लोग उन्हें सम्मान की नजर से देखते हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मैं वैसे लोगों का नाम नहीं लेना चाहता जो समाज में रह कर समाज को कमजोर करते हैं। जो सिर्फ अपने हित की बात सोचते हैं, पूरी जनता को बेवकूफ समझते हैं। वैसे लोग अगर अब भी अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं लाते हैं तो वे समाज क्या कहीं के भी लायक नहीं रह जाएंगे। मंत्री ने कहा कि फ्लाई ओवर निर्माण के लिए सभी लोग कहते थे कि यह असंभव है, परंतु मैंने इसे संभव करने का ठान लिया था। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता ने मुझ पर भरोसा कर जन प्रतिनिधि चुना, तभी आज यहां बाईपास दिख रहा है, नहीं तो आने वाले 10 सालों में भी यहां बाईपास नहीं बनता। पूर्व विधायक का नाम लिए बगैर मंत्री ने कहा कि पूरे गढ़वा के लोग यह जान चुके हैं कि वे सिर्फ मनोरंजन का साधन बनकर रह गए हैं। वे लोगों का मनोरंजन कर हंसाते फिरते हैं। पिछली बार तो 25-30 हजार वोट से ही हारे हैं। इस बार जमानत जब्त हो जाएगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड सरकार दृढ़ इच्छा शक्ति की सरकार है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, डा.यासीन अंसारी, अनिता दत्त, मदनी खान, नसीम अख्तर, ताहिर अंसारी, मुखिया मुखराम भारती, प्रमुख दीपमाला, नेजाम, सदर शमसुद्दीन, फैजुल, शरीफ अंसारी, इस्लाम अंसारी, तबीब आलम, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, संजय भारती, फुजैल अहमद, शादिक मौलवी, मुजीबुर्र रहमान,अहमद अली, आलमगीर आलम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दीपक कुमार पांडेय बने गढ़वा पुलिस अधीक्षक

**पदभार ग्रहण कर कहा- गढ़वा जिले में अमन शांति बनाये रखने का निरंतर करूंगा प्रयास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पुलिस अधीक्षक के पद पर दीपक कुमार पांडेय ने पदभार ग्रहण किया। आरक्षी अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, गढ़वा जिले के पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण करने से पहले वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक लोहरदगा के रूप में कार्यरत थे।

पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि गढ़वा जिले को भयमुक्त बनाना और पब्लिक फ्रेंडली पुलिसिंग को बढ़ावा देना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। ताकि आम जनता बिना किसी भय के पुलिस के समक्ष अपनी बात रख सके और पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। उन्होंने कहा कि गढ़वा में नक्सली गतिविधियां कम हुई हैं। फिर भी नक्सलियों की हर गतिविधि पर नजर रखी जायेगी। शेष नक्सली गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों पर विशेष नजर रखी जायेगी। अपराधियों पर विशेष निगरानी और संगठित अपराध पर नियंत्रण भी प्राथमिकता है।

### अवैध संबंध बनाने से मना करने पर देवर ने भाभी को गड़ासा से मारकर मौत के घाट उतारा



**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मझिआंव थाना क्षेत्र के अधौरा चाका गांव निवासी विधवा महिला द्वारा अवैध संबंध बनाने से मना करने पर देवर ने भाभी को गाड़ासा से हमला कर घायल कर दिया था। घायल महिला के इलाज के दौरान गढ़वा अस्पताल में मौत हो गई। बताते चलें कि सोमवार की देर शाम चाका गांव निवासी स्व. हरिनंदन राम की लगभग 35 वर्षीय पत्नी अनीता कुंवर पर सुरेश राम के पुत्र अभिनंदन राम ने गड़ासा से हमला कर घायल कर दिया था। जिसमें गर्दन की कई नस कट गई थी। तत्पश्चात आनन फानन में घायल महिला को स्थानीय मंझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु तुरंत गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर इस संबंध में परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि हमलावर अभिनंदन राम विधवा भाभी से अवैध संबंध बनाना चाह रहा था, जिसका विरोध भाभी हमेशा करती रही और थाना में शिकायत भी की थी। इस गुस्सा में आकर देवर ने भाभी पर गड़ासा से हमला कर घायल कर दिया था। वहीं गढ़वा पुलिस द्वारा मृत महिला के शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। इधर इस संबंध में जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया महताब आलम ने बताया कि घटना की खबर सुनते ही गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचे उसके बाद इलाज करवाने लगे, लेकिन कुछ घंटे बाद महिला की मौत हो गई और पोस्टमार्टम प्रक्रिया करवा कर शव को घर लाया गया। वहीं स्थानीय प्रशासन इस मामले की छानबीन कर रही है।

## पॉस मशीन में दो बार अंगूठा लगवाकर एक ही माह का राशन देने पर लाभुकों ने किया हंगामा

**बीडीओ सह एमओ के नहीं आने से नाराज उपभोक्ताओं डीसी से मिलकर शिकायत करने का लिया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** राशन डीलर द्वारा पोस मशीन में दो बार अंगूठे लगवाने के बाद एक माह का ही राशन देने के आरोप में प्रखंड के अरंगी गांव में मंगलवार को उपभोक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि डीलर अवधेश राम द्वारा अगस्त एवं सितंबर माह का राशन उठाव के लिए पॉस मशीन में दो बार अंगूठा लगवाकर केवल एक ही माह का राशन लेने का दबाव बनाया जा रहा है। इस बात को लेकर ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया तथा सहायक गोदाम प्रबंधक सतीश कुमार सिंह से खाद्यान्न आपूर्ति को लेकर जानकारी प्राप्त की। इस संबंध में झामुमो नेता अतहर अली एवं स्थानीय वार्ड सदस्य पति रामाशीष प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि डीलर द्वारा मनमाने ढंग से राशन वितरण को लेकर जब मेराल के सहायक गोदाम प्रबंधक सतीश कुमार सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि सभी डीलरों को पूर्व से बचे हुए स्टॉक को काटकर अगस्त एवं सितंबर महीने का राशन उपलब्ध करा दिया गया है। परंतु डीलर द्वारा एक माह का ही राशन मिलने की बात कह कर उपभोक्ताओं को एक माह का राशन लेने अन्यथा जहां जाना है वहां जाने की बात कही जा रही है। दोनों नेताओं ने कहा कि इस मामले को लेकर मेराल बीडीओ सह एमओ प्रवेश कुमार साव को मौके पर बुलाया गया परंतु वे बैठक का हवाला देकर डीलर के यहां नहीं पहुंच पाए। मामले का समाधान नहीं होने पर ग्रामीण और अक्रोशित हैं तथा इस मामले को लेकर सभी उपभोक्ता बुधवार को गढ़वा के उपायुक्त से मिलकर डीलर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करने का मन बनाकर सभी अपने घर चले गए।

डीलर की इस मनमानी का विरोध करने वालों में टार्जन पासवान, सत्यम कुमार, गजेंद्र पासवान, संजय मेहता, मुस्लिम अंसारी, मुन्ना अंसारी, दयाशंकर प्रसाद, रामा बिंद, गंगा महतो, कंचन महतो, तारा देवी, अनीता देवी, सकोला देवी, सत्यम कुमार रमेश कुमार अखिलेश कुमार महेंद्र यादव सहित 200 से ऊपर उपभोक्ता शामिल थे।

मौके पर बीडीसी प्रदीप सिंह, मुखिया पति नरसिंह पासवान सहित कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

## पहले मैच में गिरिडीह ने कोडरमा को एक गोल से हराया

**झारखंड अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का रंका उच्च विद्यालय मैदान में हुआ उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** झारखण्ड सरकार के द्वारा आयोजित झारखंड अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला मैच मंगलवार को रंका उच्च विद्यालय के मैदान में खेला गया। इस मैच का शुभारंभ रंका एसडीओ रामनारायण सिंह, झामुमो गढवा युवा जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू, रंका अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, रंका बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राहुल तिवारी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को कीक मारकर किया। यह फुटबॉल मैच जिला गिरिडीह एवं कोडरमा जिला के बीच खेला गया। जिसमें गिरिडीह की टीम ने कोडरमा को एक गोल से हराकर मैच जीत लिया। इसके संबंध में झामुमो गढवा युवा जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि वन एवं पर्यावरण श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू ने बताया कि अगला फुटबॉल मैच प्रतियोगिता 14 सितम्बर को रंका उच्च विद्यालय के मैदान में घाटशिला और रामगढ़ के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो युवा प्रखंड सचिव पप्पू यादव, बुधन यादव, योगेन्द्र यादव, मोबीन खान, विकास यादव, पिंकू सिंह, कपिल देव सिंह सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता एवं खेल प्रेमी ग्रामीण उपस्थित थे।

### 15 वर्षीय लड़की ने की आत्महत्या

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के श्रीनगर गांव निवासी विमलेश चौधरी की 15 वर्षीया पुत्री आरती कुमारी ने सोमवार को दोपहर बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि मृतका की मां ने आवेदन में जिक्र किया है कि मेरा पैतृक घर श्रीनगर गांव में है जबकि कुछ महीनों से डगर गांव में भी घर बना कर रहते हैं। जहां सोमवार को महिला समूह के द्वारा लिए गए कर्ज को देने हेतु श्रीनगर गांव मैं गई थी। जहां से दोपहर के बाद जब मैं डगर गांव के घर पर पहुंची तो देखा कि मेरी पुत्री फांसी के फंदे से झूल रही थी। ऐसी स्थिति को देखकर मैंने पड़ोस के लोगों को घटना के बारे में बताया जिस पर सभी के द्वारा मिलजुल कर मृतक को फांसी के फंदे से उतारा गया। साथ ही आवेदन में मां ने यह भी जिक्र किया है कि मृतका मानसिक रूप से विक्षिप्त भी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT
(CO-OPERATIVE DIVISION)
OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI)
Very Short e-procurement Notice
Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/04/2023-24 Date:- 11.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Name of work | Construction of RICE, MILL, DAL, SATTU, BESAN, MAIZE & TAMARIND Processing unit at different Place of Jharkhand. |
| 02. | Estimated Value of work (IN Rs) | 6,48,11,000.00 |
| 03. | Earnest Money (IN Rs) | 6,48,110.00 |
| 04. | B.O.Q. Cost (IN Rs) | 10,000.00 |
| 05. | Time of Completion | 18 Months |
| 06. | Date Of Publication of on Website | 19.09.2023 AT 11:00 AM |
| 07. | Last Date & Time of Submission of bids | 27.09.2023 Up to 05:00 PM |
| 08. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan, Singh More Hesag, Hatia, Ranchi. 834003 |
| 09. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 19.09.2023 at 11:00 AM to 27.09.2023 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 27.09.2023 Hard Copy of Earnest Money, Cost of BOQ and Affidavit must be submitted in the office of undersigned on or before 02:00 PM on 29.09.2023. Technical Bid received online will be opened at 04:00 PM on 29.09.2023
03. Estimate Cost May Vary.
04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR 306807 Co-opretive(23-24)D

**जांच की मांग :** विद्यालय अवधि में राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित कर पढ़ाई बाधित करने का आरोप

# बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं पूर्व विधायक : धीरज दुबे

**झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता ने डीएसइ को आवेदन सौंप कर अनुमति देने संबंधी जानकारी मांगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार को आवेदन सौंप कर गत 11 सितंबर को मेराल उच्च विद्यालय के मैदान में भाजपा का राजनीति कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अनुमति देने संबंधी जानकारी मांगी है। सौपे गए आवेदन में श्री दुबे ने कहा है कि उक्त विद्यालय के मैदान में विद्यालय संचालन अवधि में राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति किन परिस्थितियों में दी गई। यदि अनुमति नहीं दी गई तो बगैर अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों की पढ़ाई बाधित की गई। इस परिस्थिति में डीएसई द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में डीएसई ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

श्री दुबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को बच्चों एवं उनके भविष्य से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने विद्यालय संचालन अवधि में मेराल उच्च विद्यालय के मैदान में तेज ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाकर घंटों तक राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित रही। स्कूल आने के बाद भी बच्चे कुछ पढ़ाई नहीं कर सके। श्री दुबे ने कहा कि पूर्व विधायक अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। आम जनता की परेशानियों से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। उनका बस एक ही मकसद है चाहे जैसे भी हो, लोगों को कितनी भी परेशानी हो उनका अपना काम होना चाहिए। श्री दुबे ने कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करना, उनकी पढ़ाई बाधित करना कहीं से भी उचित नहीं है। यह एक अक्षम्य अपराध है। यदि डीएसई इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं करते हैं तो झामुमो आंदोलन करने को बाध्य होगा।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– शुद्धि पत्र दिनांक–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची के RFP No.-01/RFP Dashboard/RWD/2023-24, fnukad& 24.08.2023] PR NO.- 305552, Title of RFP- Selection of Consulting Agency to Design and Implement dashboard for Construction Management and MIS of Rural Roads and Bridges Construction in Jharkhand के द्वारा प्रकाशित RFP के तिथि में अपरिहार्य कारणवश निम्नरूपेण परिर्वतन किया जाता है।
1. Last Date and Time for Downloading of RFP Document- **21.09.2023 upto 17:00 Hours**
2. Last Date and Time for online Submission of RFP- **21.09.2023 upto 17:00 Hours.**
3. The hard copy of documents fee and EMD should be submitted to the office of Chief Engineer, Rural Works Department, 102 2nd Floor, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Road, Ranchi- 834001 on or before **22.09.2023, 15:30 Hours.**
4. Date of opening of the RFP- **25.09.2023, 12:30 Hours**
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders. gov. in में देखा जा सकता है। अन्य शर्तें यथावत रहेगें।
PR.NO.306785 Rural Work Department(23-24):D
नोडल पदाधिकारी, ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 13 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## ग्रामीण विकास की योजनाओं का होगा प्रभावी संचालन: डीडीसी



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा जिले के 31वें उप विकास आयुक्त के रूप में संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी जय ज्योति सामंता ने मंगलवार को विधिवत प्रभार ग्रहण कर लिया। प्रभार ग्रहण करने के पश्चात जिला परिषद के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और कार्यालय कर्मियों से औपचारिक परिचय लिया। इस दौरान स्थानीय मीडिया कर्मियों से डीडीसी जय ज्योति सामंता ने कहा कि, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण विकास की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी संचालन उनकी प्राथमिकता होगी। प्रखंडों में संचालित सरकारी कार्यालय में जवाबदेही के साथ सरकारी सेवकों को काम करना होगा। प्रखंड के सरकारी कार्यालय में कमीशन मांगे जाने पर इसकी सीधी शिकायत पीड़ित ग्रामीण डीसीसी से कर सकते हैं। मौके पर जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर समेत अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यालय कर्मी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि, उप विकास आयुक्त समीर एस के लंबे समय के लिए अवकाश में जाने के बाद जिला भू अर्जन पदाधिकारी को उपविकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक में मंत्री विधायक ने अनुसंशित योजनाओं पर चर्चा की

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम विधायक डॉ रामेश्वर उराँव द्वारा समर्पित सोलर स्ट्रीट लाईट निर्माण से संबंधित कुल 61 योजनाओं, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता द्वारा सड़क मरम्मति से संबंधित कुल 13 योजनाओं और चमरा लिंडा, विधायक बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र द्वारा पीसीसी पथ निर्माण, पुलिया निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण से संबंधित कुल 25 प्रस्तावित योजनाओं विस्तृत चर्चा हुई और ग्रामसभा की प्रत्याशा में योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक निर्णय लिये गये। लोहरदगा शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी लगाने हेतु प्रस्ताव पर विचार किया गया और आवश्यक निदेश हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज को दिये गये। डीएमएफटी लोहरदगा के लेखा वित्तीय वर्ष 2022-23 में किये गये अंकेक्षण प्रतिवेदन/तैयार वार्षिक प्रतिवेदन विभाग को भेजने हेतु घटनोत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में पेयजलापूर्ति की बड़ी योजनाएं, जो बंद हैं, उन्हें प्रारंभ कराने हेतु संबंधित पंचायत के मुखिया व जलसहिया के साथ बैठक कर भविष्य में उन योजनाओं की मरम्मति हेतु संबंधित समिति से स्वघोषणा-पत्र प्राप्त किये जाने का निदेश दिया गया।

## हिंदी दिवस के पूर्व संध्या पर सम्मान समारोह का आयोजन



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे हिंदी दिवस के पूर्व संध्या पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत मुख्य अतिथि ' समाज सेवी ' खेल प्रमोटर ' जाने - माने श्रेष्ठ शिक्षा विद व पत्रकार दीपक कुमार मुखर्जी और बी के बालान्जिनप्पा ' ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके का शुभारम्भ किया। दीपक कुमार मुखर्जी ने ने कहा कि एक महान गुरु वह होता है जो मिट्टी से कुम्हार के जैसा सुन्दर मुर्ति का निर्माण करता है। अपना अत्यंत मन ' ज्ञान ' प्रतिभा को अपने छात्र - छात्राओं को समर्पित करता है। बच्चों के भविष्य का निर्माण ' चरित्र निर्माण करने वाला एक ही दार्शनिक व्यक्ति शिक्षक होता है। बीके बालान्जिनप्पा ने कहा गुरु के बिना जीवन व्यर्थ होता है।

## दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता की हुई शुरुआत

बरवाडीह(आजाद सिपाही)। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्कूली बच्चों के लिए प्रखंड स्तर पर खेलो झारखंड 2023-24 खेलकूद प्रतियोगिता की दो दिवसीय शुरूआत मंगलवार को रेलवे क्लब में की गयी। जिसका विधिवत उद्घाटन जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास प्राधिकारी राकेश सहाय उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद समेत अन्य लोगों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित करके किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत बालक और बालिका वर्ग के 200 मीटर दौड़ से की गयी जिसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया वहीं इसके अलावा 100 मीटर 400 मीटर 600 मीटर 800 मीटर 1500 मीटर 3000 मीटर 5000 मीटर की दौड़ के साथ ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेक चक्का फेक ट्रिपल जंप कबड्डी खो खो समेत कुल दो दर्जन से अधिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

## कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण, जल्द शुरू होगा पठन पाठन का कार्य: डीएसइ

कैरो (लोहरदगा)(आजाद सिपाही)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 12 सितंबर मंगलवार को लोहरदगा जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री मति अपरूपा पाल चौधरी ने प्रखंड के नव निर्मित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण। निरीक्षण के क्रम मे डीएसई श्री मति चौधरी ने विद्यालय तक पहुँच पथ, बगल मे नहर से बने तटबंध, भवन मे पंखा, बल्ब, शौचालय इत्यादि सुविधाओं का गंभीरता पुर्वक किया निरीक्षण। श्रीमति चौधरी ने बताया कि अभी अभी कुछ ही दिन पहले कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा भवन विभाग को हस्तांतरित कीया है, पठन-पाठन प्रारम्भ करने से पूर्व बच्चियों के स्वास्थ्य,सुरक्षा इत्यादि विषयो पर निरीक्षण किया जा रहा है,सारी व्यवस्थाएँ अप-टू-डेट होने के उपरांत उक्त आवासीय विद्यालय मे पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ कर दी जायेगी। मौके पर निरिक्षण के क्रम मे विभाग के कनिय अभियंता उमेश प्रसाद और विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष बने औरंजेब, कहा पार्टी का रीढ़ हैं कार्यकर्ता



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष रंजीत उरांव ने पार्टी आलाकमान के निर्देश पर बालूमाथ प्रखंड युवा मोर्चा के अध्यक्ष मो औरंजेब खान को बनाया गया। तथा पार्टी को मजबुत करने के लिए औरंजेब को कई बड़े टास्क भी दिये गये। इसके अलावा दिलीप उरांव, संतोष उरांव, जयराम गंझू को उपाध्यक्ष, तथा बहादुर उरांव को सचिव, इंदु अंसारी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किय गया। अध्यक्ष मो औरंजेब खान ने कहा की किसी भी पार्टी संगठन के कार्यकर्ता रीढ़ होते है। मैं अपने प्रखंड क्षेत्र में झामुमो को अपने सभी पार्टी कार्यकर्ताओ के सहयोग से और मजबुत बनाउंगा। जो लातेहार जिला बालूमाथ प्रखंड उदाहरण बनेगा। वही लातेहार जिला परिसद उपाध्यक्ष अनीता देवी, मो समशुल खान, परमेश्वर गंझू, नागदेव उरांव संजय उरांव राजेश उरांव सहित दर्जनो लोगो ने औरनजेब खान को बालूमाथ प्रखंड झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष बनने पर बधाई दिया है।

## 11 वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला निवासी सहिन्दर तुरी की पुत्री निशा कुमारी ने सोमवार रात्रि में अपने ही घर में किसी कारण से दुपट्टा लेकर फाँसी के फंदे से झूल कर जीवन लीला समाप्त कर ली। कुछ माह पूर्व लकड़ी के माता पिता कमाने के लिऐ उत्तर प्रदेश राज्य के बनारस ईट भट्ठा गए हुए थे. मृतक लड़की निशा कुमारी और उसका 9 वर्षीय भाई प्रशांत तुरी घर में साथ साथ रहकर पढ़ाई करते थे।

### यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

# छात्र ईमानदारी से मेहनत करें सफलता जरूर मिलेगी : एसपी

**शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है : हारिश बिन जमां**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा /लोहरदगा।** प्रखंड के नवडीहा गांव स्थित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को शिक्षक दिवस बहुत हीं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हारिश बीन जमां, विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी गौतम कुमार, विद्यालय के निदेशक बैधनाथ कुमार पांडे द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। ततपश्चात बच्चों ने अपने शिक्षक के सम्मान में कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने कहा की शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। शिक्षा विद्यार्थियों के लिए सिर्फ ज्ञानार्जन का ही साधन नही अपितु यह आर्ट ऑफ लिविंग अर्थात जीने की कला सिखाती है। पुलिस अधीक्षक ने विद्यालय और विद्यालय के छात्रों के अनुशासन की जमकर तारीफ की। उन्होने कहा की शिक्षकों पर देश के भावी कर्णधारों के जीवन को गढ़ने और उनके चरित्र निर्माण करने का महत्वपूर्ण दायित्व होता है। शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिससे हम प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ सकते हैं। मौके पर निदेशक बैधनाथ पांडे ने कहा कि शिक्षक हमारे अस्तित्व का आधार हैं। शिक्षा देने के अलावा, शिक्षक हमारे चरित्र को ढालने और मूल्यों को स्थापित करने में मदद करते हैं। मंगला चरण, शिव तांडव, चोरी चोरी दिल तेरा चुरायेंगे जैसे कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने सभी शिक्षक को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बबिता पांडे, रामलाल कुमार, मुसदिक अंसारी सहित सैकड़ो की संख्या मे अभिभावक मौजूद थे ।

### डीलर ने 3 महीनों से राशन नहीं दिया तो ग्रामीण पहुंचे चंदवा प्रखंड कार्यालय

# कार्डधारी को राशन किसी भी कीमत में डीलर को देना पड़ेगा: बीडीओ विजय

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के हुटाप पंचायत के एकमहुआ ग्राम के रहने वाले प्रमोद टोप्पो जो राशन डीलर हैं ग्रामीणों ने राशन डीलर प्रमोद टोप्पो के विरुद्ध में 3 महीने का राशन नहीं देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रमोद टोप्पो जुलाई अगस्त और सितंबर का राशन हम लोगों को नहीं दिया है। डीलर प्रमोद कुमार टोप्पो के द्वारा हम लोग से मशीन में अंगूठा लगवा लेता है और राशन मांगने पर उसके द्वारा कहा जाता है कि राशन अभी नहीं मिला है। आयेगा तो आप लोग को बुलाकर दे देंगे। यह कार्यक्रम गत दो महीने से उसके द्वारा किया जा रहा है और हम लोग के द्वारा बार-बार जाने पर डीलर प्रमोद के द्वारा कहा जाता है। कि अभी हमको ब्लॉक से ही राशन नहीं मिला है। इसके विरोध हम सभी ग्रामीण पूर्व में भी आकर चंदवा प्रखंड कार्यालय में आवेदन दिए थे। परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई और हम लोग को भी राशन नहीं मिल पाया है। जिससे हम सभी आहत होकर आज प्रखंड कार्यालय प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर डीलर प्रमोद टोप्पो का शिकायत करने आए हैं। अगर यहां से कोई कार्रवाई नहीं होती है। तो हम लोग लातेहार उपायुक्त के पास जाने का काम करेंगे और प्रमोद टोप्पो का शिकायत करेंगे। इधर ग्रामीणों के डीलर की शिकायत पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि डीलर प्रमोद टोप्पो को किसी भी कीमत में ग्रामीणों को राशन देना होगा। ऐसे अभी उसके पास प्रधानमंत्री कोटे से जो राशन मिल रही थी। वह भी उसके द्वारा ग्रामीणों के बीच राशन नहीं दिया गया। डीलर प्रमोद टोप्पो को किसी भी कीमत में ग्रामीणों को राशन देना होगा नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इधर चंदवा प्रखंड के प्रखंड प्रमुख मनीषा उरांव ने भी कहा कि चंदवा प्रखंड में जितने भी डीलर हैं। उनके द्वारा ग्रामीणों का राशन कम दिया जाता है। यह कार्य अब नहीं होने देंगे। ऐसा होने पर शिकायत मिली तो जो भी डीलर कार्ड धारी को कम राशन देंगे तो वैसे डीलर का लाइसेंस रद्द करने के लिए हमलोग उपायुक्त लातेहार को लिखेंगे।

# डीलर कार्डधारी का गटक जा रहे हैं राशन

**जीप सदस्य संतोषी शेखर व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने डीलर को बर्खास्त करने की मांग की है।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छेचा पंचायत अंतर्गत पीडीएस दुकानदार निजाम अंसारी अनुज्ञप्ति संख्या 44/92 पर राशन कार्डधारियों ने कम राशन देने का आरोप लगाया है। और जमकर नारेबाजी की। बता दें कि जनवितरण प्रणाली के डीलर के द्वारा कार्डधारियों के राशन में कटौती की जाती है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने मंगलवार को बरवाडीह प्रखंड कार्यालय स्थित पुराने ब्लॉक परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय को लिखित आवेदन दिया है। इस दौरान बीडीओ ने राशन कार्ड धारियों की बात सुनी। साथ ही प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को जांच कर दो महीने के राशन वितरण करने व निलंबित करने की कार्रवाई का निर्देश दिया है। राशन कार्ड धारियों द्वारा दिये गये आवेदन में छेचा गांव के राशन कार्डधारियों ने राशन डीलर निजाम अंसारी पर प्रति यूनिट 1 से 2 किलो कम राशन देने व दो किलोमीटर दूर अनाज के जगह तराजू पर पत्थर रखकर पर्ची काटाने का आरोप लगाया है। साथ ही राशन कटौती का विरोध करने पर राशन कार्डधारी का निजाम अंसारी के द्वारा राशन नहीं देने की धमकी देने व कार्डधारियों से दुर्व्यवहार भी आरोप है। डीलर पर कोई कार्रवाई नहीं होने से डीलर की मनमानी बढ़ती जा रही है। वहीं दूसरी और डीलर निजाम अंसारी ने भी मौके पर 1 से दो किलो राशन काटने की बात स्वीकारी है। जीप सदस्य सन्तोषी शेखर व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने डीलर को बर्खास्त करने की मांग की है। इस संबंध में बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि फिलहाल दो महीने का राशन उपभोक्ताओं को मुहैया कराया जाएगा उसके बाद जांचों उपरांत निलंबित किया जाये। साथ ही उन्होंने डीलर पर एफआईआर करने की भी चेतावनी दी है। वही मौके पर भाजपा महामंत्री मनोज प्रसाद, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, उपभोगता अतुल कुमार, रतनी देवी, राजकली देवी मुन्नी देवी शुभम कुमार, लीलावती देवी, शांति देवी, देवंति देवी समेत दो सौ से अधिक राशन कार्डधारी मौजूद रहे।

# चंदवा हाइस्कूल की जमीन अतिक्रमण मुक्त हो: रवि डे

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार चंदवा प्रखंड के समाजसेवियों व राजनीतिक दलों के लोगों ने लातेहार उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त से चंदवा हाई स्कूल की जमीन को भूमाफियाओं से बचाने को लेकर आवेदन देकर गुहार लगायी है। इस आवेदन में आवेदन कर्ताओं ने अंचल कार्यालय चंदवा के अधिकारियों पर भी आरोप लगाया है की भू माफियाओं की मिलीभगत से जानबूझ कर जानते हुए, उक्त जमीन हाई स्कूल की प्रॉपर्टी है, फिर भी उसे जमीन का म्यूटेशन कर दिया, जबकी पूरी जमीन का कुछ हिस्सा भू माफियाओं ने अवैध तरीके से कब्जा भी कर लिया है। कब्जा विद्यालय का पुराना प्राचार्य कक्ष, बालिका कॉमन रूम, आदिवासी छात्रावास स्थित है, मात्र दो प्लॉट संख्या 497 तथा 498 के जमीन का मामला हाई कोर्ट में लंबित है तथा इंजेक्शन लगा है।

वर्षों से सारे जमीन पर विद्यालय का दखल कब्जा है हाल सर्वे के अनुसार खतियान में विद्यालय का नाम दर्ज है, इसके बावजूद विद्यालय जमीन निर्मित जीर्ण शीर्ण चार दिवारी पर नया चारदीवारी का निर्माण करवाकर बनवारी साहब तथा लीलावती देवी का किराएदार द्वारा करकट छाया जाया जा रहा है। रूपेश उरांव द्वारा भी सेड बना दिया गया। विद्यालय के खाता का खतियान रहने के बावजूद अंचल कार्यालय से म्यूटेशन का काम जारी है, अभी तक भू दाताओं का रजिस्टर टू में नाम अंकित है ,तथा ऑनलाइन रसीद कट रहा है, विद्यालय में स्थित जमीनों पर एक न एक दिन भूमाफियाओं का कब्जा हो जायेगा, जिस जमीन का खतियान है परंतु रसीद ऑनलाइन नहीं कट रहा है खाता संख्या 243 के सात प्लॉट संख्या 1354, 1338, 1340, 1341, 1342, और 1352 और खाता 136 में प्लॉट संख्या 492 और 515 है, जिसका कुल रखवा एक एकड़ 92 डिसमिल है इस विद्यालय को सरकार आदर्श विद्यालय घोषित किया है तथा इसमें 50 कमरों का निर्माण होना है छात्रावास का भी निर्माण होना है ऐसी स्थिति में विद्यालय का इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में अवरोध उत्पन्न होगा इस समस्या से निदान के लिए उपायुक्त से मांग की गयी है। कि कानूनी प्रक्रिया करने के बाद सभी लोगों को स्कूल के जमीन से अतिक्रमण मुक्त करने का काम किया जायेगा।

उपायुक्त से मिलने वालों में रवि कुमार डे, रामयश पाठक, सत्येंद्र यादव, प्रमोद साहू, रामवृक्ष प्रजापति, शंकर बैठा, विनय कुमार, अलाउद्दीन इंद्रजीत कुमार शाह उर्फ बंटी समेत कई लोग शामिल थे।

## पेशरार पुलिस ने चोरी का ट्रैक्टर जब्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सुदूरवर्ती पेशरार थाना क्षेत्र के जावाखाड़ निवासी किसान कामिल तिर्की का गत वर्ष दिसंबर माह में हुए ट्रैक्टर चोरी का उद्भेदन करते हुए पेशरार थाना पुलिस ने स्वराज ट्रैक्टर व रोटावेटर जब्त किया है। ट्रैक्टर चोरी के आरोप में सदर थाना क्षेत्र के आकाशी गांव निवासी शेख अजीम का पुत्र आजाद अंसारी को मौके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार किया है। इस संदर्भ में पेशरार थाना प्रभारी अख्तर अली ने बताया कि, गत 12 दिसंबर 2022 को कामिल तिर्की का स्वराज ट्रैक्टर और रोटावेटर अज्ञात चोरों ने चुरा लिया था। पेशरार थाना में मामला दर्ज कर कांड के उद्भेदन के लिए जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया। चोरी का आरोपी आकाशी गांव निवासी आजाद अंसारी समेत चोरी का स्वराज ट्रैक्टर और रोटावेटर पुलिस ने जब्त किया। छापामारी दल में थाना प्रभारी अख्तर अली, सअनि रामदेव राय, पवन सोरेन पुलिस जवान मुकेश शर्मा समेत अन्य शामिल थे। ट्रैक्टर चोरी की घटना का उद्भेदन पेशरार पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है।

## जिले में क्लिनिकल एस्टेबलिशमेंट एक्ट का सख्ती से होगा पालन : डॉ राजमोहन खलखो



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। क्लिनिकल एस्टेबलिशमेट एक्ट का सख्ती से पालन कराने को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय, लोहरदगा के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों ने सभी सरकारी व गैर सरकारी अस्पताल संचालकों के साथ बैठक की। जिसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन लोहरदगा डॉ राज मोहन खलखो ने किया। बैठक में डॉ राज मोहन खलखो ने सभी अस्पताल, क्लिनिक, लैब संचालकों को सरकार द्वारा क्लीनिक स्टेब्लिशमेंट एक्ट का सख्ती से पालन करने का निदेश दिया। सीएस ने कहा की सभी अस्पताल संचालकों को सुरक्षा की दृष्टि से फायर सेफ्टी व कचरा प्रबंधन की व्यवस्था के लिए प्रदूषण विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य है। बिना एन० ओ० सी० के किसी भी सरकारी व गैर सरकारी अस्पताल का क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत निबंधन नहीं किया जायेगा। उन्होंने सभी अस्पताल संचालकों से सीईए का सख्ती से पालन करने का निदेश दिया। राज्य कंसल्टेंट राहुल कुमार सिंह ने कहा की एक्ट का उल्लंघन करने वालों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्रवाई की जायेगी। वैसे स्वास्थ्य संस्थानों पर भी कार्रवाई की जाएगी जिसके चिकित्सक इंचार्ज दूसरे जिले में रहकर कभी-कभी ही अस्पताल आते हैं। बैठक में मुख्य रूप से सभी प्रखंडों के चिकित्सा प्रभारी, सभी निजी अस्पताल के संचालक और डाडी एन सिंह (नोडल), एलजीएसएस के प्रतिनिधि और डीआरए के सदस्य उपस्थित हुए।

## वज्रपात से पांच व्यक्ति हुए घायल


महुआडांड (आजाद सिपाही)। महुआडांड मुख्यालय स्थित रिगड़ीटांड में मंगलवार को हुई ब्रजपात से अनुसूचित आवासीय विद्यालय के परिसर में स्थित लिपटस का पेड़ जहां एक और फट कर झुलस गया तो वहीं दूसरी ओर आस पास के रहनेवाले पांच ग्रामीण भी झटका लगने आंशिक घायल हो गये हैं। इस संबंध में ग्रामीणो ने बताया कि घटना अपराह्न लगभग 1:20 बजे की है। आंशिक घायल होने वाले में सुनील बैठा, शंभू खेरवार, एंजिल लकड़ा, अस्मिता कुजूर और दोरोथिया लकड़ा का नाम शामिल है। सभी घायल व्यक्तियों का देशी उपचार किया जा रहा है।

## छिपादोहर पशु चिकित्सालय में ताला लटके रहने से साप्ताहिक हाट के दिन पशुपालक हुए निराश



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर में पशु चिकित्सालय हमेशा ताला लटका रहता है जिससे पशुपालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार छिपादोहर पशु चिकित्सालय में आसपास के 6 पंचायत के पशुपालकों के पशुओं की इलाज होती है। वर्तमान समय में पशुओं के बीच वायरल लंपि स्किन डिजीज से पशुपालकों की परेशानी बढ़ी है। पशुपालक अपनी-अपनी पशुओं को इलाज कराने हेतु छिपादोहर पशु चिकित्सालय पहुंच रहे हैं। लेकिन उन्हें इलाज से वंचित रहना पड़ रहा है। आज मंगलवार सप्ताहिक हाट के दिन सुदूर लात पंचायत के दो दर्जन से अधिक पशुपालक यघन कोरवा, रमकलिया देवी, पूषन सिंह, मनरूप सिंह, सूर्यदेव उरांव, धनेशवर सिंह, संतोष साव, देवकी सिंह, सोहराई लोहरा, सभी लात पंचायत से पशु चिकित्सालय पहुंचे हुई थे। लेकिन चिकित्सक या अन्यकिसी कर्मी के नहीं पहुंचने से पशुओं का इलाज कराये बिना उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। इससे इन ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया।

## खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का समापन



कुडू (आजाद सिपाही)। खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के चौथे और अंतिम दिन मिनी स्टेडियम माराडीह में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। जिसका संचालन राउ उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने किया और समाजसेवी विपिन भारती ने आशीर्वचन देते हुए धन्यवाद प्रेषित किया। अंडर 14 शॉट पुट अजित उरांव सलगी, बालिका अपना कुमारी कस्तूरबा, अंडर 17 शॉट पुट प्रमेश्वर उरांव सलगी, बालिका सुमन उरांव कस्तूरबा, अंडर 19 निखिल ठाकुर माराडीह, बालिका खुशबू उरांव कस्तूरबा, लंबी कूद अंडर 14 बालक ओम पहान ककरगढ़, बालिका चंचल कुमारी कस्तूरबा, अंडर 17 बालक मुन्ना महली पंडरा, बालिका लाली कुमारी कस्तूरबा, अंडर 19 बालक कृष्णा उरांव सलगी, बालिका काजल उरांव कस्तूरबा बालिका विद्यालय कुडू प्रथम स्थान हासिल करने में सफल रहे।

## जूतों की माला पहनाकर घुमाने के मामले में ग्राम प्रधान समेत चार गिरफ्तार

लातेहार। सरकार व जिला प्रशासन के द्वारा ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को कानून हाथ में नहीं लेने की अपील बार- बार की जाती है। बावजूद इसके ग्राम के जन प्रतिनिधियों के द्वारा ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जाता है. ताजा मामला जिले के हरेहंज प्रखंड का है। यहां ग्राम प्रधान के एक तुगलकी फरमान के बाद एक आदिवासी युवक को जूता और चपप्लों की माला पहना कर गांव में घुमाया गया। घटना गत रविवार की है। इस मामले में सोमवार को प्राथमिकी दर्ज की गयी। पुलिस अधीक्षक ने अंजनी अंजन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। एसपी के निर्देश पर मंगलवार को इस घटना में शामिल ग्राम प्रधान व उनके पुत्र समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## अवैध बालू से लदा ट्रैक्टर जब्त

भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भंडरा थाने की पुलिस ने मंगलवार को अवैध खनन कर बालू से लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जमगाई गांव के समीप से गुजर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। ट्रैक्टर पर बिना कागजात बालू लदा था। हालांकि पुलिस बल को देखकर ट्रैक्टर चालक मौके से भागने में सफल हो गया। जब्त किये गये ट्रैक्टर के चालक और मालिक पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।थाना प्रभारी ने बताया की ट्रैक्टर सिसई थाना क्षेत्र के बघनी गांव निवासी इरसाद अंसारी की है। उन्होंने कहा की क्षेत्र मे अवैध बालू की ढूलाई पर पुरी तरह अंकुश बनी रहेगी।

## गुमला जिला के नव पदस्थापित एसपी ने किया बिशुनपुर थाना का निरीक्षण



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला के नवपदस्थापित एसपी हरविंदर सिंह ने मंगलवार शाम बिशुनपुर थाना परिसर पहुंचकर थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी हरविंदर सिंह ने थाना की विधि व्यवस्था सहित अन्य मामलों का जायजा लिया। वहीं उनके द्वारा शनिवार को जिले में लिए गए प्रभार के बाद मंगलवार को यह दूसरा औचक निरीक्षण था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारी कुंदन कुमार से क्षेत्र की वस्तुस्थिति एवं नक्सली गतिविधियों से संबंधित जरूरी जानकारी भी ली। उन्होंने थाना में पदस्थापित पदाधिकारी, कर्मी सहित थाना क्षेत्र में पड़ने वाले पंचायत और सक्रिय अपरधियों की जानकारी ली। वहीं क्षेत्र में उग्रवादियों की क्या स्थिति है, इस पर भी जानकारियां ली। इसके बाद प्रभारी को जरूरी निर्देश भी दिये। करीब 15 मिनट के निरीक्षण के दौरान वे सारी जरूरत की जानकारी इकट्ठा करते हुए अगले गंतव्य की ओर लिए निकल गए। इस मौके पर थाना प्रभारी एवं पुलिस बल के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ऐपवा की राज्य कमेटी सदस्य मंदिता भट्टाचार्य की बैठक आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** माकपा (माले) का जन संगठन (ऐपवा) अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन की राज्य कमेटी सदस्य नंदिता भट्टाचार्य ने बताया कि ऐपवा का राष्ट्रीय सम्मेलन 30 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2023 तक दिल्ली में होना तय है। जिसकी तैयारी को लेकर 13 सितंबर को गुमला में प्रगतिशील महिलाओं के साथ बैठक होगी। ऐपवा की गुमला जिला इकाई की संयोजिका ने सभी प्रगतिशील विचारों वाली महिलाओं से अपील की है कि उक्त बैठक में उपस्थिति होना सुनिश्चित करें।

## कोयल नदी से अवैध रूप से बालू निकासी कर रहे एक जेसीबी समेत तीन ट्रैक्टर जब्त

**बसिया (आजाद सिापही)।** कोयल नदी से अवैध बालू निकासी कर रहे एक जेसीबी समेत तीन ट्रैक्टरों को प्रशासन द्वारा जब्त करने से बालू माफियाओं में हड़कम्प मच गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार गोपनीय सूचना मिलने पर एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी, सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय एवं थाना प्रभारी छोटू उरांव के द्वारा संयुक्त रूप से 11 सितंबर सोमवार देर रात 11 बजे रात्रि में निनई स्थित कोयल नदी में छापामारी की गयी। छापामारी के दौरान अवैध रूप से बालू निकालने एवं जंगल क्षेत्र में रास्ता बनाने आदि में लिप्त एक बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित जेसीबी समेत तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। उक्त तीनों ट्रैक्टर एवं जेसीबी नदी में बालू उठाने के काम में थे। छापामारी दल एवं पुलिस बल को देखकर सभी वाहनों के चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। छापामारी टीम द्वारा चारों वाहनों को जब्त करते हुए स्थानीय ड्राइवर की सहायता से तीन ट्रैक्टरों को बसिया थाना लाया गया, जबकि जेसीबी का टायर पंचर हो जाने के कारण पुलिस अभिरक्षा में नदी किनारे ही रखा गया है। इसके बाद सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय द्वारा इसकी सूचना जिला खनन पदाधिकारी को दी गयी। जिसके बाद डीएमओ रामनाथ राय द्वारा चारों वाहनों के चालकों एवं मालिकों पर झांरखण्ड लघु खनिज समनुदान संशोधन नियमावली 2004 समेत अन्य विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी। विदित हो कि कोयल नदी में बालू घाट बंदोबस्त नहीं है। साथ ही मानसून सत्र 10 जून से 15 अक्टूबर तक पर्यावरण संरक्षण हेतु किसी भी नदी तल से बालू के उठाव पूर्णतः निषेध है।

## दो आदिवासी नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म के मामले में तीन नाबालिग सहित चार गिरफ्तार

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** आदिवासी नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म के संदर्भ में सदर थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त मामले में तीन नाबालिग के साथ एक बालिका हिरासत में है। साथ ही पकड़े गए अभियुक्तों में देर रात लड़कियों को लेकर घूमने गए दो लड़के भी शामिल हैं। नाबालिग आदिवासी लड़की से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीनों नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। दुष्कर्म से संबंधित मामले को लेकर सदर थाना में प्राथमिकी की दर्ज कराई गई है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के मधुबन भादरा में रविवार की रात्रि लगभग 8:30 बजे के करीब दो लड़की और कुछ लड़के एक साथ गए थे। इसी क्रम में कुछ और लड़के वहां पर पहुंचकर लड़की के साथ गए उसके दोस्तों को मारपीट कर भगा दिया। इसके बाद दोनों लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद दोनों नाबालिग देर रात दुष्कर्मियों के चंगुल से छूटकर घर चली गईं। नाबालिग लड़कियों के साथ गए दोस्तों ने ही मामले का खुलासा किया। पुलिस को मामले की भनक लगते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना की छानबीन शुरू की। छानबीन के क्रम में पीड़ित लड़कियों का पता लगा। लड़कियों के बयान के आधार पर एक बालिका के साथ तीन नाबालिगों को पकड़ा। साथ ही तीनों नाबालिगों को बाल सुधार गृह और एक को जेल भेज दिया। उक्त मामले में सदर थाना में कांड संख्या 1723 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही पीड़ित लड़कियों की मेडिकल जांच भी करायी गयी। कांड के उद्भेदन में सी. सुधीर बाड़ा और महिला थाना प्रभारी मनीता कुमारी के साथ सशस्त्र बलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त मामले में चार को हिरासत में लेने के साथ छह अज्ञात पर भी पर प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। साथ ही देर रात लड़कियों को लेकर घूमने गए दो लड़के भी शामिल हैं।

**बैठक :** गुमला, सिसई, बिशुनपुर विस क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों ने की संकल्प यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

# संकल्प यात्रा की सफलता के लिए कमर कस लें कार्यकर्ता : अनूपचंद्र

**गुमला जिले में बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा 19-20 सितंबर को**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए गुमला, सिसई, बिशुनपुर तीनों विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों की बैठक मुनेश्वर साहू काम्प्लेक्स में जिला अध्यक्ष अनूपचंद्र अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

जिला अध्यक्ष अनूपचंद्र अधिकारी ने बताया कि बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा 19-20 सितंबर को जिले में होना तय हुआ है। जिसमें बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। श्री अधिकारी ने अपील की है कि सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करें।

बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव, पूर्व आईजी डॉ अरुण उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, सत्यनारायण पटेल, भिखारी भगत, विपिन बिहारी सिंह, लाल मोहन साहू, सुजीत नंदा, प्रदीप प्रसाद, विनोद कुमार, निर्मल गोयल, किरण बाद, दामोदर कसेरा, गायत्री देवी, जगनारायण सिंह, दिनेश्वर प्रसाद, अमरमणि उरांव, गौरी किंडो, बालकेश्वर सिंह, खुशमन नायक, विनोद भगत, विजय सिंह पिंटू, रविन्द्र सिन्हा, निरंजन सिंह, तिम्बू उरांव, भैरव सिंह, आफताब आलम लाडले, चौकेंद्र सिंह, राम अवतार भगत, राधेश्याम कुशवाहा, रामेश्वरी उरांव, दिनेश सिंह आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस कामडारा प्रखंड कमेटी ने किया जन सहायता सह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जिला अध्यक्ष ने ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होकर समाधान का दिया आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** जिला कांग्रेस कमेटी गुमला के निर्देश पर कामडारा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा गुमला जिला के कामडारा प्रखंड स्थित सुरूहु पंचायत के कारीचुंवा में प्रखंड अध्यक्ष अजित केरकेट्टा की अध्यक्षता में जन सहायता शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष चैतु उरांव, जिला उपाध्यक्ष अजित गुड़िया, सचिव तरुण गोप, प्रखंड महासचिव पतरस होरो उपस्थित हुए। मौके पर चैतु उरांव ग्रामीणों द्वारा सभी समस्या से अवगत हुए जिसमें मुख्य रूप से वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, सड़क, पानी और भी सभी मूलभूत समस्याओं से अवगत हुऐ। चैतु उरांव ने कहा कि जन सहायता शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर आप लोगों के लिए रखा गया है। आप सभी लोगों को प्रखंड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय आने जाने में कठिनाई होती है, इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए आपके पंचायत में कांग्रेस पार्टी शिविर लगाकर आप लोगों के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ आप तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। आप लोगों की जो भी समस्या है सभी समस्या को लेकर जिले के पदाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और जल्द से जल्द सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। प्रखंड अध्यक्ष अजित केरकेट्टा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों की पार्टी है और सभी समुदाय को लेकर चलने वाली पार्टी है। इस तरह सेवा का कार्य कांग्रेस पार्टी हमेशा करते रहती है और आगे भी करती रहेगी। अजित गुड़िया ने कहा कि आप सभी के लिए समय समय पर शिविर लगाया जाता है उसका लाभ उठाइये। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर एवं उनकी टीम द्वारा ग्रामीणों की जांच की गयी।

मौके पर कांग्रेस सुरुहु पंचायत अध्यक्ष मुरेनेन बरला, युजीन डुंगडुंग, अरबिनद सोरेंग, बिनय टोपनो, फुलमनी सोरेंग सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राहत कमेटी टोटो का रक्तदान शिविर 22 सितंबर को




**गुमला (आजाद सिपाही)।** राहत कमेटी टोटो के द्वारा आगामी 22 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी राहत कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद फैयाज आलम ने दी। उन्होंने बताया कि इस आशय की जानकारी देते हुए सिविल सर्जन को एक पत्र लिखा गया है। उक्त पत्र के माध्यम से सिविल सर्जन से कंपाउंडर तथा मानव शरीर से रक्त निकालने में उपयोग होने वाले उपकरण आदि की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर टोटो उर्दू मिडिल स्कूल में लगाया जाएगा। जहां से रक्त का संग्रहण कर उसे सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की है।

## भाकपा माले ने की देश की वर्तमान परस्थिति व जिले की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा

**बैठक में सदस्यता अभियान ग्राम पंचायतों में चलाकर और अन्य कार्य को पूर्ण करने पर दिया गया बल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** भाकपा (माले) जिला कमेटी की गुमला जिला मुख्यालय में जिला सचिव कामरेड गजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें दक्षिणी छोटानागपुर के पार्टी प्रभारी कामरेड मोहन दत्ता की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में देश की वर्तमन परिस्थिति, जिले की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा के साथ 2024 में लोकसभा चुनाव में पार्टी की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में (ऐपवा) भारतीय प्रगतीशील महिला ऐसोसिएशन का दिल्ली में होने वाले नौवें राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए 13 सितंबर को जिला में बैठक के बाद सदस्यता अभियान ग्राम पंचायतों में चला कर और अन्य कार्य को पूर्ण करने पर बल दिया गया। साथ ही पार्टी को मजबूत करने और ब्रांच से लेकर प्रखण्ड स्तर पर सम्मेलन सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

आगामी सात दिसम्बर से पहले पार्टी के सभी कार्य को सम्मेलन तक पूरा करना है। आगामी 21 सितम्बर को पूरा राशन वितरण की मांग को लेकर व मनरेगा में हुए घोटाले की जांच की मांग को लेकर जिला मुख्यालय में उपायुक्त के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

मौके पर पार्टी के प्रभारी कॉ. मोहन दत्ता ने कहा कि पार्टी को मजबूत करते हुए इंडिया गठबंधन के साथ मिल कर 2024 में लोक सभा चुनाव में मोदी सरकार को बेदखल करना है।

बैठक में पार्टी पदाधिकारी सुषमा देवी, रखी उरांव, लक्ष्मण उरांव, कॉ महेन्द्र जंक्शन, सुखदेव उरांव, दर्शन, विद्यारसुगर बेस, तेम्बा, मुस्तकीम अंसारी, वृजानंद, रामजुगल मुण्डा आदि की सक्रिय भूमिका रही।

**कार्यक्रम :** जन शिकायत निवारण दिवस पर फरियाद लेकर आये सैंकड़ों आवेदक

# उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याओं से संबंधित अधीनस्थों को दिये आवश्यक निर्देश

**पहले 20 से 40 आवेदकों की भीड़ होती थी, वहीं इस बार सैंकड़ों की संख्या में आम जनों को उपस्थिति रही**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस पर आम लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है। पहले 20 से 40 आवेदकों की भीड़ होती थी वहीं इस बार सैंकड़ों की संख्या में आम जनों को उपस्थिति रही। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने एक-एक कर सभी आवेदकों की समस्याओं को सुना एवं उसके त्वरित निवारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पालकोट निवासी सुमन सोरेन ने अपने आवेदन में उनके लकवा की बीमारी के बारे में बताया, जिस कारण वह रोजगार एवं अन्य शारीरिक कार्य करने में असमर्थ हैं। उनकी आर्थिक स्थिति एवं उनके स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार के लिये उपायुक्त से सहायता मांगी। जिसपर उपायुक्त ने संबंधित विभागों को पत्र अग्रसारित करते हुए सुमन सोरेन को इलाज एवं स्वरोजगार हेतु सरकारी योजनाओं से अच्छादित करने का निर्देश दिया। जिले के कन्हर कोना ग्राम निवासियों ने अपना आवेदन समर्पित कर उनके गांव के सर्वांगीण विकास के तहत बिजली, पेयजल एवं सड़क की सुविधा को उपलब्ध कराने हेतु आग्रह किया। जिसपर उपायुक्त ने कहा कि वे अपने अगले क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उक्त ग्राम का स्वयं निरीक्षण करेंगे एवं योजना तैयार करते हुए सभी प्राथमिक सुविधाओं को दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा।

अहीर सेना झारखंड संस्था के प्रतिनिधियों ने एक आवेदन समर्पित करते हुए 2019 में जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा किए गए सीज फायर उल्लंघन में बसिया के संतोष कुमार दुश्मनों की फायरिंग का सामना करते हुए शहीद हो गए थे। जिसके लिए संस्था के सदस्यों द्वारा उनकी स्मृति में एक प्रतिमा का निर्माण करने का आग्रह किया।

उपायुक्त ने सामान्य शाखा के अधिकारी को इससे संबंधित विषय की पूर्ण जानकारी प्राप्त करते हुए चर्चा करने को कहा। इसके अतिरिक्त और भी कई समस्याएं लोगों के द्वारा उपायुक्त के समक्ष रखी गईं।

## लोकपाल ने की मनरेगा योजनाओं की समीक्षा

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में लोकपाल शाहवान शेख के द्वारा मनरेगा योजना की विस्तृत समीक्षा की गयी। लोकपाल द्वारा सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवकों को निर्देश दिया गया कि मनरेगा में मानव दिवस सृजन, अभिलेख का संधारण, पंचायतों पर उपस्थिति, पंचायतों की साफ-सफाई के साथ रजिस्टरों पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया। इसके उपरांत लोकपाल द्वारा बसिया पंचायत के तिर्रा निवासी राजेश साहू के आम बागवानी का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर पंचायतों के मुखिया, पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन वाले प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अन्तर्गत प्रखंड संसाधन केंद्र पालकोट के तत्वावधान में खेलो झारखंड में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कन्दर्प उच्च विद्यालय के प्रांगण राजा मैदान में किया गया था। जिसका आज दूसरा व अंतिम दिन था। खेलो झारखण्ड के तहत अनेक तरह के खेल का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रखंड के विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राएं शामिल थे। इस खेल में अंडर 19, 17, 14 वर्ग के बालक-बालिका भाग लिये थे। सभी खिलाड़ियों में अच्छा प्रदर्शन वाले प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में प्रखंड के शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर बीईओ सुमित्रा तिर्की, बीपीओ एंजेलीना मिंज, तारा लकड़ा, गणपति बड़ाइक, पवन साहू, लालजीत साहू, देवधारी उरांव, दिलीप बैठा, दयावंती मिंज, गीता देवी, अनामिका कुमारी, दीपक कुमार, रजित वारला के अलावे कई शिक्षक व पिरामल फाउंडेशन के दिव्या सिंह उपस्थित थे।

### प्रखंड प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ मुख्य सड़क की मापी कर सीमांकन कराया



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अन्तर्गत आज पालकोट बस स्टैंड में विभागीय आदेश से पालकोट प्रशासन की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ मुख्य सड़क से दोनों ओर 40-40 फीट की मापी कर सीमांकन हो रहा था। इस मापी में सभी के दुकान के अंदर तक सीमा रेखा पहुंच जा रही है, तो किसी की पूरा दुकान ही साफ है। मौके पर दुकानदारों ने कहा कि पहले भी एक बार मापी हुई थी, पर एक दो फिट बाहर थी। इस बार तो बिल्कुल ही दुकान के अंदर ही लाल रंग से सीमांकन किया जा रहा है। मौके पर पालकोट बीडीओ सह अंचलाधिकारी डॉ मनीष कुमार ने कहा कि मापी के आधार पर दो-तीन दिनों तक दुकान खाली नहीं होने पर आगे की कार्रवाई के लिये हम स्वतंत्र हैं। मौके पर सीआई मो. युशूफ, अमीन व पालकोट पुलिस उपस्थित थी।

### अभियंताओं की टीम ने शहीद के गांव तक सड़क निर्माण का मापी कार्य किया शुरू



**बसिया (आजाद सिपाही)।** शहीद प्रदीप तिर्की के गांव कच्चाटोली गांव जाकर जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा सड़क नहीं होने का मामला उठाये जाने के बाद प्रशासन की नींद खुली और मंगलवार को बसिया प्रखंड के सहायक अभियंता दिवाकर केसरी के नेतृत्व में अभियंताओं की टीम द्वारा मोरेंग रायकेरा पक्की सड़क से शहीद के गांव कच्चा टोली तक सड़क बनाने संबधी नापी कार्य शुरू किया गया। मालूम हो कि जिप सदस्य बसंती डुंगडुग कच्चा टोली गांव का दौरा कर शहीद के परिजनों एवं गांव वालों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुई थी और शहीद के गांव तक सड़क नहीं होने पर दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से जल्द सड़क बनवाने की बात अखबारों के माध्यम से कही थी। इसके उपरांत जिला के वरीय पदाधिकारी द्वारा प्रखंड से इस संबंध में रिपोर्ट तलब किया गया। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य ने जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे उठाये मामले पर सड़क निर्माण से संबंधित मापी कराये जाने पर जिला प्रशासन बधाई का पात्र है। मुझे उम्मीद है कि शहीद के गांव तक जल्द सड़क बन जायेगी। जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी।

### निवर्तमान बीडीओ की विदाई सह वर्तमान बीडीओ का स्वागत समारोह आयोजित




**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में मंगलवार को निवर्तमान बीडीओ सुनीला खलखो की विदाई सह वर्तमान बीडीओ रमेश कुमार यादव का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत जेएसएलपीएस के दीदियों सहित अन्य कर्मियों के द्वारा दोनों पदाधिकारियों का स्वागत पारंपरिक गीत संगीत के द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों के बीच निवर्तमान बीडीओ के कार्यकाल के दौरान की गई क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों, निरीक्षण व कार्यक्रमों का चलचित्र के माध्यम से झलकियां प्रस्तुत की गईं। समारोह में निवर्तमान बीडीओ सुनीला खलखो ने अपना अनुभव साझा किया। वहीं वर्तमान बीडीओ रमेश कुमार यादव सहित पूर्व शिक्षक पितांबर झा, कांग्रेस अध्यक्ष बैबुल अंसारी, बीपीआरओ संतोष भगत, बीईईओ जोहानी टोप्पो, एलियो सुषमा तिर्की सहित कई गणमान्य लोगों ने संबोधन दिया। इस मौके पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी विभागों के पदाधिकारी व कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### सरिता पंचायत विहिप कमेटी का गठन



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** प्राचीन शिव मंदिर पहाड़गांव आमटोली के परिसर पर मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद के द्वारा आयोजित स्थापना दिवस के मौके पर सरिता पंचायत विहिप कमेटी का गठन किया गया। विहिप कामडारा के अध्यक्ष राममोहन साहू के नेतृत्व पर स्थापना दिवस को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों ने सबसे पहले मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें उपस्थित लोगों ने संगठन की मजबूती व विस्तार किये जाने को लेकर चर्चा की। बैठक के दौरान सरिता पंचायत विहिप कमेटी का गठन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष के लिये शिवनारायण मिश्रा, उपाध्यक्ष विजय प्रसाद, मंत्री मन्ना सिंह, सह मंत्री बसंत दास, बजरंग दल संयोजक प्रेम सागर और सह संयोजक कलिन्दर इंदवार को बनाया। कार्यक्रम के दौरान विभाग मंत्री केशवचंद्र साय, पालकोट बजरंग दल के संयोजक रुपेश कुमार, उपाध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद साहू, बजरंग दल कामडारा के अनिरुद्ध ठाकुर, चुनू बड़ाईक सहित अन्य ग्रामीण महिला-पुरुष काफी संख्या मे मौजूद थे।

## विश्रामपुर, पांडू, उंटारी व नावाबाजार प्रखंड में 100 करोड़ 86 लाख लागत से बनेंगी 23 सड़कें

# विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में बिछेगा सड़कों का महाजाल: रामचंद्र चंद्रवंशी

**विधायक ने अपने क्षेत्र में किए गए कार्यो की गिनाई उपलब्धियां**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


पत्रकारों से बातें करते विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी।

**विश्रामपुर/पलामू।** पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछेगा। विस क्षेत्र का कोई भी मुख्य व ग्रामीण सड़क कच्ची नहीं रहेगी। सभी सड़कों का पक्कीकरण कराया जायेगा। विधायक मंगलवार को विश्रामपुर के आरसीआइटी कॉलेज में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विश्रामपुर, पांडू, उंटारी व नावाबाजार प्रखंड में 100 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से 23 सड़कों का पक्कीकरण होगा। जिसकी स्वीकृति झारखंड सरकार द्वारा मेरे प्रयास से मिली है। जिसमें से 75 फीसदी सड़क योजनाओं की निविदा प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। शेष 25 फीसदी योजनायें निविदा स्तर पर पहुंचने की प्रक्रिया में है। उन्होंने बताया कि विश्रामपुर प्रखंड में 13, पांडू प्रखंड में आठ, नावाबाजार प्रखंड में दो व उंटारी रोड प्रखंड में दो सड़के बनेगीं। सभी 23 सड़के गांवों को मुख्य मार्ग या प्रखंड व जिला मुख्यालय से जोड़ेगी। विधायक ने जनता को आगाह करते हुए कहा कि चुनाव लड़ने की मंशा पाले हुए कुछ तथाकथित समाजसेवी सस्ती लोकप्रियता के लिए कच्ची सड़कों की मरम्मत के नाम पर लोगों को बरगला रहे है, उनसे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि जो भी जनहित की योजनाएं छूट गयी हों उनसे उन्हें अवगत कराएं। उसका भी क्रियान्वयन कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र का पूर्ण विकास ही मेरा एक मात्र लक्ष्य है। जिसे हासिल करने के लिये दिन-रात लगा रहता हूं। जल्द ही विश्रामपुर झारखंड अग्रणी विधानसभा क्षेत्र के रूप में जाना जायेगा। संवाददाता सम्मेलन में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव व नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय भी मौजूद थे।

# आस्था से खिलवाड़ करने वालों को मिले कड़ी सजा: अरुणा शंकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** कोयल नदी किनारे शिवाला घाट के पास शिव शक्ति ट्रस्ट मंदिर से सोमवार की रात 150 साल पुरानी अष्ट धातू की लड्डू गोपाल की मूर्ति के साथ ही भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की जांदी के मुकुट को चोरों ने चोरी कर लिया। लड्डू गोपाल मूर्ति का वजन करीब दो किलो था। यह आस्था के साथ खिलवाड़ है। इस मंदिर से मेदिनीनगर समेत जिले के सभी लोगों की आस्था जुड़ी हुआी है। ऐसे अपराधी किसी भी कीमत पर बचने नहीं चाहिए। उक्त बातें प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कही। उन्होंने बताया कि पलामू एसपी से मांग की गई कि 48 घंटे के अंदर मूर्ति और मुकुट बरामद कराते हुए अपराधी को यथाशीघ्र गिरफ्तार कर प्रशासन उसे कड़ी सजा दे, ताकि भविष्य में कोई ऐसी घटना करने की हिम्मत ना करें। उन्होंने कहा कि मैं इस मार्मिक समय में मंदिर ट्रस्ट एवं जन-जन के आस्था के साथ खड़ी हूं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाना हमारी प्राथमिकता : कार्यपालक पदाधिकारी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत को स्वच्छ व सुंदर बनाना हमारी प्राथमिकता होगी। उक्त बातें हुसैनाबाद नगर पंचायत के नवपदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी ने कही। वे मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों से बातें कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का चहुमुखी विकास करना व नगर पंचायत वासियों को सरकार द्वारा दी गयी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का सार्थक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन दिनों शहर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ा हुआ है। इसे लेकर शीघ्र ही शहरी क्षेत्र के सभी वार्डो में फॉगिंग मशीन चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विगत एक सप्ताह से सफाई कर्मी हड़ताल पर थे, जिस कारण सफाई कार्य बाधित था। सफाई कर्मियों से वार्ता कर हड़ताल समाप्त करा दिया गया है।अब सामान्य रूप से शहर का सफाई कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने में आमलोगों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने आमलोगों से अपील की कि होल्डिंग टैक्स, पेयजलापूर्ति बिल, दुकानों का किराया आदि का समय पर भुगतान कर नगर पंचायत को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें। इस मौके पर नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी, राकेश सिंह आदि मौजूद थे।

### शिक्षा के साथ-साथ खेल भी बेहद जरूरी : राजन पांडेय

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा समग्र शिक्षा के तहत खेलो झारखंड प्रतियोगिता मंगलवार से शुरू हुआ। विश्रामपुर के जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित इस प्रखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी बेहद जरूरी है। खेल से बच्चों का शारीरिक, मानशिक व बौद्धिक विकास होता है। खेलो झारखंड के अंतर्गत एथेलेटिक्स, जैवलिन-थ्रो, हॉकी, कबड्डी सहित कई प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्रखंड के कई सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों के विजयी प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मौके पर बीपीओ मणि पांडेय, बीआरपी मनोज कुमार पाठक, सीआरपी कृष्णा कुमार, किशोर दूबे, मुकेश तिवारी, अजित तिवारी, श्याम सुंदर वर्मा, मनोज द्विवेदी, वीरेंद्र शर्मा, रंजीत बक्सराय, प्रेमशीला कुमारी, अनिता कुमारी, प्रतिमा कुमारी, अकरम रजा खान और चंदन कुमार आदि थे।

### बरसात के दिनों में बच्चे चार माह स्कूल जाने से हो जाते हैं वंचित: मुखिया गीता देवी



**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सांगबार में अमानत नदी पर पुल निर्माण को लेकर मंगलवार को सांगबार अमानत नदी के तट पर बैठक हुई, जिसमें दर्जनों गांव के लोग शामिल हुए। इसमें अधिकतर महिलाएं थी। बैठक की अध्यक्षता जबिता देवी ने किया। बैठक में अमानत नदी पर पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने विस्तृत चर्चा की। अमानत नदी पर पुल नहीं होने की वजह से आ रही समस्याओं को रखा। साथ ही जिला परिषद सदस्य व पंचायत के मुखिया का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुल निर्माण को लेकर पंचायत स्तर पर हस्ताक्षर करते हुए आवेदन तैयार किया गया, जिससे पलामू डीसी एवं स्थानीय विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता को पुल के बारे में स्थिति से अवगत कराया जाएगा। बैठक में शामिल मुखिया गीता देवी ने बताया कि नदी उस पार रहने वाले लोग बरसात के दिन में एक टापू की तरह मुख्य सड़क से कट जाते है। इस कारण सांगबार स्कूल में पढ़ने जाने वाले बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में चार माह विद्यालय आने से विद्यार्थी वंचित हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि यह पुल बन जाने से दो प्रखंड का मुख्य पथ जुड़ जाएगा। जिससे लगभग 20 गांव के लोगों को आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। बैठक में नीलांबर पीतांबरपुर पश्चिमी जिला परिषद सदस्य आशा देवी ने बताया कि हम अपने जिला परिषद की बोर्ड के बैठक में इस पुल के बारे में मजबूती के साथ प्रस्ताव रखूंगी। उसके साथ-साथ डीसी से भी मिलकर पुल निर्माण के बारे में अवगत कराऊंगी। अमानत नदी पर सांगबार घाट पर पुल निर्माण हो जाने से पाटन प्रखंड व नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के दर्जनों गांव के लोगों को लाभ मिलेगा और आवागमन काफी सुलभ हो पाएगा। मौके प रभगवान शर्मा, भरदुल सिंह, सरजू राम, सविता देवी, रूबी देवी, प्रमिला देवी, सोनी देवी, सुनीता देवी, कुंती देवी, नीलम देवी, सरोज देवी आदि मौजूद थीं।

# बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद को पार्टी से निकाले जाने पर प्रखंड कमेटी ने जताया विरोध

## चेतावनी : निष्कासन का फैसला वापस नहीं लिया गया तो एक साथ देंगे पार्टी से इस्तीफा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हरिहरगंज/पलामू।** बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि को पार्टी से निष्कासित किए जाने के विरोध में हरिहरगंज प्रखण्ड कमेटी व महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग स्थानों पर बैठक कर प्रदेश के मुख्य प्रभारी के फैसले का विरोध जताया है। मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल राम की अध्यक्षता में गौतम बुद्धा पब्लिक स्कूल के समीप व महिला मोर्चा की पूर्व जिला परिषद आशा कुमारी के नेतृत्व में बैठक कर बसपा के प्रदेश मुख्य प्रभारी गयाचरण दिनकर के फैसले को गलत बताया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि हरिहरगंज-हुसैनाबाद में बसपा की रीढ़ माने जाने वाले प्रमोद कुमार रवि को निष्कासित करना पार्टी के लिए अच्छा संकेत नहीं है। प्रमोद कुमार रवि हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र में 25 वर्षों से पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अब तक बसपा में बेहतर अनुभव के साथ एक अच्छे कार्यकर्ता साबित हुए हैं। जो इसका प्रमाण यहां के कार्यकर्ताओं के साथ मतदाता भी देंगे। प्रदेश प्रभारी द्वारा प्रमोद कुमार रवि को पार्टी से निष्कासित करने का हरिहरगंज प्रखंड कमेटी इसका विरोध करती।

साथ ही चेतावनी दी गई कि प्रदेश प्रभारी द्वारा लिए गए फैसले को वापिस नहीं लिया गया तो हम सभी कार्यकर्ता सामूहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा दे देंगे। बैठक में प्रखंड सचिव रवि कुमार, बालचंद राम, पूर्व मुखिया सुनील भुइंया, मीडिया प्रभारी सुशिल कुमार रवि, बीभीएफ राज कुमार, पिंटू बौद्ध, इंद्रदेव भारती, श्यामुदित पासवान, राजू पासवान, रमन राम, गोविंद राम, अवधेश राम, डॉ अवध कुमार दास, किशोर कुमार, मंगलदेव राम, कृष्णा कुमार, उमेश कुमार, राजरानी देवी, निरा देवी, रेनू देवी, ज्योति देवी, पूजा देवी, उर्मिला देवी, सुमन देवी, लालमुनी देवी और चिंता देवी सहित कई बसपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रदेश मुख्य प्रभारी के फैसले का करते हैं सम्मान : प्रमोद कुमार रवि

**बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि ने कहा कि प्रदेश के मुख्य प्रभारी के फैसले का सम्मान करते हैं। बिना कारण और जानकारी के अगर उन्होंने मुझे पार्टी से निकालने का फैसला लिया है तो उचित ही लिया होगा। उन्होंने कहा कि वे हमेशा पार्टी हित में निष्ठा व ईमानदारी के साथ वर्षों से कार्य करते आया हैं और आगे भी करते रहेंगें। उन्होंने प्रदेश मुख्य प्रभारी को पलामू में आकर क्षेत्र के कार्यकताओं व लोगों से फीडबैक लेने का अनुरोध किया है।**

## निर्देश : आयुष्मान कार्ड बनाने को ले डीसी ने की बैठक

# सभी राशन कार्ड धारियों का बनाया जाये आयुष्मान कार्ड : शशि रंजन

- ट्रेनी आइएएस को बनाया गया नोडल ऑफिसर, छह सदस्यीय टीम गठित
- कार्ड बनाने के लिए सहियाओं को दिया जायेगा प्रशिक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर डीसी शशि रंजन ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से जिले में सभी छुटे हुए योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड कैसे बनाया जाये इस पर कार्य योजना बनाया। सभी संबंधित पदाधिकारी को इस कार्य में सक्रियता से काम करने का निर्देश दिया।इस कार्य के लिए डीसी ने ट्रेनी आईएएस रवि कुमार को नोडल पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया। डीसी ने बैठक में डीएसओ को राशन डीलर वार कार्डधारियों की सूची हेल्थ विभाग को सौंपने का निर्देश दिया। साथ ही यह सूची बीडीओ व संबंधित प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को भी देने की भी बात कही। इसी तरह सभी पंचायत के कार्डधारी को चिन्हित करते हुए सभी का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये। जिले में कार्ड बनाने में तेजी लाने के लिए डीसी ने छह सदस्यीय टीम भी गठित किया जो मिशन मोड में कार्ड बनाने को लेकर कार्य करेगी। इसके साथ ही जिले की सभी सहियाओं को प्रखंडवार प्रशिक्षण देने की भी बात कही। उन्होंने सभी को टीम वर्क के साथ योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने पर बल दिया। डीसी ने ब्लॉक सप्लाई ऑफिसर, प्रज्ञा केंद्र व अन्य सभी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए शत-प्रतिशत लाभुकों का कार्ड बनाने की बात कही। एनआइसी साभार में उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, डीएसओ, सिविल सर्जन, डीआईओ, डीपीएम हेल्थ व आयुष्मान भारत के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनटोर मौजूद रहे। वहीं वर्चुअल मोड से सभी बीडीओ व प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी जुड़े रहे।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
## प्रपत्र VII
## समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिघोषणा
### (अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

चुकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना जीहू–ईटखोरी पथ में टू–लेन पेभ्ड सोलडर सहित चौडीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण हेतु ग्राम–गारूकुरहा, थाना–बरही, थाना–सं0–18, अंचल–पदमा, जिला–हजारीबाग में कुल **1.212** एकड़ यानि **0.4906** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **1.212** एकड़ यानि **0.4906** हेक्टेयर है और जो ग्राम–गारूकुरहा, थाना–बरही, थाना–सं0–18, अंचल–पदमा, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 21 | 1391 | नीज | टांड–III | 0.06 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | चिन्तामणी |
| 2 | 21 | 1397 | नीज | टांड–III | 0.02 | 1397 का रैयत | नीज | चिन्तामणी | स्कुल | नीज |
| 3 | 14 | 1400 | नीज | टांड–III | 0.01 | विभूति कुमार सिन्हा पिता स्व0 रविलाल | प्लौट 1397 | रास्ता | चिन्तामणी | प्लौट 1399 |
| 4 | 19 | 1401 | नीज | टांड–III | 0.06 | चिन्तामणी यादव वगै0 पिता भुखन चोवा गोवार | प्लौट 1397 | रास्त | होस्पिटल | विभूति कुमार |
| 5 | 21 | 1402 | नीज | टांड–III | 0.006 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | होस्पिटल |
| 6 | 24 | 1403 | नीज | टांड–III | 0.006 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 7 | 26 | 1404 | नीज | टांड–III | 0.004 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 8 | 21 | 1405 | नीज | टांड–III | 0.006 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 9 | 17 | 1406 | नीज | टांड–III | 0.007 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 10 | 14 | 1407 | नीज | टांड–III | 0.007 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 11 | 19 | 1408 | नीज | टांड–III | 0.015 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 12 | 11 | 1409 | नीज | टांड–III | 0.01 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 13 | 11 | 1410 | नीज | टांड–III | 0.009 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 14 | 07 | 1411 | नीज | टांड–III | 0.015 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 15 | 05 | 1412 | नीज | टांड–III | 0.007 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 16 | 16 | 1413 | नीज | टांड–III | 0.02 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 17 | 10 | 1414 | नीज | टांड–III | 0.015 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 18 | | 1415 | नीज | टांड–III | 0.006 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 19 | 22 | 1416 | नीज | टांड–III | 0.003 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 20 | 20 | 1417 | नीज | टांड–III | 0.003 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 21 | | 1418 | नीज | टांड–III | 0.006 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 22 | 21 | 1419 | नीज | टांड–III | 0.003 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 23 | 09 | 1420 | नीज | टांड–III | 0.003 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 24 | | 1421 | नीज | टांड–III | 0.006 | स्कुल (शिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 25 | 07 | 1422 | नीज | टांड–III | 0.015 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 26 | 10 | 1425 | नीज | टांड–III | 0.015 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 27 | 19 | 1426 | नीज | टांड–III | 0.016 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 28 | 21 | 1431 | नीज | टांड–III | 0.008 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 30 | 14 | 1432 | नीज | टांड–III | 0.008 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 31 | 21 | 1433 | नीज | टांड–III | 0.006 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 32 | 11 | 1437 | नीज | टांड–III | 0.011 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 33 | | 1438 | नीज | टांड–III | 0.006 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 34 | 9 | 1439 | नीज | टांड–III | 0.01 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 35 | 7 | 1440 | नीज | टांड–III | 0.01 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | जितेन्द्र ठाकुर | होस्पिटल |
| 36 | 24 | 1443 | नीज | टांड–III | 0.008 | जितेन्द्र ठाकुर पिता दुखन ठाकुर | नीज | रास्ता | प्लौट 1445 | होस्पिटल |
| 37 | 20 | 1446 | नीज | टांड–III | 0.09 | निर्मल ठाकुर वगै0 पिता बोधी ठाकुर वो बाबुलाल ठाकुर वगै0 पिता जोधी ठाकुर वो सोहर ठाकुर वगै0 पिता स्व0 रामधन ठाकुर | नीज | रास्ता | नीज | प्लौट 1445 |
| 38 | 20 | 1447 | नीज | टांड–III | 0.06 | खेसरा सं0–1446 के अनुसार | प्लौट 1448 | रास्ता | प्लौट 1448 | नीज |
| 39 | 21 | 1448 | नीज | टांड–III | 0.02 | खेसरा सं0–1448 का रैयत | नीज | रास्ता | जीवलाल ठाकुर | निर्मल ठाकुर |
| 40 | | 1449 | नीज | टांड–III | 0.01 | जिबलाल ठाकुर पिता सुकर ठाकुर वो सुरेन्द्र ठाकुर वो लखन ठाकुर पिता गजाधर ठाकुर वो शिवा ठाकुर वो अमर ठाकुर पिता गजली ठाकुर वो राजकुमार ठाकुर पिता दुलार ठाकुर | नीज | रास्ता | नीज | प्लौट 1448 |
| 41 | 10 | 1450 | नीज | टांड–III | 0.06 | खेसरा सं0–1449 के अनुसार | नीज | रास्ता | बासुदेव पाण्डेय | प्लौट 1448 |
| 42 | 5 | 1464 | नीज | टांड–III | 0.04 | बासुदेव पाण्डेय वो बालमुकुंद पाण्डेय पिता ग्यादीत पाण्डेय | नीज | रास्ता | प्लौट 1465 | जिवलाल ठाकुर |
| 43 | 21 | 1465 | नीज | टांड–III | 0.018 | खेसरा सं0–1465 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1466 | प्लौट 1465 |
| 44 | 9 | 1466 | नीज | टांड–III | 0.032 | खेसरा सं0–1466 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1467 | प्लौट 1465 |
| 45 | | 1467 | नीज | टांड–III | 0.029 | खेसरा सं0–1467 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1466 | प्लौट 1478 |
| 46 | 24 | 1478 | नीज | टांड–III | 0.018 | खेसरा सं0–1478 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1469 | प्लौट 1467 |
| 47 | | 1479 | नीज | टांड–III | 0.011 | खेसरा सं0–1479 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1480 | प्लौट 1478 |
| 48 | | 1480 | नीज | टांड–III | 0.011 | खेसरा सं0–1480 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1481 | प्लौट 1479 |
| 49 | 16 | 1481 | नीज | टांड–III | 0.06 | खेसरा सं0–1481 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1483 | प्लौट 1480 |
| 50 | 26 | 1483 | नीज | टांड–III | 0.029 | खेसरा सं0–1483 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1484 | प्लौट 1481 |
| 51 | 20 | 1484 | नीज | टांड–III | 0.046 | निर्मल ठाकुर वगै0 पिता मोहन हजाम वो बाबुलाल ठाकुर वगै0 | नीज | रास्ता | प्लौट 1476 | प्लौट 1483 |
| 52 | 26 | 1487 | नीज | टांड–III | 0.024 | प्यारी कहार पिता स्व0 सुरजन राम | रास्ता | नीज | प्लौट 1486 | अलरी देवी |
| 53 | 08 | 1488 | नीज | टांड–III | 0.024 | अलरी देवी पिता दुखन राम वो तरूनी देवी पति परिया रवानी | रास्ता | नीज | प्यारी कहार | दषरथ राणा |
| 54 | 16 | 1489 | नीज | टांड–III | 0.07 | दषरथ राणा वगै0 पिता घुजा राणा, महेष राणा पिता स्व0 मोहन राणा | रास्ता | नीज | अलरी देवी | प्लौट 1490 |
| 55 | 24 | 1490 | नीज | टांड–III | 0.03 | 1490 का रैयत | रास्ता | नीज | दषरथ राणा | प्लौट 1491 |
| 56 | | 1491 | नीज | टांड–III | 0.016 | 1491 का रैयत | रास्ता | नीज | प्लौट 1490 | प्लौट 1492 |
| 57 | 24 | 1494 | नीज | टांड–III | 0.01 | हेमन गोप पिता स्व0 जगन गोप निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट 1683 | अलरी देवी |
| 58 | 16 | 1495 | नीज | टांड–III | 0.034 | खेसरा सं0–1488 के रैयत एवं अन्य | रास्ता | नीज | हेमन गोप | चिन्तामणी यादव वगै0 |
| 59 | 19 | 1496/1 | नीज | धानखेत–तीन | 0.027 | चिन्तामणी यादव पिता स्व0 धनी यादव | रास्ता | नीज | कृष्णा कुमार | प्लौट 1497 |
| 60 | 19 | 1496/2 | नीज | धानखेत–तीन | 0.0116 | कृष्णा कुमार यादव पिता स्व0 धनी यादव | रास्ता | नीज | रामावतार | चिन्तामणी यादव |
| 61 | 19 | 1496/3 | नीज | धानखेत–तीन | 0.0114 | रामावतार यादव पिता स्व0 धनी यादव | रास्ता | नीज | अलरी देवी | कृष्णा यादव |
| | | | | कुल | 1.212 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन कि लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:–

ग्राम–गारूकुरहा, थाना–बरही, थाना–सं0–18, अंचल–पदमा, जिला–हजारीबाग में **1.212** एकड़ यानि **0.4906** हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग

PR 306825 Land Reforms(23-24)#D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 13 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



### झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति ने की अधिकारियों के साथ बैठक

# वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण में विलंब से सरकार पर पड़ेगा वित्तीय बोझ : सभापति

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति सह जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय की अध्यक्षता में मंगलवार को डीसीसी शशि प्रकाश सिंह सहित जिले के सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक की। जिसमें सभापति ने धनबाद में जुडको द्वारा बन रहे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि कार्य में विलंब होने से राज्य सरकार पर वित्तीय बोझ पड़ेगा। जुडको ने 2024 तक कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसके अलावे जुडको द्वारा दो फेज में पेयजल परियोजना चल रही है। पांच सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाने हैं। पर अभी तक उसका काम शुरू नहीं हुआ है। सभापति ने कहा कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाना जितना महत्वपूर्ण है उतना ही महत्वपूर्ण उसे चलाना भी है। इसके बन जाने से प्रदूषित पानी दामोदर नदी में नहीं पहुंचेगा और नदी सुरक्षित रहेगी। योजना को लेकर इसके कंसल्टेंट के साथ पूरी रिपोर्ट पर चर्चा की गई। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान विभाग द्वारा बताया गया डीवीसी से बिजली लेकर घरेलू उपभोक्ताओं को दी जाती है। जबकि औद्योगिक इकाइयों को डीवीसी की ओर से डायरेक्ट बिजली दी जाती है। डीवीसी की इस दोहरी नीति से घरेलू उपभोक्ताओं को नुकसान होता है। सभापति ने कहा कि इस दिशा में वे सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे और डीवीसी से स्पष्टीकरण भी मांगेंगे। इसके अलावे समिति ने स्वास्थ्य विभाग, झारखंड कम्युनिकेशन नेटवर्क लिमिटेड, अटल बिहारी इन्नोवेशन लैब, झारक्राफ्ट, पर्यटन विकास, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता, परिवहन, कल्याण, भवन निर्माण, उद्योग, पथ निर्माण, वन विकास सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। बैठक में डीएफओ विकास पालीवाल, नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार, एडीएम सप्लाई योगेंद्र प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार आदि उपस्थित थे।



धनबाद में पदाधिकारियों के साथ बैठक करते झारखंड विधानभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति सह विधायक सरयू राय।

## योगेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में झामुमो में शामिल हुईं गोमिया की कई महिलाएं

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** राज्य समन्वय समिति सदस्य सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो मंगलवार को गोमिया के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान के आवास के बाहर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिया। इसी क्रम में पलिहारी गुरुडीह पंचायत की कई महिलाएं उनकी उपस्थिति में हेमंत सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हुईं। योगेंद्र प्रसाद महतो ने सभी का झामुमो परिवार में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही झामुमो परिवार के रीढ़ हैं।


कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 15/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 20.09.2023 को 1.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 21.09.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21.09.2023 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
   ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Guard room in Campus of D.C. Residence, Koderma. | 24,32,854/– | 5000/– | 49000/– | 4 माह। |
| 2. | Drilling of deep bore well in Campus of D.C. Residence, Koderma. | 3,53,888/– | 750/– | 7500/– | 1 माह। |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR 306713 Building(23-24)D


# बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की मां का निधन

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई मंत्री सांसद और विधायक ने जताया शोक





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की मां रुकवा महताईन का मंगलवार को इलाज के दौरान अशर्फी अस्पताल में निधन हो गया। 85 वर्षीय रुकवा पिछले कई दिनों से वहां इलाजरत थीं। इसकी खबर सुनते ही विभिन्न राजनीतिक दल के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, टाटा अधिकारी, श्रमिक संगठन के नेता चिटाही स्थित विधायक के आवास पहुंच शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया। लोगों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तेलमोच्चो स्थित दामोदर नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। विधायक ढुल्लू महतो ने मुखाग्नि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में सांसद पीएन सिंह, पुरुलिया के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक सरयू राय, राज सिन्हा, विरंची नारायण, टुंडी विधायक मथुरा महतो के पुत्र दिनेश महतो, सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, सिंदरी के पूर्व विधायक फूलचंद मंडल, चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान चैयरमेन डब्ल्यू बाउरी, जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर सिंह, जिप सदस्य मो इसराफिल अंसारी, जिप सदस्य हीरामन नायक, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के धनबाद प्रभारी सुरेश महतो, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सिजुआ व भेलाटांड शाखा अध्यक्ष संजय सिंह व नयनचंद महतो, जिप प्रतिनिधि जितेश रजवार, भाजपा नेता सरोज सिंह, नितिन भट्ट,मानस प्रसून, योगेंद्र यादव आदि शामिल थे। दूसरी ओर, विधायक ढुल्लू महतो की मां रुकवा महताईन के निधन की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई मंत्री, सांसद और विधायकों ने भी शोक जताया है। सभी ने इस दिवंगत की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

# केंदुआडीह से हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**एक पिस्टल, मैगजीन और जिंदा कारतूस बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** केंदुआडीह पुलिस ने सोमवार की रात दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। डीएसपी (कानून व्यवस्ता) अरबिंद कुमार बिन्हा मंगलवार को अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर उसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात केंदुआडीह की पुलिस गश्ती के लिए निकली थी। इसी बीच सूचना मिली कि अप्रैल महीने में पुटकी के एक होटल में बमबाजी कर दहशत फैलाने वाले अपराधी केंदुआडीह खटाल में छिपे हुए हैं। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चरणजीत यादव और गोपाल पासवान नामक दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक पिस्टल, दो मैगजीन और 7.55 एमएम के चार जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार दोनों किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। दोनों पर पूर्व से केंदुआडीह सहित अन्य थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज है। वहीं, छापामारी टीम में केंदुआडीह थाना के पुअनि किशोर कुमार, सअनि रघुनाथ मिंज, आरक्षी अशोक साव, यशवंत सिंह और पंकज कुमार सिंह मौजूद थे।

# पूर्णिमा नीरज सिंह ने दिया झरिया बाजार, सहित मुख्यमार्गों पर पाइपलाइन रेस्टोरेशन कार्य को जल्द समाप्त कराने का निर्देश



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने मंगलवार को नगर आयुक्त सह झमाडा के प्रभारी एमडी सत्येन्द्र कुमार से उनके कार्यालय में बैठक कर झरिया में चल रहे जलापूर्ति योजना की समीक्षा की। विधायक ने जामाडोबा फिल्टर प्लांट में लगे पुराने मोटरों को जल्द बदलकर लगाने के लिए जीएमसी कंपनी को कहा गया। साथ ही शहरी जलापूर्ति योजना के तहत 32 हजार नए कनेक्शन, झरिया बाजार, धर्मशाला रोड, टेलीफोन एक्सचेंज रोड इत्यादि मुख्य मार्गों पर बिछाए जाने वाले नए पाइपलाइन कार्य का रेस्टोरेशन कार्य को जल्द समाप्त करने को प्रभारी एमडी को कहा।

## तनाव : संवेदकों को दौड़ा-दौड़ा कर फाड़े उनके टेंडर पेपर

# टेंडर डालने को लेकर आमने-सामने हुए धनबाद के दो दबंग घरानों के समर्थक

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** कोयलांचल के दबंग घरानों के समर्थक मंगलवार को एक बार फिर आमने-सामने हो गए। इस बार मामला कोयले से जुड़ा नहीं, बल्कि नगर निगम में विकास कार्यों के लिए टेंडर डालने का था। बताया जाता है कि नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए निगम की ओर से 56 अलग-अलग कार्यों के लिए कुल 13 करोड़ रुपये का टेंडर निकाला गया था। जिसके तहत मंगलवार को संवेदक टेंडर डालने लुबी सर्कुलर रोड स्थित नगर निगम कार्यालय पहुंचे थे। पर संवेदकों का आरोप है कि कोयलांचल के दबंग घराने के लोग उन्हें टेंडर डालने से रोक रहे हैं। कईयों ने यह भी आरोप लगाया कि उनके हाथ से टेंडर पेपर लेकर फाड़ दिए गए वो भी निगम कार्यालय के अंदर मौजूद पुलिस बल की निगरानी में। दबंग घराने के समर्थक दूसरे संवेदकों को दौड़ा-दौड़ा कर उनके पेपर छीन कर फाड़ रहे थे। ऐसी झड़पें टेंडर डालने के दौरान निगम परिसर के अंदर कई बार हुई। इसी बीच दूसरे दबंग घराने के दर्जनों समर्थक पहुंच गए। धक्का मुक्की और हाथापाई के बीच टेंडर डाल के चलते बने। हालांकि कई बार पुलिस मूकदर्शक बनी देखती रही तो कई बार बीचबचाव करती दिखी। इस बाबत निगम अधिकारियों का कहना है कि परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जाएगा और उसमें जो भी संवेदक टेंडर पेपर की छीना झपटी करते या फिर दूसरे संवेदक को रोकता दिखेगा उसका टेंडर रद्द कर दिया जाएगा।

### तीन दिन पहले से शुरू हो गया था मैनेज करने का खेल

**नाम न छापने की शर्त पर कुछ संवेदकों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से धनबाद नगर निगम पर सत्तापक्ष के एक चर्चित दबंग घराने के लोगों का कब्जा है। बिना उनके सिंडिकेट में शामिल हुए निगम क्षेत्र में कोई भी टेंडर नहीं डाल सकता। या फिर बिना उनको मैनेज किये कोई दूसरा संवेदक टेंडर नहीं ले सकता है। संवेदको का कहना था कि मंगलवार के टेंडर के लिए तीन दिन पहले से ही मैनेज का खेल शुरू हो गया था। सुबह से ही एक घराने के समर्थक दबंगों की तरह निगम कार्यालय परिसर व मुख्य द्वार पर तैनात थे। ताकि सिंडिकेट से बाहर का कोई भी व्यक्ति टेंडर न डाल सके।**

## हाथी के हमले में मारी गई महिला के बेटे को मिला मुआवजा



**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत बड़की सीधाबारा पंचायत के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में बसे अंबाटांड़ में जंगली हाथियों के हमले में मारी गई अपरूगिया देवी के बेटे रितलाल महतो को गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने वन विभाग की ओर से 3.50 लाख लाख रुपये का चेक दिलाया। बतातें चलें कि वारदात की रात मृतिका अपने घर पर रात 9 30 बजे सोयी थी। बारी में लगे अरहर की फसल की आहट सुनाई देने पर वह बाहर निकल कर देखा कि जंगली हाथी फसल को छतिग्रस्त कर रहे थे। महिला कुछ समक्ष पानी इससे पहले हाथी ने देख लिया और उसे दबोच कर पटकने के बाद कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद चतरोचट्टी वनबीट ने विभागीय कार्रवाई करते हुए मुआवजा दिलाने का प्रयास किया। जिसके बाद मृतिका के पुत्र को साढे तीन लाख का चेक सौंपा गया। इस मौके पर प्रभारी वनपाल रजा अहमद, वनरक्षी विकास कुमार महतो, अमन कुमार, नारायण महतो और परण महतो आदि मौजूद थे।


OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING,
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

e-Procurement (Very Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-18/2023-24
1st Call
e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/18/2023-24 Date:-11.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) of GT Road Gujra More of Barhi Block to Village -Gujra Padariya via Padariya, Malkoko, Orparata, Khurdjabad, Dapok, Baijladih, Garjamo to Gudio Bank More Vijaya including Replacement of Culverts and Bridges, Proposal for Construction of new Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division Hazaribagh in the State of Jharkhand. ***Empandled consultant with RCD under category I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2023 are allowed to Bid.** |
| 2 | Tentative Length | 20.00 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non-refundable fee) of Rs 5,000/- (Five Thousand) only. EMD:- 2 % of the quoted amount (Net of GST) in the form of current issue of NSC, Fixed Deposits of a Scheduled Bank (all the above mentioned form of Security deposits money issued within the State of Jharkhand) and Bank Guarantee issued by any Scheduled bank anywhere in India duly pledge in favour of Executive Engineer, Soil Investigation Division, Advance Planning, Road Construction Department, Ranchi for a period of 45 days beyond the validity of Bid. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 13.09.2023,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 21.09.2023 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 21.09.2023 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 22.09.2023 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division Advance Planning,RCD, Ranchi Mob-7903169581. |

Note:-Only e-Tender shall be accepted.

Sd./-
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 306770 (Road) 23-24 (D)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,रामगढ़

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अल्पकालीन निविदा सूचना

T. Reference No. :- 07/2023-24 Date 11.09.2023

| Si. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | रामगढ़ छावनी परिषद अन्तर्गत टी०आर०डी० मोड से रंजीत यादव, राजेन्द्र यादव के घर से होते हुए स्कूल तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 9239850.00 | 185000.00 | 10000.00 | 3 Months |
| | 2 | रामगढ़ छावनी परिषद अन्तर्गत कैराबिहार स्कूल होते हुए सरना स्थल पोचरा तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। (Part-A) | 6041101.00 | 121000.00 | 10000.00 | 3 Months |
| | 3 | रेलवे फाटक हेसला से दुर्गा मंदिर काना टांड होते हुए दामोदर नदी तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। (Part-A) | 7932199.00 | 159000.00 | 10000.00 | 3 Months |
| | 4 | एन०एच० 33 बरलौंग से पंचायत सचिवालय बारलौंग तक पहुँच पथ निर्माण। | 3661978.00 | 73500.00 | 5000.00 | 3 Months |
| | 5 | दोहाकातु सुभाष चौक से पंचायत सचिवालय दोहाकातु तक पहुँच पथ निर्माण। | 1979372.00 | 40000.00 | 5000.00 | 3 Months |
| | 6 | पंचायत पूरबडीह से मुख्य सड़क तक पी०सी०सी० का निर्माण। | 894740.00 | 18000.00 | 1250.00 | 3 Months |
| | 7 | बरलंगा पंचायत बरलांग थाना से रेलवे पुल तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 7810262.00 | 156500.00 | 10000.00 | 3 Months |
| | 8 | ग्राम जोबला (नीचे टोला) में लालजी मांझी के घर से ईमली पेड तक गार्डवाल का निर्माण। | 2194463.00 | 44000.00 | 5000.00 | 3 Months |
| | 9 | ग्राम–डटमा मोड कुजू में राधा कृष्ण कोल्ड स्टोरेज से लेकर के०जी०टी० सैनिक स्कूल तक पी०सी०सी० पथ निर्माण | 1787692.00 | 36000.00 | 5000.00 | 3 Months |
| | 10 | ग्राम–डटमा में भुईयाँ टोली से डटमा बस्ती होते हुए पिण्डरा पी०ओ० ऑफिस तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 5745236.00 | 115000.00 | 10000.00 | 3 Months |
| | 11 | ग्राम–तोपा में आँगनबाड़ी केन्द्र से लेकर डटमा रोड पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 9700712.00 | 194500.00 | 10000.00 | 3 Months |
| | 12 | ग्राम–बुमरी में नीमकोचा के 2 नं० पुल से मंगर महतो के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2978295.00 | 60000.00 | 5000.00 | 3 Months |
| B) | | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 20.09.2023 को 5.00 बजे अपराह्न। | | | |
| C) | | बीड प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.09.2023 को 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | |
| D) | | परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय | 29.09.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। | | | |
| E) | | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 29.09.2023 को 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | |
| F) | | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़। | | | |
| G) | | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़ | | | |
| H) | | ई–प्रोक्युरमेंट पदाधिकारी का फोन न0 | 06553 -223193 | | | |
| I) | | ई–प्रोक्युरमेंट प्रकोष्ट का हेलपलाईन न0 | 0651-2480345 | | | |

1. परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि घट बढ़ सकती है।
2. पथ निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2146(S) दिनांक 09.09.2020 एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड रॉची के पत्रांक 2133 रॉची दिनांक 28.09.2020 में निहित प्रावधान लागू रहेगा।

नोटः– 1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट –http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,रामगढ़

PR 306819 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## न्यूज रील्स

### ममता बनर्जी 12 दिनों के विदेश दौरे पर रवाना

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 12 दिनों के स्पेन और दुबई दौरे के लिए मंगलवार को कोलकाता एयरपोर्ट से रवाना हुईं। दुबई में रात भर रुकने के बाद बुधवार सुबह ममता स्पेन की राजधानी मैड्रिड जायेंगी। मैड्रिड में ममता बिजनेस समिट में भाग लेंगी।

### सांसद नुसरत जहां से इडी ने की पूछताछ

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** टीएमसी सांसद और बंगाल की चर्चित एक्ट्रेस नुसरत जहां मंगलवार को सीनियर सिटीजन्स से फ्लैट बिक्री में करोड़ों रुपये के फ्रॉड मामले में प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुईं। जिस कंपनी पर धोखा का आरोप है, उसमें 2017 में नुसरत डायरेक्टर के पद पर थीं।

### देश के 763 सांसदों में 306 पर आपराधिक मामले

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने सांसदों पर दर्ज आपराधिक मामलों को लेकर रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया है कि देश के कुल 763 सांसदों में से 306 सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 194 सांसदों के खिलाफ हत्या और महिलाओं से अत्याचार के गंभीर केस हैं।

## भारत में हाइ-स्पीड एल्यूमीनियम रेल कोच बनेगा

# हिंडाल्को ने इटली की कंपनी मेट्रा से किया करार

- भारत में नवीनतम एल्यूमीनियम एक्सट्रूजन तकनीक लाने की योजना
- रेल डिब्बों के निर्माण में एक्सट्रूडेड एल्यूमीनियम अग्रणी भूमिका निभाता है
- हल्के एल्यूमीनियम ट्रेनों की गति, कार्बन उत्सर्जन में सुधार होता है
- रेल यात्रा के लिए सौंदर्यपूर्ण डिजाइन, विश्व स्तरीय आराम प्रदान करता है घरेलू विनिर्माण क्षमताओं में चैंपियन






आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई/इटली।** दुनिया की सबसे बड़ी एल्यूमीनियम रोलिंग और रीसाइक्लिंग कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने इटली स्थित मेट्रा स्पा के साथ एक प्रौद्योगिकी साझेदारी पर हस्ताक्षर किये हैं। जो संरचित और मूल्य वर्धित एल्यूमीनियम एक्सट्रूजन के उत्पादन में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध है। साझेदारी का उद्देश्य भारत में उच्च गति वाले एल्यूमीनियम रेल कोचों के निर्माण के लिए बड़े आकार के एल्यूमीनियम एक्सट्रूजन और फैब्रिकेशन तकनीक के उत्पादन को सक्षम करना है, जो बेहतर घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देने के भारत सरकार के दृष्टिकोण को कायम रखने में हिंडाल्को की ध्वजवाहक भूमिका को रेखांकित करता है। एल्युमीनियम निर्माण में हिंडाल्को के विशाल अनुभव और एल्युमीनियम एक्सट्रूजन, मशीनिंग और वेल्डिंग में मेट्रा की अत्याधुनिक जानकारी को मिलाकर, यह सहयोग विश्व स्तरीय तकनीक - जो वर्तमान में यूरोप, चीन, जापान और कुछ अन्य देशों तक सीमित है - को भारत में लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह गठजोड़ हिंडाल्को को भारतीय रेलवे के महत्वाकांक्षी उन्नयन कार्यक्रम को चलाने के लिए लॉन्चिंग पैड प्रदान करता है जो दुनिया का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क चलाता है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक सतीश पई ने इस मौके पर कहा, भारत में यात्री ट्रेनों के लिए एल्युमीनियम एक्सट्रूजन का एक नया युग शुरू करने के लिए मेट्रा के साथ जुड़कर हमें खुशी हो रही है। यह वाणिज्यिक वाहनों, माल ढुलाई वैगनों, इलेक्ट्रिक वाहनों और यात्री ट्रेन अनुप्रयोगों में एल्यूमीनियम के लिए हमारी क्षमता निर्माण के अनुरूप है। हमारी संयुक्त विशेषज्ञता निस्संदेह इन ट्रेनों की दक्षता, स्थायित्व और टिकाऊ प्रदर्शन को बढ़ायेगी और भारतीय रेल उद्योग के लिए नए मानक स्थापित करेगी।" रेलवे क्षेत्र में, एक्सट्रूडेड एल्युमिनियम एक अग्रणी भूमिका निभाता है, क्योंकि यह वजन में कमी और यांत्रिक शक्ति को जोड़ता है। परिवहन क्षेत्र के लिए एल्युमीनियम एक्सट्रूजन बनाने में 60 साल से अनुभवी मेट्रा, रेलवे एक्सट्रूजन के निर्माण और मशीनिंग में माहिर है, जिससे इतालवी कंपनी को रेलवे के लिए उच्च-स्तरीय उप-असेंबली डिजाइन और आपूर्ति करने की अतिरिक्त क्षमता मिलती है। मेट्रा स्पा के सीईओ एनरिको जम्पेड्री ने इस कहा कि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के साथ सहयोग प्रदर्शित करने का एक रोमांचक अवसर है । एक साथ मिलकर, हम भारत में हाई-स्पीड ट्रेन निर्माण के लिए एल्यूमीनियम एक्सट्रूजन को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार हैं। भारतीय रेलवे बुनियादी ढांचे में एक गतिशील बदलाव के दौर में है। इसी क्रम में रेल लाइनों और स्टेशनों के साथ-साथ उच्च गति वातानुकूलित गाड़ियों की शुरूआत की जा रही है। सर्वोच्च आराम और तेज यात्रा के लिए चलाई जा रही सर्वोत्कृष्ट विश्व स्तरीय वंदे भारत ट्रेनें भारत में रेल परिवहन के भविष्य का एक संकेतक हैं। 200 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से चलने के लिए डिजाइन की गयी चमचमाती, वायुगतिकीय ट्रेन, एल्यूमीनियम के उपयोग से संभव होगी। वंदे भारत ट्रेनों के लिए यात्री कोच बनाने में मदद करने के लिए, हिंडाल्को ने परियोजना के लिए 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है और प्रौद्योगिकी गठबंधन इस प्रयास के लिए अत्याधुनिक तकनीक प्रदान करेगा। उच्च गति वाले रेलवे कोचों के निर्माण में कठोर उच्च ग्रेड एल्यूमीनियम मिश्र धातु दुनिया भर में पसंदीदा धातु के रूप में उभरी है, जो अपने हल्के वजन के कारण सौंदर्यपूर्ण डिजाइन और अधिक गति को सक्षम बनाती है। यूरोप, चीन और जापान में उपनगरीय मेट्रो सिस्टम, हाई-स्पीड इंटरसिटी और लंबी दूरी की रेल यातायात एल्यूमीनियम रेलकोच का उपयोग करती है। हालांकि एल्यूमीनियम रेलकोचों के लिए अग्रिम लागत थोड़ी अधिक है लेकिन रेल के बुनियादी ढांचे और कार्बन उत्सर्जन सहित लंबी अवधि में यह बचत महत्वपूर्ण है। एल्यूमीनियम का उपयोग कम वायुगतिकीय प्रतिरोध, ट्रांसमिशन हानि के कारण ऊर्जा दक्षता में काफी वृद्धि करता है और रोलिंग स्टॉक में कम टूट-फूट का कारण बनता है। पिछले अक्टूबर में, हिंडाल्को ने भारत का पहला ऑल-एल्युमीनियम लाइटवेट फ्रेट रेक लॉन्च किया, जो न केवल उच्च गति और प्रति ट्रिप अधिक पेलोड सक्षम कर रहा है, बल्कि अपने जीवनकाल में 14,500 टन से अधिक उड़ 2 बचायेगा। कंपनी आने वाले महीनों में सीमेंट और खाद्यान्न जैसी विशिष्ट वस्तुओं को लक्षित करते हुए माल ढुलाई वैगनों के तीन और डिजाइन पेश करने की योजना बना रही है।

### हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के बारे में

हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख धातु कंपनी है। अपनी सहायक कंपनी नोवेलिस के साथ, हिंडाल्को फ्लैट रोल्ड उत्पादों में वैश्विक नेता और एल्यूमीनियम का दुनिया का सबसे बड़ा रिसाइक्लर है। 10 देशों में 52 विनिर्माण इकाइयों तक फैली वैश्विक पहुंच के साथ, कंपनी नवीन समाधानों के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हिंडाल्को को 2020, 2021 और 2022 में डॉव जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स (डीजेएसआई) में दुनिया की सबसे टिकाऊ एल्यूमीनियम कंपनी का दर्जा दिया गया था।

### मेट्रा के बारे में

इटली में स्थित मेट्रा स्पा, एल्यूमीनियम एक्सट्रूजन के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध नाम है ।
कंपनी उच्च प्रौद्योगिकी सामग्री एल्यूमीनियम एक्सट्रूजन का उत्पादन करती है। रेलवे, यांत्रिकी, औद्योगिक, ऑटोमोबाइल और वास्तुकला अनुप्रयोगों के लिए कंपनी के विश्व निर्माण समाधान की स्थिति ने लगातार उद्योग को स्थापित किया है मानक, इसे विश्व स्तर पर नवीन परियोजनाओं के लिए एक विश्वसनीय भागीदार बनाते हैं।

# सौम्यरंजन पटनायक को पार्टी उपाध्यक्ष पद से हटाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




Sankha Bhawan
BJD
BIJU JANATA DAL
September 12, 2023
Office Order
Shri Soumya Ranjan Patnaik, Vice-President, Biju Janata Dal is hereby removed from the post of Vice-President with immediate effect.
(Naveen Patnaik)
President
President
BIJU JANATA DAL
ODISHA

**भुवनेश्वर।** बीजेडी के वरिष्ठ नेता सौम्यरंजन पटनायक को उपाध्यक्ष पद से हटाया गया। बिजेडी सुप्रीम ने खंडपड़ा विधायक को पार्टी उपाध्यक्ष पद से हटा दिया है। सौम्यरंजन पटनायक ने उनके संवाद अखबार में संपादकीय लिखकर विवादों में थे। बीजेडी विधायक सौम्यरंजन पटनायक मुश्किल में फंस गए हैं। कुछ दिनों से एक के बाद एक बीजेडी नेता सौम्यरंजन के संपादकीय को लेकर उन पर निशाना साध रहे थे और आज उन्हें पार्टी के उपाध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। वहीं सौम्यरंजन ने खुद इस पर एक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि नबीन पटनायक पार्टी अध्यक्ष का निजी मामला है कि वह किसे किस पद पर नियुक्त करें और किसे हटाएं। उन्होंने मुझे उपाध्यक्ष नियुक्त किया और अब उन्होंने मुझे हटा दिया है, इसलिए इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है।' उन्होंने कहा, उपाधक्ष के रूप में मैं क्या कर रहा था कि अब मैं उस पद को खोने पर अफसोस व्यक्त करूंगा।' सबसे बड़ी बात यह है कि सौम्यरंजन ने जिस पत्र में सौम्यरंजन को पार्टी के उपाध्यक्ष पद से हटाया है, उसमें मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के हस्ताक्षर पर भी संदेह जताया है। उन्होंने कहा कि यह संदेह है कि यह हस्ताक्षर असली है या नकली। उन्होंने इसकी वजह बताते हुए कहा कि एक सप्ताह पहले मैंने माननीय मुख्यमंत्री नबीन पटनायक से मिलने के लिए 2 मिनट का समय मांगा था। लेकिन "मुझे मुलाकात करने के लिए समय नहीं मिला, बल्कि मुझे आज उपाधक्ष पद से बर्खास्तगी का आदेश मिला." उन्होंने कहा, इस कारण यह संदेह है कि बर्खास्तगी पत्र पर हस्ताक्षर असली हैं या नकली। वहीं, इस बात पर भी सवाल उठ रहा है कि सौम्यरंजन को बिना कोई कारण बताए पद से कैसे हटा दिया गया. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यह बात वही कह सकता है जिसे उपाध्यक्ष पद से हटाया है।







| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# सतत कृषि पर पुस्तक का विमोचन किया गया




आजाद सिपाही संवाददाता

**लेखकों का परिचय दिया और 12 अध्याय की पुस्तक के बारे में जानकारी प्रदान की**

**भुवनेश्वर।** विद्याधर महारणा और प्रोफेसर सुबोध कुमार साहू द्वारा लिखित सस्टेनेबल एग्रीकल्चरः थ्योरी एंड प्रैक्टिस नामक पुस्तक का पिछले रविवार को यहां एक विशेष कार्यक्रम में उन्मोचन किया गया। पुस्तक का विमोचन राजस्व परिषद के पूर्व सदस्य डॉ अरविंद बेहेरा, डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) के पूर्व कुलपति प्रोफेसर आर। पी महांति और काशीपुर में अग्रगामी के निदेशक अच्युत दास ने किया। इस कार्यक्रम में कई वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। डॉ अमिय बेहेरा ने लेखकों का परिचय दिया और 12 अध्याय की पुस्तक के बारे में जानकारी प्रदान की।
उन्होंने कहा कि यह पुस्तक छात्रों, शोधकर्ताओं, राजनेताओं और प्रशासनिक सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए उपयोगी होगी। पी के पाइकराय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# केरल में निपाह वायरस से दो की मौत

**केंद्र ने एक्सपर्ट्स की टीम भेजी, राज्य सरकार ने कंट्रोल रूम बनाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोझीकोड।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को बताया कि केरल के कोझिकोड जिले में दो मौतें निपाह वायरस के कारण हुई थीं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हमने स्थिति का जायजा लेने और इससे निपटने में राज्य सरकार की मदद के लिए एक्सपर्ट्स की एक टीम भेजी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक केरल में निपाह वायरस से पहली मौत 30 अगस्त को हुई थी। वहीं, दूसरी मौत 11 सितंबर को हुई थी। स्वास्थ्य मंत्री ने स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है। उधर, केरल में चार अन्य लोगों के सैंपल निपाह वायरस की जांच के लिए पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजे गये हैं। राज्य में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है और लोगों को मास्क पहनने की सलाह दी गयी है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने 12 सितंबर को एक पोस्ट कर कहा कि सरकार निपाह वायरस से हुई दो लोगों की मौत पर गंभीर है। स्वास्थ्य विभाग ने कोझिकोड में अलर्ट जारी किया है। जो लोग मृतकों के संपर्क में थे, उनके बारे में पता किया जा रहा है। अभी तक राज्य में आधिकारिक तौर पर निपाह के फैलने की घोषणा नहीं की गयी है। केरल के कोझिकोड और मलप्पुरम जिले में साल 2018 में निपाह वायरस से 17 लोगों की मौत हुई थी। इससे पहले निपाह वायरस का मामला 2019 में कोच्चि में सामने आया था। वहीं, 2021 में भी कोझिकोड में निपाह वायरस का एक केस मिला था। निपाह एक जूनोटिक वायरस है। यह चमगादड़ और सूअर जैसे जानवरों से इंसानों में फैल सकता है। इस बीमारी की मृत्यु दर बहुत अधिक है। अब तक इसका कोई ट्रीटमेंट या टीका उपलब्ध नहीं है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, निपाह वायरस सिर्फ जानवरों से नहीं बल्कि एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी फैलता है। अगर ये लक्षण 1-2 हफ्ते तक रहते हैं तो डॉक्टर से संपर्क करें।

















# नयी संसद में अधिकारी गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट पहनेंगे

## कमल के फूल के प्रिंट वाली शर्ट, खाकी रंग की पैंट, मार्शलों के लिए मणिपुरी पगड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। पहले दिन की कार्यवाही पुरानी संसद में होगी। वहीं, 19 सितंबर को नयी संसद में कामकाज शुरू हो जायेगा। नये संसद भवन में जाते समय संसद कर्मचारी नयी ड्रेस पहनेंगे। इस ड्रेस में नेहरू जैकेट और खाकी रंग की पैंट को शामिल किया गया है। ब्यूरोक्रेट्स बंद गले सूट की जगह मैजेंटा या गहरे गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट पहनेंगे। उनकी शर्ट भी कमल के फूल के डिजाइन के साथ गहरे गुलाबी रंग में होगी। यह यूनिफॉर्म नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ने बनायी है। दोनों सदनों में मार्शलों की ड्रेस में भी बदलाव किया गया है। अब वे मणिपुरी पगड़ी पहनेंगे। इसके अलावा संसद भवन के सुरक्षाकर्मियों की ड्रेस भी बदली जायेगी। सफारी सूट की जगह उन्हें सेना की तरह कैमोफ्लॉज ड्रेस दी जायेंगी। संसद कर्मियों की नयी यूनिफॉर्म पर कांग्रेस ने निशाना साधा है।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**